सुप्रभात
रांची, शनिवार
06.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net चैत, कृष्ण पक्ष, द्वादशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 262 | 14 | यूपीआइ से भी खातों में जमा होंगे रुपये






## न्यूज डायरी

### इडी की शिकायतवाद को हेमंत दी चुनौती

**रांची।** हेमंत सोरेन ने रांची सीजेएम कोर्ट से जारी समन को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। ईडी द्वारा समन के आदेश का अनुपालन नहीं करने को लेकर अदालत में दाखिल शिकायतवाद पर अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी। बुधवार को मामले में सुनवाई की तारीख निर्धारित थी, लेकिन इस दौरान हेमंत सोरेन की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ, जिसके बाद कोर्ट के संज्ञान लेने के बाद उपस्थिति के लिए समन जारी किया गया है। वहीं, हेमंत सोरेन ने सीजेएम कोर्ट से जारी समन को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

### गठबंधन से घबरा गयी है भाजपा: दीपंकर

**गिरिडीह।** भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा है कि भजपा, इंडिया गठबंधन से घबरा ग्गयी है। भाजपा सरकार की ओर से कई जगहों पर विपक्षी सरकार को गिराने की कोशिश की जा रही है। विधायकों को खरीदा जा रहा है और जहां खरीदने में विफलता हो रही है, वहां नेताओं को जेल में डाला जा रहा है।

### तीन वाहनों से 42 लाख रुपये बरामद

**रांची।** लोकसभा चुनाव को ले कर चेक पोस्ट पर तीन वाहनों से 42 लाख रुपये बरामद किये गये। इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर एक वाहन से 34 लाख 74 हजार 9 सौ रुपए बरामद किया हैं। वहीं झारखंड-यूपी सीमा पर स्थित बिलासपुर चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान दो वाहनों से पांच लाख रुपये नकद बरामद किये गये।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 66300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 84000 रु./प्रति किलो |




## अग्निपथ योजना खत्म करेंगे, नोटबंदी, पीएम केयर फंड और चुनावी बॉन्ड की जांच का वादा

# कांग्रेस का घोषणा पत्र न्याय का दस्तावेज : खड़गे

### घोषणा-पत्र के वादे

- न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी
- सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 12 तक मुफ्त शिक्षा
- एक राष्ट्र एक चुनाव का विचार स्वीकार नहीं
- 2025 के विधानसभा चुनावों में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण
- जांच-खुफिया एजेंसियों की बेवगाम शक्तियों में कमी
- 30 लाख नौकरी, गरीब महिलाओं को एक लाख सलाना



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने गुरुवार को कहा कि पार्टी ने आम चुनाव 2024 का घोषणा पत्र जारी कर दिया है और यह महज चुनावी घोषणा पत्र नहीं बल्कि न्याय का दस्तावेज है जिसे इतिहास में एक राजनीतिक दस्तावेज के रूप में याद किया जायेएगा। श्री खडगे ने कहा, हमारा ये घोषणापत्र देश के राजनीतिक इतिहास में न्याय के दस्तावेज के रूप में याद किया जायेगा। हमने 2024 के आम चुनाव के घोषणापत्र में जनता के बुनियादी मसलों को प्राथमिकता दी है और अर्थतंत्र को ध्यान में रखा है। शुक्रवार को जारी घोषणा पत्र को कांग्रेस पार्टी ने न्याय पत्र नाम दिया गया है। ये मेनिफेस्टो 5 न्याय और 25 गारंटी पर आधारित है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने कांग्रेस मुख्यालय में घोषणापत्र जारी किया।

### घोषणा पत्र के कुछ प्रमुख वादे

कांग्रेस के घोषणा पत्र की बड़ी बातों की अगर बात की जाये तो इसमें केंद्र सरकार में 30 लाख नौकरियां, गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना, जाति जनगणना, एमएसपी को कानूनी दर्जा, मनरेगा मजदूरी 400 रुपये, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग रोकने और पीएमएलए कानून में बदलाव का ऐलान किया गया है। साथ ही सच्चर कमेटी की सिफारिशों को लागू करने की भी घोषणा की है। घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय-पर आधारित है. पार्टी ने युवा न्याय के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है। ये देश के सामाजिक-आर्थिक विकास की गति को बहुत तेज करेगा। किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं, गरीबों और वंचित तबकों के विकासके बंद दरवाजे खोलेगा। मनरेगा में भी 400 रुपए रोज न्यूनतम मजदूरी मिलेगी और हिस्सेदारी न्याय में सामाजिक-आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति और हर वर्ग की गिनती या जातीय जनगणना होगी।

### भाजपा में गये भ्रष्ट लोगों की जांच होगी

उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस अग्निपथ योजना को खत्म कर देगी और सेना, नौसेना और वायु सेना द्वारा अपनाई जाने वाली सामान्य भर्ती प्रक्रियाओं पर लौट आएगी जो हमारे सैनिकों के लिए आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देगी। नोटबंदी, रफाल सौदा, पेगासस मामला, पीएम केयर फंड और चुनावी बॉन्ड आदि की जांच करायी जाएगी। साथ ही भाजपा में शामिल हुए उन लोगों की जांच भी होगी जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप थे और बाद में कार्रवाई नहीं हुई।

## गांडेय से कल्पना लड़ेंगी, 21 को न्याय उलगुलान महारैली

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कल्पना सोरेन गांडेय विधासभा उपचुनाव में झामुमो की प्रत्याशी होंगी। शुक्रवार को सीएम आवास में हुई पार्टी की बैठक में उनके नाम पर मुहर लगी। बैठक में आप की तर्ज पर झामुमो ने रांची में न्याय उलगुलान महारैली करने का निर्णय लिया है। यह महारैली 21 को प्रभात तारा मैदान में होगी। इसमे इंडिया गठबंधन दल के राहुल गांधी, खड़गे, ठाकरे समेत तमाम बड़े नेता शामिल होंगे। झारखंड में जेएमएम उसी दिन लोकसभा चुनाव के लिए शंखनाद करेगा। जेएमएम की विधायकों और सांसदों की आयोजित बैठक में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ झारखंड की राजनीति हालात पर पर चर्चा की गयी। बैठक में सीएम चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन के साथ-साथ सभी विधायक और संसाद मौजूद थे। महारैली से केंद्र की तानाशाही को संदेश दिया जायेगा। चंपाई सोरेन ने कहा कि यह रैली इतनी ऐतिहासिक होगी जो पहले कभी रांची में न हुआ है और न ही आगे होगा। (शेष 11 पर)

### झामुमो की बैठक में फैसला, बनी रणनीति



### ऐतिहासिक होगी 21 की महारैली : चंपई

बैठक में सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि यह रैली इतनी ऐतिहासिक होगी। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ यह आक्रोशित लोगों की रैली होगी, जिसमें पूरे भारतवर्ष से भाजपा को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया जायेगा। यह न्याय उलगुलान होगा। एक-एक वोट भाजपा पर चोट होगा। वहीं कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत जी अभी अंदर है, आपकी ताकत से ही वह मजबूती के साथ संघर्ष कर रहे हैं। यही ताकत रैली और चुनाव में भी दिखनी चाहिए।

### मोदी सरकार के खिलाफ होग उलगुलान

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह रैली केवल झामुमो की नहीं होगी। ऐसी विशाल जनरैली झारखंड में आज तक किसी ने नहीं की होगी। बैठक से बाद सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव अन्याय के विरोध में होगा. केंद्र की तानाशाह सरकार के खिलाफ ये महारैली होगी। वहीं मथुरा महतो ने कहा कि मुंबई में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन पर हुई रैली और दिल्ली के रामलीला मैदान में मार्च में हुई आम आदमी पार्टी की लोकतंत्र बचाव महारैली के बाद 21 अप्रैल को तीसरा मौका होगा जब देशभर के इंडिया ब्लॉक के सभी बड़े नेता मंच पर दिखेंगे।

## एनसीइआरटी की किताबों में कई बदलाव

### बाबरी मस्जिद, गुजरात दंगे, हिंदुत्व की राजनीति हटी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीइआरटी) द्वारा पुस्तकों के सार्वजनिक किये गये संशोधनों के नये सेट में ढेरों बदलाव किये गये हैं। एनसीइआरटी ने नये संस्करण की किताबों से बाबरी मस्जिद, हिंदुत्व की राजनीति, 2002 के गुजरात दंगों और अल्पसंख्यकों के जुड़े कुछ संदर्भ हटा दिये गये हैं। यह बदलाव कक्षा 11 और 12 की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में भी किया गये हैं। इस किताब को एकेडमिक सेशन 2024-25 से लागू कर दिया जायेगा। जानकारी के अनुसार, एनसीइआरटी ने कहा कि बदलाव नियमित अद्यतनीकरण का हिस्सा हैं। नए पाठ्यक्रम ढांचे (एनसीएफ) के अनुसार नई पुस्तकों के विकास से जुड़े हैं। एनसीईआरटी की पाठ्यक्रम मसौदा समिति द्वारा तैयार किए गए परिवर्तनों का विवरण देने वाले एक दस्तावेज के अनुसार, राम जन्मभूमि आंदोलन के संदर्भों को राजनीति में नवीनतम विकास के अनुसार बदल दिया गया है। अयोध्याः राजनीति विज्ञान के 'भारतीय राजनीतिः नये अध्याय' नाम के आठवें चैप्टर में अयोध्या विध्वंस का संदर्भ हटा दिया गया है। राजनीतिक लामबंदी की प्रकृति के लिए राम जन्मभूमि आंदोलन और अयोध्या विध्वंस की विरासत क्या है, इसे बदलकर राम जन्मभूमि आंदोलन की विरासत क्या है, कर दिया गया है। उसी अध्याय में बाबरी मस्जिद और हिंदुत्व की राजनीति के संदर्भ भी हटा दिये गये है। एनसीईआरटी का कहना है कि ऐसा इसलिए किया गया है, ताकि सवालों के जवाबों को नए बदलाव के साथ जोड़ा जा सके। 11वीं कक्षा की पाठ्यपुस्तक में धर्मनिरपेक्षता पर अध्याय 8 में पहले कहा गया था, 2002 में गुजरात में गोधरा के बाद हुए दंगों के दौरान 1,000 से अधिक लोगों का नरसंहार किया गया था, जिनमें ज्यादातर मुस्लिम थे। अब इसे बदल दिया गया है क्योंकि 2002 में गोधरा के बाद गुजरात में हुए दंगों के दौरान 1,000 से अधिक लोग मारे गये थे। बदलाव के पीछे एनसीईआरटी का तर्क यह है कि किसी भी दंगे में सभी समुदायों के लोगों को नुकसान होता है। यह सिर्फ एक समुदाय नहीं हो सकता। (शेष 11 पर)

### पलामू से राजद ने ममता भुइंया को दिया टिकट

**रांची।** पलामू लोकसभा सीट पर आखिरकार राजद ने अपना सिंबल ममता भुइंया को दे दिया है। झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने इसका आधिकारिक एलान कर दिया है। अब चतरा में भी उम्मीदवार देने की तैयारी चल रही है। पार्टी ने ममता भुइयां को आधिकारिक तौर पर अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। दो दिनों पहले उन्होंने सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की थी। हालांकि झारखंड में अभी भी इंडिया ब्लॉक की तस्वीर साफ नहीं हुई है। ममता भुइयां मूल रूप से पलामू के सिंगरा की रहने वाली हैं। उन्होंने ने करीब दो वर्ष पहले भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। करीब एक महीना पहले ममता ने राजद ज्वाइन किया था।

### झारखंड के पहले ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो का निधन



**रांची।** झारखंड के पहले ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो (72) का रांची में निधन हो गया है। वह गुरुवार की रात 11 बजे लालपुर स्थित अमरावती अपार्टमेंट स्थित अपने फ्लैट के बाथरूम में बेहोश होकर गिर गये थे, जिसके बाद परिजन उन्हें लालपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन पर राज्यपाल, सीएम , स्पीकर समेत तमाम नेताओं ने दुख जताया है। लालचंद महतो ने अपनी राजनीति भारतीय जनसंघ से शुरू की थी। बाद में उनपर लोकनायक जयप्रकाश नारायण का प्रभाव रहा और वे समाजवादी विचारधारा की ओर मुड़ गये। आपातकाल के बाद हुए 1977 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर डुमरी सीट पर चुनाव लड़ा, जिसमें उन्होंने जीत भी दर्ज की।

## घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारी बचाओ रैली कर रहा है : मोदी

# भगवान राम का नाम लेने से डर रहे कांग्रेसी

एजेंसी

**चुरु (राजस्थान)।** पीएम मोदी ने कांग्रेस पर दस साल पहले के वर्षों में इनके बड़े बड़े घोटालों एवं लूट के के कारण देश के खस्ता हाल हो जाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि अब जब परिवारवादी भ्रष्टाचारियों की लूट का हिसाब होने लगा है तो विपक्ष के घमंडिया गठबंधन के लोग चुनावी रैलियों की जगह भ्रष्टाचार बचाओं की रैलियां कर रहे है। उनेहोंने कहा कि कांग्रेस ने तो राम मंदिर पर एडवाइजरी जारी की थी। उन्होंने अपने लोगों से मुंह पर ताला लगाने को कहा था। उन्हें तो भगवान राम का नाम लेने भी डर लगता है। उन्हें लगता है कि भगवान राम पर कुछ बोला तो कहीं राम-राम न हो जाये। पीएम मोदी शुक्रवार को राजस्थान के चूरू में पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। (शेष 11 पर)




### राम को काल्पनिक बताते थे

पीएम मोदी ने कहा कि घमंडिया गठबंधन के लोगों ने भगवान राम को काल्पनिक बताया था। राम के वजूद को न मानने वालों व बार-बार सबूत मांगने वालों ने हमारी आस्था को ठेस पहुंचाने का काम किया। ऐसे में अब देश की जनता इस अपमान का आगामी लोकसभा चुनाव में बदला लेगी। कोई भी देशवासी इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगा। इन परिवारवादी भ्रष्टाचारियों को देश की जनता सबक सिखायेगी। अयोध्या में राम मंदिर का सपना पूरा हुआ। कांग्रेस खुलेआम हमारी आस्था का अपमान कर रही थी। देश ने कांग्रेस के पापों की हमेशा कीमत चुकायी है। हमारा देश, हमारी आस्था का घोर अपमान देश सह नहीं सकता है।

**अर्थव्यवस्था चौपट कर दिया था**

कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि 10 साल पहले कांग्रेस के बड़े-बड़े घोटाले से अर्थव्यवस्था चरमरा गयी थी। पहले घर बनाने की जो योजनाएं आती थी, उसमें गरीब के नाम का पैसा पार्टियां और अधिकारी खा जाते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। उन्होने कहा कि मोदी ने जो 10 सालों में किया है, वो तो ट्रेलर है। आगे और भी बहुत से काम होने बाकी हैं।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संथाल परगना के भ्रमण के दौरान साहेबगंज के दुर्गम क्षेत्र में मतदान केंद्रों की ली जानकारी

**वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं से की बात, दुर्गम क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाओं का लिया जायजा**

# 92 वर्षीय खलील का जुड़ेगा नाम, पहली बार डालेंगे वोट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शुक्रवार को साहेबगंज, मंडरो के दुर्गम क्षेत्र में अवस्थित मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया एवं गांवों में जाकर वरिष्ठ, दिव्यांग मतदाताओं से मुलाकात की। श्री कुमार ने बड़खोरी गांव के 92 वर्षीय वरिष्ठ एवं दिव्यांग नागरिक खलील अंसारी से मिले और मतदाता सूची में उनका नाम की जानकारी ली। खलील ने मतदाता सूची में नाम नहीं होने के कारण कभी भी अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किये जाने की जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने खलील का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया तत्काल करने का निदेश दिया। उन्होंने अन्य वरिष्ठ मतदाताओं से मिलकर उनके लिए मतदान केन्द्र पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधा एवं अन्य व्यवस्थाओं को जाना।



### इन मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय, आमझोर दक्षिण, मंडरो के मतदान केंद्र संख्या-4, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बड़खोरी प्रधान टोला मंडरो के मतदान केंद्र संख्या-9, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मोती लक्ष्मी, मंडरो के केन्द्र संख्या-10 एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रानीडीह के मतदान केन्द्र संख्या-13 का औचक निरीक्षण किया।

### एक किमी से अधिक दूर तक पैदल चल मतदान केन्द्र का लिया जायजा

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पैदल पहुंच पथ वाले सुदूर स्थित मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। एक किलोमीटर से अधिक दूर तक पैदल चलकर साहेबगंज के उत्क्रमित उच्च विद्यालय आमझोर दक्षिण, मंडरो के मतदान केन्द्र संख्या-4 का भी निरीक्षण कर वहां पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं का अवलोकन किया।

### अधिकारियों के साथ की बैठक, दिये सख्त निर्देश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बोरियो प्रखंड के सभागार में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मतदान केन्द्रों पर सुविधाओं एवं चुनाव की तैयारियों की कमियों को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया।

### बीएलओ को निर्देश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न मतदान केन्द्रों में बीएलओ से मतदाताओं के लिए न्यूनतम सुविधाओं एवं मतदाता जागरूकता के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर बीएलओ से मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए न्यूनतम सुविधाओं एवं मतदाता जागरूकता हेतु किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

### आदिम जनजाति की महिलाओं से की बात

संथाल भ्रमण के क्रम में शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पाकुड़ के फुलपहाड़ी की जनजातीय समूह की मारनकुड़ी हांसदा ने बताया कि उसका गउना हो गया है, कुछ दिन में पति ससुराल ले जाएंगे। वो यहां कैसे वोट डालेगी। वहीं अपनी सासू मां के साथ खरिहानी में कार्य कर रही नई बहू से उनका मतदात पहचान पत्र के बारे में पूछा तो बताया गया कि अभी विवाह की कुछ रस्में शेष हैं, जिसके बाद वो यहाँ की हो जायेगी। (इस जनजाति में विवाह प्रथा में महिला एक वर्ष पूर्व ही अपने ससुराल में आ जाती है बाद में फिर सभी परिजनों को खान पान कराकर विवाह को सम्पूर्ण माना जाता है)। इन सभी मामलों उन्होंने बीएलओ को वोटर हेल्पलाइन ऐप से इन मतदाताओं को जोड़ने का निर्देश दिया। नई बहु आई हैं तो उनके मतदात पहचान पत्र के लिए आवेदन ले लें।

## अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने देवघर जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चत करना आवश्यक : संदीप सिंह**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/देवघर।** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने शुक्रवार को देवघर जिले के मधुपुर विधानसभा अन्तर्गत मधुपुर व करौं प्रखण्ड के विभिन्न मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ संख्या 131, 191, 192, 263 व 264 का निरीक्षण करते हुए बूथों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावे बूथ निरीक्षण के क्रम में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता अपने मत का उपयोग सुनिश्चित कर सकें। आगे लोकसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन को लेकर उन्होंने मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं को सुनिश्चित करने के साथ ही मतदान केन्द्रों 80 साल से अधिक और दिव्यांग मतदाताओं को सुविधा उपलब्ध कराने के उदेश्य से किये जा रहे कार्यों को शत प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर पेयजल, विद्युतीकरण, फर्नीचर, महिला व पुरूष के लिए अलग-अलग शौचालय, रैम्प, साफ-सफाई आदि जैसे न्यूनतम सुविधाओं को दिये गये मापदण्डों के अनुरूप शत प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

इस दौरान उपरोक्त के अलावा अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर श्री आशीष अग्रवाल, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री शैलेष कुमार सिंह, संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी, बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

# सीता सोरेन ने कहा- झामुमो में गुरुजी की अब नहीं चलती

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** गुरुजी की बड़ी बहु और भाजपा नेत्री सीता सोरेन ने एक बार फिर अपने परिवार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने अपने ससुर शिबू सोरेन को लेकर ट्वीट किया है। कहा है कि झामुमो में अब शिबू सोरेन की नहीं चलती है। झामुमो में कुछ ठीक नहीं है, अगर ठीक होता तो मेरे ससुर मुझे पार्टी से निकलने ही नहीं देते।

**दुर्गा के निधन के बाद उन्हें पार्टी में नहीं दिया गया महत्व :** इधर सीता सोरेन शुक्रवार को जामताड़ा पहुंची। जहां उन्होंने जामताड़ा में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। कहा कि झारखंड में बीजेपी की सरकार बनते ही, उनके स्व. पति दुर्गा सोरेन की मौत की जांच के लिए टीम का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुर्गा जी के निधन के बाद मुझे पार्टी में कभी महत्व नहीं दिया गया। पार्टी ने कभी नहीं अपनाया। विवशता में मुझे यह कदम उठाना पड़ा। सीता सोरेन ने कहा कि झारखंड गठन का मूल उद्देश्य पीछे छूट गया है। गठबंधन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा सरकार पत्थर और जमीन की लूट में शामिल है।

**कई बार विधायक रहने के बाद भी नहीं मिला उचित सम्मान :** सीता ने कहा कि मैं कई बार विधायक रही, लेकिन पार्टी से उचित सम्मान नहीं मिला। स्व. दुर्गा सोरेन ने झामुमों के लिए बहुत काम किया, बावजूद, पार्टी ने उनके विचारों को आत्मसात नहीं किया। मैंने कई बार उनकी मौत की जांच की गुहार लगाई, जिसे अनसुना कर दिया गया। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां ही ऐसी बन गई थी कि मुझे बीजेपी जैसी विशाल पार्टी में आना पड़ा। ये विकास की पार्टी है।

# रिकॉर्ड रूम से दस्तावेजों की चोरी हो जाना जमीन घोटाले को छुपाने की बड़ी साजिश : प्रतुल शाहदेव

**मुख्यमंत्री चंपई सोरेन मामले की सीबीआई जांच का आदेश दें**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि झारखंड में जो जमीन लूट के कारनामे हुए हैं, उसका कवर अप ऑपरेशन अभी जारी है। श्री शाहदेव शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ईडी की चार्जशीट के तुरंत बाद रिकॉर्ड रूम से जमीन के दस्तावेजों को अलमारी के ताले तोड़कर चुरा लेना जमीन घोटाले को छुपाने की बड़ी साजिश है। उन्होंने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मांग की कि वह अविलंब इस मुद्दे पर सीबीआई जांच का आदेश दें। उन्होंने कहा कि ईडी की चार्जशीट के बाद तो हेमंत सोरेन और बड़गाईं की 8.86 एकड़ जमीन की लूट का सीधा नाता जुड़ता हुआ दिख रहा है। उन्होंने कहा कि झामुमो बार-बार कहता था कि हेमंत सोरेन को जमीन से कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन, चार्जशीट ने नेक्सस को स्पष्ट कर दिया कि यह उनकी ही बेनामी संपत्ति है। चार्जशीट में है कि भानु प्रताप अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर जमीन कब्जा का सिंडिकेट चलता था।



### 2010 से हेमंत सोरेन के कब्जे में रही जमीन

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि यह जमीन हेमंत सोरेन की कब्जे में 2010 से रही है। केयरटेकर संतोष मुंडा ने तो कहा कि 14-15 वर्षों से जमीन हेमंत की है। इस बात की पुष्टि अभिषेक पिंटू के प्रधान सचिव उदय शंकर और खुद अभिषेक पिंटू ने ईडी को दिए गए बयान में किया है। बल्कि पिंटू ने तो यह भी कहा है कि हेमंत सोरेन की दो और जमीनों को वेरीफाई करने के लिये उदय शंकर को कहा था। ईडी ने जो फाइल जब्त किये हैं उसमें सीएमओ अर्जेंट, भुइहरी लिखा है। ये लिखा होना ही पूरी लूट की कहानी को बयां करता है।

**खुद शोरूम जाकर हेमंत सोरेन ने बीएमडब्ल्यू कर की थी पसंद :** जिस बीएमडब्ल्यू गाड़ी के मालिकाना हक से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत इनकार कर रहे हैं, ईडी को दिये बयान में उन्होंने खुद कहा कि 28 जनवरी 2024 की रात को मैं अपनी ब्लू रंग की बीएमडब्ल्यू गाड़ी से निकला। यानी खुद मान रहे हैं कि वह उसके मालिक हैं। चार्जशीट में जिक्र है कि शोरूम में उन्होंने जाकर इस गाड़ी को खुद पसंद किया था। प्रतुल ने कहा कि रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन ने भी अपने बयान में कहा है कि पिंटू का सचिव उदय उन्हें अक्सर जमीन के वेरिफिकेशन के लिए कहा करता था। प्रतुल ने कहा अब झारखंड मुक्ति मोर्चा और हेमंत सोरेन कुछ भी कह ले लेकिन बड़गाईं की इस जमीन से उनके तार सीधे जुड़े हैं और उन्होंने सरकारी तंत्र का सहायता से इस जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा था। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिव पूजन पाठक भी उपस्थित थे।

**कल्पना के बयान पर बाबूलाल ने दी प्रतिक्रिया**

# कल्पना सोरेन ईडी के दायर 191 पृष्ठ का चार्जशीट पढ़ें : बाबूलाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची/मेदिनीनगर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झामुमो पर बड़ा निशाना साधा।श्री मरांडी शुक्रवार को मेदिनीनगर में पार्टी द्वारा आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ईडी द्वारा प्रस्तुत चार्जशीट हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार का दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी भाजपा पर उनके पति को परेशान करने का आरोप लगा रही हैं। उन्होंने कहा कि कल्पना सोरेन केवल ईडी द्वारा प्रस्तुत 191 पृष्ठ की चार्जशीट को अक्षरशः पढ़ लें, उन्हे हेमंत सोरेन के जेल जाने के कारण का पता चल जायेगा।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य को चौतरफा लूटा। बालू, पत्थर, कोयलाए,लोहा, जमीन सब लूटा। नाम बदल बदल कर लूटा। उन्होंने कहा कि यही नहीं रुके बल्कि युवाओं की नौकरी भी लूटवा दी। उन्होंने कहा एक तरफ भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। भ्रष्टाचारियों की बरात है दूसरी ओर भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने की मोदी की गारंटी है।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश के गरीब, दलित, आदिवासी, पिछड़े महिला सभी विकास की मुख्यधारा से जुड़े हैं। देश के 25करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये है। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट से भारत को ही नही विश्व को भारत ने मोदी के नेतृत्व में उबारा।

# प्रारंभिक शिक्षकों का वेतन स्थापना व्यय के लिए जिलों को 2200 करोड़ रुपये जारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** प्रदेश के प्रारंभिक शिक्षकों का वेतन स्थापना व्यय के लिए निदेशक शशि सिंह ने शुक्रवार को राशि जारी कर दी। वेतन मद स्थापना व्यय हेतु चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए चौबीस जिलों को 22,45,33,29,500 बाईस अरब पैंतालिस करोड़ तैंतीस लाख उन्नतीस हजार पांच सौ रुपये मात्र जारी किया गया। पत्र में कहा गया है कि झारखंड अधिनियम 03, 2024 द्वारा प्रावधानित शर्तों के अधीन संबंधित इकाइयों के विरुद्ध राशि नियमानुसार व्यय करने के लिए उपावंटित की जा सकती है। आयकर कटौती व्यावसायिक कर कटौती निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सुनिश्चित करें। अद्यतन आयकर अधिनियम के प्रावधान का पालन हो तथा समय पर रिटर्न दाखिल किया जाए। इस संबंध में राज्य सरकार के कर्मी पर लागू परिपत्र स्वतः प्रभावी होंगे। वित्तीय वर्ष एवं इसके पूर्व का बकाया वेतन के भुगतान के संबंध में संतुष्ट होकर ही भुगतान किया जाए, परंतु 15.11. 2000 के पूर्व के बकाया वेतन का भुगतान इस राशि से नहीं किया जाए। अपवाद रूप से उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से आच्छादित मामलों में 15. .11.2000 के पूर्व के बकाया वेतन का भुगतान किया जाएगा। यह जानकारी नसीम अहमद मुख्य प्रवक्ता अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने दी।

### अंगिका को 8वीं अनुसूची में दर्ज कराने को लेकर सरकार का सकरात्मक जवाब : डॉ श्रीमोहन सिंह

**रांची।** अंगिका को अष्टम अनुसूची तथा राष्ट्रीय जनसंख्या पंजी (एनपीआर) में दर्ज कराने के उद्देश्य से गृह मंत्री, भारत सरकार को स्मार पत्र डॉ श्रीमोहन सिंह ने भेजा था। शुक्रवार को उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में गृह मंत्रालय, आई एस-1 प्रभाग ने तथा भारत के महारजिष्ट्रार कार्यालय जनगणना भवन, नई दिल्ली (एनपीआर प्रभाग) के द्वारा सकरात्मक कदम उठाते हुए कृत कार्रवाई की जानकारी दी है।

# भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक पहुंचे रांची

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक शुक्रवार की शाम रांची पहुंचे। श्री आलोक का एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से उन्हें बिहार और झारखंड का मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गयी है। अजय आलोक ने भाजपा मुख्यालय में बैठक की। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से मीडिया विभाग की भूमिका को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों की उपलब्धियों को जनता के बीच लेकर जाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा को जनता से मिल रहा अपार स्नेह दिखाता है कि पिछले 10 वर्षों में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बदलते और आगे बढ़ते भारत को देखा है। जो अब विकसित होने की और अग्रसर है।



उन्होंने कहा कि फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार के संकल्प के साथ कार्य मे लग जायें। उन्होंने कहा कि झामुमो नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार हर क्षेत्र में जनता की गुनाहगार और धोखा देने वाली है। चाहे वह महिला हो, युवा हो, किसान हो, जनजाति समाज हो हर किसी को सिर्फ ठगा गया है। सारे गुनाहों को भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर बतायें।

बैठक में शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाहदेव, प्रदीप सिन्हा, अशोक बड़ाईक, अविनेश सिंह, रमाकांत महतो, संदीप वर्मा, राफिया नाज, अजय राय, तारिक इमरान, मुकेश सिंह, मृत्युंजय कुमार, प्रिंस कुमार, पुरुषोत्तम राय, राजीव राज उपस्थित थे।

## इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग के बाद भी कुछ सीटों पर उम्मीदवारों को करना पड़ सकता है भीतरघात का सामना

# मिशन 2024 को लेकर इंडिया गठबंधन का शीर्ष नेतृत्व गंभीर नहीं, संभावित टिकट की आस में बैठे हैं दावेदार

सत्येन्द्र

**रांची।** मिशन 2024 को लेकर झारखंड में इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियां पूरी तरह से चुनावी मोड में नहीं आयी हैं और उम्मीदवारों के नामों की घोषणा तक नहीं कर पायी है। वहीं दसरी ओर एनडीए ने झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। घोषित एनडीए प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान की शुरूआत भी कर चुके हैं। रणनीति बनाकर अपने-अपने क्षेत्र में स्टार प्रचारकों के माध्यम से आमसभा कराने की जुगत में जुट गये है। दूसरी ओर इंडिया गठबंधन ने अभी तक झारखंड के 14 लोकसभा क्षेत्रों में से मात्र छह लोकसभा क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों के नामों की ही घोषणा की है। इसमें खूंटी से कांग्रेस के कालीचरण मुंडा, हजारीबाग से जयप्रकाश पटेल, लोहरदगा से सुखदेव भगत का नाम शामिल है। वहीं झामुमो ने गिरिडीह से मथुरा महतो एवं दुमका से नलिन सोरेन के नाम घोषणा की है। वहीं भाकपा माले ने कोडरमा से विधायक विनोद सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा इंडिया गठबंधन दलों ने शेष सीटो पर उम्मीदवारों के नामों की धोषणा अभी तक नहीं की है। हलाकि हर सीट से कई दावेदार हैं, लेकिन अंतिम में किसे टिकट मिलेगा, इसकी आशा में दावेदार टकटकी लगाकर बैठे हैं।

इसके पीछे भले ही झारखंड के इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के शीर्ष नेता यह कह कर अपना पल्ला झाड़ लें रहे है कि अभी झारखंड में चुनाव में देरी है, ठोक-बजा कर प्रत्याशी उतारा जाएगा। मगर, इसका मैसेज जनता के साथ कार्यकर्त्ताओं के बीच सही नहीं जा रहा है। देखा जाय तो एनडीए के प्रत्याशी रणनीति और तैयारी में आगे निकल चुके हैं।

### लोस सीटों के लेकर नहीं थम रहा है विवाद

इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग का फर्मूला तय हो जाने के बाद भी कुछ सीटों को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गठबंधन के तहत कांग्रेस की ओर से लोहरदगा सीट पर प्रत्याशी घोषित किये जाने के बावजूद झामुमो अपने विधायक चमरा लिंडा को मजबूत प्रत्याशी करार देते हुए इस सीट पर दावा करने से पीछे नहीं हट रहा है। कमोबस पलामू एवं चतरा सीट में एक सीट कांग्रेस, राजद को देना चाहती है। मगर, राजद ने दोनों सीटों अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी है। स्थिति यह है कि शुक्रवार को राजद ने पलामू सीट पर प्रत्याशी के रूप में ममता भुईया के नाम की घोषणा कर दी है और चतरा सीट पर अपनी दावेदारी बनाये हुए है।

### इन सीटों पर भीतरघात की संभावना

गठबंधन की ओर से प्रत्याशियों के नामों की घोषणा हो जाने के बाद दावेदारी को लेकर भीतरघात होने की संभावना प्रबल है। लोहरदगा सीट से कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिया है। मगर चमरा लिंडा पीछे हटने को तैयार नहीं है। वे पार्टी की बात भी अनसुना करने के मूड में हैं। अगर चमरा लिंडा लोहरदगा से निर्दलीय या किसी अन्य दल के सहयोग से उतरते हैं, तो कांग्रेस प्रत्याशी के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। इसी तरह झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम राजमहल से अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं। मगर पार्टी सीटिंग एमपी विजय हांसदा को ही फिर से उतारने के मूड में है। अगर हांसदा उतरे, तो लोबिन निर्दलीय या झापा के सहयोग से उतर सकते हैं। इससे विजय हांसदा की जीत की राह कठिन हो सकती है। कुछ इसी तरह गठबंधन में सीट शेयरिंग के तहत कोडरमा सीट से माले ने विनोद सिंह को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी ने दावा किया है कि गठबंधन की सहमति है। मगर झामुमो नेता प्रो. जेपी वर्मा ने यह कह कर विनोद सिंह की राह में रोड़ा अटका दिया है कि कोडरमा से विनोद सिंह माले प्रत्याशी हैं, इंडिया गठबंधन के नहीं। वे हर हाल में कोडरमा से चुनाव लड़ेंगे। इधर भाजपा के पूर्व सांसद रहे रामटहल चौधरी कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। रांची सीट होल्ड पर है। अगर कांग्रेस चौधरी को चुनाव मैदान में उतारती है, तो उसे सुबोधकांत सहाय के समर्थकों का भीतरघात झेलना पड़ सकता है।

# दुमका हॉट सीट पर अब चाचा और भतीजी की होगी टक्कर

**नलिन सोरेन रिश्ते में सीता सोरेन के लगते हैं चाचा**

उदय चौहान





**रांची।** दुमका लोकसभा सीट पर अब चाचा-भतीजी के बीच खेला होगा। भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन के सामने झामुमो के नलिन सोरेन चुनावी लड़ाई में हैं। दरअसल, नलिन सोरेन रिश्ते में सीता सोरेन के चाचा लगते हैं। अब चाचा-भतीजी के बीच राजनीतिक संघर्ष रोचक होने वाला है। दिलचस्प होगा कि झामुमो के गढ़ संथाल परगना में शिबू सोरेन का आशीर्वाद बड़ी बहू सीता सोरेन को मिलता है कि नहीं। पाला बदलकर भाजपा के टिकट पर यहां से चुनाव लड़ रही उनकी बड़ी बहू सीता सोरेन झामुमो को चुनौती दे रही हैं। हालांकि झामुमो ने इस सीट को पारिवारिक प्रतिष्ठा का विषय नहीं बनने दिया है। यही वजह है कि जेल से ही पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन या उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के दुमका से चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम लगाते हुये पार्टी के वरिष्ठ नेता नलिन सोरेन को मैदान में उतारा है।

अभी सीता सोरेन शिबू सोरेन या झामुमो के किसी नेता के खिलाफ खुलकर नहीं बोल रही हैं। वहीं, झामुमो के किसी नेता की ओर से भी सीता सोरेन पर हमला नहीं किया जा रहा है। हालांकि इतना तय है कि इस बार सीता सोरेन और झामुमो के शिकारीपाड़ा से लगातार सात बार विधायक रह चुके नलिन सोरेन के बीच कड़ा मुकाबला होना तय है। दोनों ने एक-दूसरे के प्रति आदर भी व्यक्त किया है। बकौल सीता सोरेन ने कहा कि नलिन सोरेन चाचा हैं और उनसे आशीर्वाद लेकर ही हम दुमका में कमल का फूल खिलायेंगे। इस सवाल पर कि दुमका सीट से उनके श्वसुर शिबू सोरेन की प्रतिष्ठा जुड़ी है और झामुमो के खिलाफ दंगल में उतर रहीं हैं तो शिबू सोरेन के खिलाफ क्या कहेंगी के जवाब में सीता ने कहा कि बाबा हमेशा मेरे अभिभावक हैं। उनसे हमेशा आशीर्वाद मिलता रहा है। उनके खिलाफ चुनाव में क्या कहेंगे, वह तो हमेशा संघर्ष किये हैं। अगर वह ठीक व स्वस्थ रहते तो मैं झामुमो में ही रहती। वहीं, झामुमो प्रत्याशी बनने के बाद जब नलिन सोरेन से यह पूछा गया कि क्या वह अपनी भतीजी सीता को विजय भवः का आशीर्वाद देंगे तो उन्होंने कहा कि आशीर्वाद तो जरूर देंगे, क्योंकि हमारे रिश्ते पूर्व जैसे ही कायम हैं और आगे भी कायम रहेंगे लेकिन चुनावी दंगल में तो दुमका में सिर्फ तीर-कमान ही चलेगा।

स्पीड न्यूज

**धनबाद पर विशेष सप्लीमेंट पेज 9 पर**

### पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा 28 सेंटर पर कल

**धनबाद।** पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा रविवार को जिले के 28 केंद्रों पर होगी। सभी केंद्रों पर परीक्षा सुबह 10 :30 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा को लेकर उपायुक्त माधवी मिश्रा, एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन तथा एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद ने शुक्रवार को संयुक्त आदेश जारी किया। आदेश के मुताबिक सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक दंडाधिकारी तथा गश्ती दल दंडाधिकारी तैनात रहेंगे। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक के प्रभार में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

### गैंग्स ऑफ वासेपुर का सदस्य बंटी खान रिम्स में भर्ती

**धनबाद।** जमीन कारोबारी नन्हे हत्याकांड के आरोप में जेल में बंद गैंग्स ऑफ वासेपुर के सदस्य बंटी खान को तेनुघाट जेल प्रशासन शुक्रवार को रांची स्थित रिम्स में बेहतर उपचार के लिए दाखिल कराया है। बंटी खान फिलहाल बोकारो के तेनुघाट जेल में विचाराधीन बंदी के रूप में धनबाद से स्थानांतरित किया गया था। तेनुघाट जेल में उसकी कमर तथा रीढ़ में तकलीफ शुरू हो गई। बंटी खान का पहले से गंगाराम हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। जिला एवं सत्र न्यायाधीश षष्टम स्वयंभू की अदालत के आदेश के बाद बंटी खान को रांची रिम्स में भर्ती कराया गया है।

### सिंदरी के पांच घरों पर हो रही है पत्थरों की बारिश

**सिंदरी।** सिंदरी के रांगामाटी के आइ एम टाइप के दस घरों में विगत कुछ दिनों से सुबह 9 बजे और शाम 5 बजे के बाद लगातार पत्थरों की बारिश क्हो रही है। आइएम 168 निवासी महेन्द्र प्रसाद ने बलियापुर थाना से लिखित शिकायत की है। उन्होंने बताया कि कई दिनों से कॉलोनी के आइएम 163 से 174 तक लगभग पांच घरों में असामाजिक तत्वों द्वारा सुबह और शाम पत्थरों की बारिश की जाती है। इससे कई घरों के कर्कट फूट गए हैं। एक महिला को हाथ में चोट भी आई है। घरों की महिलाएं आंगन में जाने से भी डर रही हैं। लोगों में दहशत का माहौल है। उन्होंने बताया कि पहले कंकड़ गिरने की आहट सुनाई देती थी। कुछ दिनों बाद से पत्थरों की बारिश शुरू हो गई। उन्होंने घटना की जांच व कार्रवाई की मांग प्रशासन से किया है।

### मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मेहंदी प्रतियोगिता

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा मतदाताओं में जागरुकता लाने के लिए वार्ड संख्या 5 स्थित झरिया पाड़ा के सामुदायिक भवन में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान व सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने कहा कि मेहंदी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद लोकतंत्र के महापर्व को निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने में लगी हुई है। प्रत्येक वार्ड में मतदाता जागरुकता के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# गिरिडीह लोकसभा सीट में त्रिकोणीय संघर्ष के आसार

**दिलचस्प होगा मुकाबला**

- वर्तमान सांसद आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी फिर बने उम्मीदवार
- झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो भी रेस में शामिल

**खतियानी भाषा संघर्ष समिति के जयराम महतो भी करेंगे जोर आजमाइस**




प्रेम कुमार

**बाघमारा।** गिरिडीह लोकसभा सीट झारखंड के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक ह। यह संसदीय सीट अनारक्षित है और इसके अंदर 6 विधानसभा क्षेत्र डुमरी, बाघमारा, गिरिडीह, बेरमो, टुंडी एवं गोमिया शामिल हैं। वर्ष 2019 के आंकड़ों के मुताबिक गिरिडीह सीट पर मतदाताओं की संख्या 16 लाख 88 हजार 854 थी, जिनमें एससी 1 लाख 90 हजार 841, जबकि एसटी लगभग 2 लाख 58 हजार 395 हैं। इसके अलावा मुस्लिम मतदाताओं की संख्या लगभग 2 लाख 86 हजार 800 है, जो कुल मतदाताओं का लगभग 17 प्रतिशत है। पुरुष मतदाताओं की संख्या 5,76,909 और महिला मतदाता 5,26,778 थे। 2019 में मतदान प्रतिशत 67.11 था, जिसमें विजेता आजसू पार्टी (आल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन) के चंद्र प्रकाश चौधरी को 6,48,277 मत मिले थे, जो कुल मतदाताओं 39.3 प्रतिशत होता है। 2019 के चुनाव में इस सीट पर दूसरे स्थान पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी जगरनाथ महतो रहे, जिन्हें कुल 3,99,930 मत प्राप्त हुए थे, कुल मतदाताओं में से 24.25 प्रतिशत आंका गया। उन्हें कुल डाले गए मतों में से 36.12 प्रतिशत मत मिला था। वर्ष 2019 में जीत का अंतर 2,48,347 का रहा था। इस लोकसभा क्षेत्र में गिरिडीह, बोकारो और धनबाद जिले के कुछ इलाके शामिल हैं, जो पहाड़ियों व जंगलों से घिरा है। यहां का प्रमुख खनिज अबरख एवं कोयला है। इसके अलावा जैनियों का प्रसिद्ध तीर्थस्थल पार्श्वनाथ भी इसी क्षेत्र में है. नोबेल पुरस्कार विजेता और महान वैज्ञानिक सर जगदीश चंद्र बसु की जन्मस्थली भी इसी इलाके में है।

वर्ष 2019 केचुनाव परिणाम के अनुसार कुल निर्वाचक 16, 49, 413, कुल वोट11, 06, 918 वोट प्रतिशत 67.11, कुल चुनाव लड़े कैंडिडेट 15, कुल पुरुष निर्वाचक 7,69,833, कुल महिला निर्वाचक, 8,79,561, थर्ड जेंडर निर्वाचक 19, कुल पुरुष वोटर 5,76,909, कुल महिला वोटर 5,26,778, थर्ड जेंडर वोटर 3, कुल पुरुष उम्मीदवार 13, कुल महिला उम्मीदवार 2 रही।

**गिरिडीह में छठे चरण में 25 मई को होगा मतदान**

वर्ष 2019 विधानसभा चुनाव के अनुसार गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के विधायकों में गिरिडीह से झामुमो के सुदिव्य कुमार, डुमरी से झामुमो के जगारनाथ महतो, (उपचुनाव के बाद बेबी देवी), गोमिया में एजेएसयूपी के लम्बोदर महतो, बेरमो से राजेंद्र प्रसाद सिंह, (उपचुनाव के बाद जयमंगल उर्फ अनूप सिंह), टुंडी से झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो, जबकि बाघमारा से भाजपा के ढुल्लु महतो शामिल हैं। मालूम हो कि झारखंड में 7 चरणों में चुनाव कराये जायेंगे, जिसके तहत छठे चरण में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान होगा। आजसू ने वर्ष 2019 के विजयी सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को फिर से मैदान में उतारा है, जबकि झामुमो ने टुंडी के विधायक मथुरा महतो को उम्मीदवार बनाया है। इधर खतियानी भाषा संघर्ष समिति के नेता जयराम महतो भी इसी सीट से भाग्य आजमाने को तैयार हैं, जिससे मुकाबला दिलचस्प होने की संभावना है।

## गिरिडीह में गठबंधन के तहत आजसू प्रत्याशी को जिताएं : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

**चुनाव संचालन समिति की बैठक में नरेंद्र मोदी के 400 पार के संकल्प की चर्चा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बाघमारा।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बाघमारा विधानसभा चुनाव संचालन समिति सह कोर कमेटी की बैठक शुक्रवार को चिटाही स्थित राम राज मंदिर के समीप हुई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा झारखंड प्रदेश प्रभारी सह राज्य सभा सांसद लक्ष्मी कांत बाजपेयी मौजूद थे। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि गिरिडीह से गठबंधन प्रत्याशी के चुनाव चिह्न केला छाप पर बटन दबा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के संकल्प को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी फिर से एकबार प्रधानमंत्री बनेंगे तथा वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में खड़ा करना है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में जो काम अधूरे रह गए हैं, उन्हें पूरा करना है। गिरिडीह में आजसू के प्रत्याशी के सवाल पर उन्होंने कहा कि कहीं कोई मतभेद नहीं है। इस मौके पर बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो, गिरिडीह लोकसभा प्रभारी प्रकाश सेठ, धनबाद लोकसभा प्रभारी सुरेश साव, महामंत्री सरोज सिंह, रोहित नाथ सिंह, जगरनाथ राम एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### मानवता के प्रति सच्ची सेवा एमपीएल का उद्देश्य है : सीईओ

**मैथन।** एमपीएल के प्लांट स्थित टीपीएसडीआई प्रांगण में शुक्रवार को 60 दिव्यांगजनों के बीच व्हील चेयरए ट्राईसाईकिल एवं बैशाखी का वितरण किया गया। दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के मद्देनजर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। व्हील चेयर पाकर सभी काफी खुश नजर आए। इस दौरान दिव्यांगजनों ने अपना अनुभव साझा करते हुए एमपीएल के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन ने कहा कि मानवता के प्रति सच्ची सेवा एमपीएल का उद्देश्य है। यही वजह है कि हर वर्ग और हर तबके के उत्थान और सहयोग की दिशा में एमपीएल सदैव तत्पर रहता है। दिव्यांगजन सम्मान के हकदार है और उनके लिए किया गया सेवा नारायण सेवा से कम नहीं है।

## लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेगा घटवार समाज

**हक-अधिकार को लेकर आंदोलन के बावजूद सरकारों ने नहीं ली सुध**

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** घटवार समाज के लोग लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। किसी भी दल के पक्ष में वोट नहीं डालेंगे। समाज के लोगों में केंद्र व राज्य सरकार के प्रति घोर नाराजगी है। शुक्रवार को गांधी सेवासदन में प्रेसवार्ता कर घटवार आदिवासी महासमा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गा सिंह घटवार ने कहा कि विगत 5-6 दशक से समाज के लोग अपने हक और अधिकार को लेकर आंदोलन करते आ रहे हैं। किसी सरकार ने आज तक उन मांगों को पूरा नहीं किया है, जिससे पूरा समाज दुःखी है। 15 मार्च को दुमका जिला के सैरेयाहाट की आम सभा में घटवाल जाति को आरक्षण नहीं तो वोट नहीं, हम किसी के साथ नहीं का संकल्प लिया गया है। पूरे प्रदेश के लोगों की आम सहमति से यह निर्णय लिया गया है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद सिंह, संजय राय, प्राण किशोर राम, मधुसुदन राय, कमिश्वर राया उत्तम सिंह, दिलीप राय, रिपन राय उपस्थित थे।

### तोपचांची में हाई शांति समिति की बैठक

**तोपचांची।** आगामी दिनों में होने वाले ईदए रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण व सद्भावपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को तोपचांची थाना में शांति समिति की बैठक हुई। अंचलाधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह ने सभी समुदाय के लोगों सर आपसी सद्भाव के साथ पर्व त्यौहार मनाने की बात कही। उन्होंने पर्व त्यौहार के दौरान डीजे पर पाबंदी की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी सुरत में डीजे नहीं बजेगा। कानून का पालन नहीं करने वालों पर विधिः सम्मत कारवाई होगी। बाजा में सिर्फ चौंगा का इस्तेमाल करना है। उन्होंने लोगों को सोशल मीडिया में फैल रही अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की बात कही। सूचना का सत्यापन करने के लिए तुरंत थाना प्रभारी से सम्पर्क करें। अखाड़ा जुलूस के लिए लाइसेंस लेने और जुलूस निकालने की बात कही।

## मस्जिदों में पढ़ी गई अलविदा जुमे की नमाज

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** माह.ए.रमजान के अलविदा जुम्मे की नमाज शुक्रवार को गिरिडीह में बड़े ही अकिदत के साथ अदा की गई। इस दौरान शहर के स्टेशन रोड स्थित लाईन मस्जिदए भंडारीडीह स्थित जामा मस्जिदए मोहनपुरए मस्जिदए पचंबाए विशनपुरए बड़ा चौकए बरवाडीह सहित आस.पास के मुफ्फसिल क्षेत्र में स्थित मंस्जिदों में अलविदा जुम्मे की नमाज अदा करने के लिए नमाजियों की भीड़ उमड़ी हुई थी। मस्जिदों में अत्यधिक भीड़ होने के कारण नमाजियों ने मस्जिद के बाहर भी नमाज अदा की। खासकर लाईन मस्जिद और जामा मस्जिद में अत्यधिक भीड़ होने के कारण मस्जिद के बाहर सड़क पर नमाज अदा करने की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान युवाओं के साथ.साथ वृद्ध व बच्चे भी नमाज अदा करने के लिए मंस्जिदों में पहुंचे हुए थे। इधर अंतिम जुम्मे की नमाज को लेकर गिरिडीह पुलिस भी अलर्ट थी। शहर में नगर थाना शैलेष प्रसादए पचंबा थाना नरेश यादवए मुफ्फसिल थाना श्याम कशोर महतो पुलिस जवानों के साथ पेट्रोलिंग करते दिखे।

**एक नजर में**

### झरिया में निकली भव्य निशान शोभा यात्रा



**झरिया।** झरिया में चैत्र माह पापमोचनी एकादशी ;कृष्ण पक्षद्ध के अवसर पर श्री श्याम मंदिर झरिया धाम प्रांगण से भव्य निशान शोभायात्रा शुक्रवार की सुबह में 80 निशान निकाली गई। जिसमे भक्तों द्वारा निशान झरिया शहर भ्रमण कर झरिया मंदिर मे अर्पण किए। निशान यात्रा मे काफी संख्या में महिलाएंएपुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। सभी भक्तों ने बाबा को निशान अर्पित कर आशीर्वाद लिया। मौके पर रघुवीर गोयलए शिवकुमार अग्रवालएअभिषेक अग्रवालएआयुष जालान सहित कई सदस्य मौजूद थे।

### एशियन अस्पताल परिसर में इफ्तार पार्टी



**धनबाद।** शहर के एशियन हॉस्पिटल परिसर में शुक्रवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। हॉस्पिटल के मरीजों के अच्छे स्वास्थ्य के साथ अमन चैन की दुआएं मांगी गई। अस्पताल के मार्केटिंग हेड ताजुद्दीन ने कहा कि अस्पताल के अति व्यस्त शेड्यूल के बीच डॉक्टरों,मरीजों, परिजनों व अतिथियों के लिए हर साल यहां इफ्तार का आयोजन किया जाता है। पूरे अस्पताल प्रबंधन के लिए यह गौरवान्वित पल होता है। उन्होंने कहा स्वास्थ्य से बड़ी चीज इस दुनिया में कोई नहीं। इसके लिए एशियन हॉस्पिटल परिवार सबके वैलनेस के लिए खुदा से दुआ मांगता है। पार्टी में अस्पताल के सेंटर हेड डॉ मेजर चंदन, सभी सीनियर्स डॉक्टर, प्रबंधन पदाधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी सहित अस्पताल के मरीज और उनके परिजन इफ्तार पार्टी में शामिल हुए।

## टाटा हैरियर कार से 34.75 लाख रुपये नकद बरामद

**दुगार्पुर के दो कारोबारी हिरासत में**

खबर मंत्र संवाददाता

**मैथन।** मैथन इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर शुक्रवार की सुबह आठ बजे वाहन जांच के दौरान एक टाटा हैरियर कार से पुलिस ने 34ण्75 लाख रुपया नकद बरामद किया है। स रुपए ले जा रहे दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। दोनों लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम अरिंदम चक्रवर्ती और श्रीकांत चौड़रिया बताया है। दोनों पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर के रहनेवाले हैं। दोनों ने पूछताछ में बताया कि वे मिनरल वायल ;तेलद्ध का व्यवसाय करते हैं। इसी सिलसिले में वे दोनों हजारीबाग जा रहे थे। ये रुपए व्यवसाय के हैं। मैथन पुलिस ने बताया कि जब्त रुपए अलग.अलग कार्टून;पैकेटद्ध में भरकर गाड़ी में अलग अलग छिपाकर रखा गया थाए जो संदेह पैदा करता है। बताया कि चुनाव आयोग की टीम द्वारा जब्त रुपए की जांच की रही है और हिरासत में लिये गये दोनों व्यक्तियों से गहन पूछताछ कर रही है। कार जब्त कर लिया गया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पश्चिम बंगाल सीमा पर इंटरस्टेट चेकपोस्ट बनाया गया है। 3 अप्रैल की देर रात बोकारो रेंज के डीआईजी सुरेन्द्र झा ने सादे लिबास में औचक निरीक्षण किया था। उल्लेखनीय है कि मैथन चेकपोस्ट पर 14 मार्च को 10 लाख रुपयेए 17 मार्च को 1.29 लाख रुपयेए 18 मार्च को 2.91 लाख रुपये बरामद किये गये हैं।

## हीट वेव के यलो अलर्ट का गिरिडीह में असर

**सावधानी जरूरी**

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** मौसम विभाग द्वारा 7 अप्रैल तक झारखंड में हीट वेव को लेकर जारी किए गए यलो अलर्ट का साफ असर शुक्रवार को गिरिडीह में देखने को मिला। शुक्रवार की सुबह से ही जहां सूर्य की तपिश दिखने लगी थी। वहीं दोपहर होते होते सूर्य की तपिश बढ़कर झुलसाने लगी। इस दौरान झारखंड के कई जिलों के साथ साथ गिरिडीह का भी तापमान 39 से 40 डिग्री तक पहुंच गया। दोपहर होते ही सड़को पर सन्नाटा पसरने लगा था। चिलचिलाती धूप के कारण मजबूरी वश घर से बाहर निकलने वाले लोग छाते व गमछे का सहारा लेकर चल रहे थे। हीट वेव के कारण कार्मेल सहित कई स्कूलों में 11 बजे ही छुट्टी दे दी गई थी। हालांकि कुछ स्कूलों में अपने नियमित समय एक बजे के बाद ही छुट्टी हुई। जिसके कारण बच्चों को घर लौटने के क्रम में चिलचिलाती धूप का सामना करना पड़ा। विदित हो कि मौसम विभाग के अनुसार पांच और छः अप्रैल को राज्य के पूर्वी भाग में हीट वेव का असर होने की संभावना को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया गया था। वहीं सात अप्रैल के बाद मौसम में बदलाव की भी संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिकए 8 और 9 अप्रैल को राज्य के कई जिलों में गर्जन के साथ बारिश की संभावना भी जताई गई है। अचानक से बढ़ी भीषण गर्मी के कारण शीतल पेय पदार्थों के स्टॉल पर काफी भीड़ देखी गई। लोग गर्मी से बचने के लिए लस्सीए जूसए आम रसए सत्तु के शर्बत सहित शीतल पेय पदार्थों का सहारा ले रहे है। जिसके कारण लस्सीए जूसए सत्तु शर्बत के साथ.साथ तरबूजए संतराए खीराए ककड़ी की मांग बढ़ गई है।

### चिरकुंडा में ईद एवं रामनवमी शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील



**चिरकुंडा।** ईद एवं रामनवमी का पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर चिरकुंडा थाना परिसर में थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार की संध्या शांति समिति की बैठक हुई । बैठक का संचालन माणिक लाल गोराई ने किया । सदस्यों ने साफ-सफाई, पानी-बिजली की निर्बाध आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत की मांगें रखी । एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने ईद व रामनवमी की बधाई देते हुए कहा कि अखाड़ा पूर्व निर्धारित रूट पर ही निकलेगा । नये रूट की अनुमति नहीं दी जाएगी। डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा । अफवाह पर ध्यान न दें । बैठक मेंनगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान, कनिय अभियंता उत्तम कुमार, निवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी, राजू अंसारी,प्रो अरून कुमार, जियाउद्दीन शाह, कासिफ अली, काजल चक्रवर्ती, नागेंद्र सिंह, डीएन पाठक, उपेंद्र नाथ पाठक, सुनीता सिंह, कृष्णलाल रुंगटा, वरुण दे, फिरोज खान, सुरेश सिंह, अजय सिंह, गोपाल सिंह, दशरथ साव,जगरनाथ सिंह, केडी पासवान, कृष्णा सिंह, इरफान अहमद खान, योगनाथ गोस्वामी आदि मौजूद थे ।

## पुलिस ने मोबाइल बैट्री चोर गिरोह के तीन सदस्यों को दबोचा, जेल

- लग्जरी कार से करते थे चोरी, परेशान थी टावर कंपनी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** धर्माबांध ओपी पुलिस ने मोबाइल टावर से बैटरी चोरी करनेवाले एक गिरोह के तीन अपराधियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। शुक्रवार को सिजुवा स्थित एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बाघमारा एसडीपीओ आनंद ज्योति मिंज ने चोरी की घटना का खुलासा किया। बताया जाता है कि गुरुवार देर रात पकड़े गये आरोपियों ने धर्माबांध ओपी क्षेत्र अंतर्गत ऊपर देवघरा बस्ती में लगे मोबाइल टावर से बैटरी चुराने के लिये जैसे ही गेट को तोड़ने की कोशिश की, तभी कंपनी के गेट में लगे एक उपकरण ने मैसेज कंपनी के कर्मचारी के मोबाइल में भेजा। आसपास के लोगों को संदेह हुआ तो इसकी सूचना ग्रामीणों ने ओपी पुलिस को दी। पुलिस केआने की खबर खबर होते ही सभी जाईलो गाड़ी संख्या जे एच 10 वाई 6429 में सवार चोर भाग रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रही पुलिस को चोरों ने देख लिया और वाहन को मोड़ कर भागने की कोशिश की। पुलिस ने वाहन का पीछा कर सभी अपराधियों को धर-दबोचा और थाने ले आई।

**धनबाद में कई घटनाओं को दे चुके हैं अंजाम**

पुलिस के हत्थे चढे.अपराधियों में धनबाद जिले के धनसार थाना स्थित गांधीनगर के वीरेंद्र मिश्रा के पुत्र राजू मिश्रा (35), मनईटांड़ के संजय गुप्ता के पुत्र बिट्टू गुप्ता (38) व गांधीनगर के गौतम सिंह (28) शामिल हैं। उनके पास से पुलिस ने 5 मोबाइल फोन, जाईलो कार, चार बैटरी, रेकटीफायर मशीन, रस्सा व एक साबल जब्त किया है। पूछताछ में आरोपियों ने धनबाद जिले के अलग-अलग जगहों से बैटरी चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकारी है। जिस पर कांड संख्या 28/24 भा.द.वी की धारा 379, 411, 34 तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। छापेमारी दल में शामिल सदस्यों में पु.अ.नि कमलेश कुमार (ओपी प्रभारी, धर्माबांध), आ. मुकेश कुमार गुप्ता, आ. नैनानंद कुमार शामिल थे।

### जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने ढुल्लू के आतंक से पीड़ित लोगों की व्यथा सुनी

# संतोष कुमार सिंह ने जनता दरबार लगाकर लोगों को किया आश्वस्त, धनबाद में नहीं होने देंगे कामयाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कतरास।** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने शुक्रवार को कतरास नगर कांग्रेस कार्यालय में जनता दरबार लगाया। कांग्रेसजनों एवं आम नागरिकों ने माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। जिला अध्यक्ष ने बाघमारा विधायक ढूल्लू महतो के आतंक सहित पीड़ित एवं प्रताड़ित लोगों से मिलकर उनकी व्यथा सुनी।

उन्होंने कहा कि बाघमारा के आतंक को किसी भी कीमत में धनबाद जिला में कायम होने नहीं देंगे। जनता दरबार में बाघमारा विधायक से पीड़ित एवं प्रताड़ित लोगों ने रोते हुए अपनी व्यथा सुनाई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने आश्चर्य एवं अफसोस जताते हुए कहा कि जिस जनता ने उन्हें जिताकर बाघमारा का विधायक बनाया, वही विधायक उनकी जमीन और जायदाद पर कब्जा करने का काम कर रहे हैं। विधायक का ऐसा कार्य बहुत ही निंदनीय है।

एक तरफ वह खुद को गरीबों का मसीहा एवं बाघमारा में रामराज की बात करते हैं,वहीं दूसरी ओर गरीब लोगों के बीच दानवता पूर्ण कार्य कर रहे हैं। विरोध मेंआवाज उठाने वालों को या तो अपने लोगों से मारपीट कराते हैं या फिर झूठे मुकदमे में फंसाने का काम करते हैं। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीबों के साथ रही है और आगे भी रहेगी। बाघमारा ही नहीं पूरे धनबाद में किसी भी गरीब के साथ अन्याय नहीं होने देंगे।

श्री सिंह ने कहा कि धनबाद में ढुल्लू महतो की गुंडागर्दी एवं आतंक कायम होने नहीं देंगे। धनबाद की जनता इस बार लोकसभा चुनाव में उन्हें धूल चटाने का काम करेगी।

इस अवसर पर कतरास नगर कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत पांडेय, बाघमारा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष बलराम महतो, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अशोक लाल, जिला परिषद सदस्य राजेश राम, राजकुमार गंगाइच, महासचिव बिनोद शर्मा, रोहित वाही, अजीत महतो, पवन यादव, अजय पासवान, अजय गोपाल भूईया, योगेन्द्र रजक, डोमन महतो, सोहन महतो, रजनी देवी, नीरा देवी, उषा देवी, कुंती देवी, विकास महतो, शिव नारायण सिंह, त्रिपुरारि सिंह, अमित महतो सुरेश महतो आदि मौजूद थे।

## पुलिस की रहेगी पैनी नजर, धनसार थाना प्रभारी ने दी सख्त चेतावनी



▸▸ रामनवमी के जुलूस में शराब पीकर शामिल हुए तो खैर नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** रामनवमी व ईद के त्योहार को लेकर शुक्रवार को धनसार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मनोज कुमार पांडे ने की। थानेदार ने कहा कि सरकार के दिशा-निर्देश का हर हाल में पालन किया जाएगा। जुलूस में डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

सभी अखाड़ा दल के 10-10 वॉलिंटियर का नाम एवं मोबाइल नंबर थाना में जमा करने को कहा गया है। कहा गया कि जो शराब पीकर अखाड़ा दलों में शामिल होंगे उनको चिह्नित करें और थाना को सूचना दें। जो अखाड़ा लाइसेंसधारी हैं, वे अपना लाइसेंस का नवीन्करण करा लें। समिति के सदस्य एवं अखाड़ा दलों ने भी सुझाव दिया। बैठक में नरेश कुशवाहा, राणा चट्टराज, संतोष कुशवाहा, अफजल खान, कुल्लू चौधरी, अजय मंडल, अजय लाल, मेवालाल खटीक, हीरा साव, बुटानी सिंह, सागर महतो, मुकेश महतो आदि मौजूद थे।

## नाले में अधेड़ का शव मिलने से सनसनी

**धनबाद।** सदर थाना क्षेत्र के हाउसिंग कालोनी सड़क किनारे नाले में एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई । हत्या या आत्महत्या कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। शव के चेहरे और शरीर पर गंभीर चोट के निशान भी मौजूद हैं। स्थानीय लोगों ने नगर निगम की मदद से शव को बाहर निकाला।

सूचना पर धनबाद थाना की पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं स्थानीय लोगों की मानें तो कल देर शाम से ही वह व्यक्ति शराब के नशे में नाले के पास बैठा था। आस पास के लोगों ने पहले तो पुतला समझ कर छोड़ दिया। बाद में शव को बाहर निकाला गया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाने के एएसआई सुधीर सिंह ने बताया कि 100 डायल से सूचना मिली। उसके बाद हमलोग घटना स्थल पर पहुंचे और जांच में जुट गए।

## दो ट्रकों की जबरदस्त टक्कर में सीआईएसएफ जवान का पैर टूटा

▸▸ मशक्कत के बाद ट्रक से निकाला गया घायल जवान को इलाज के लिए ले जाया गया धनबाद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** शुक्रवार को रात लगभग 8रू30 बजे कतरास थाना क्षेत्र के धनबाद निचितपुर रेल लाइन फाटक नंबर 3 के पास दो वाहनों की आपस में टक्कर होने के कारण एक वाहन का चालक बुरी तरह से जख्मी हो गया।

घायल चालक सीआईएसफ का जवान है जो खाली ट्रक लेकर धनबाद की ओर जा रहा था और विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रक को टक्कर मार दिया टक्कर इतनी जोरदार थी कि सीआईएसफ का जवान ट्रक के अंदर ही फंस गया। काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों एवं कतरास पुलिस के सहयोग से उसे बाहर निकाला गया और इलाज के लिए निजी वाहन से धनबाद भेजा गया।

ट्रक संख्या जेएच 10 सी यू 2027 जिसे सीआईएसएफ का जवान चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार काफी तेज गति में था और एन एच 32 सड़क 4 लाइन है लेकिन फाटक के पास आकर के सिंगल हो जाता है जिसके कारण वह अंदाजा नहीं लग पाया और उसने विपरीत दिशा से आ रही ट्रक संख्या एपी 37 टी ई 7499 में जोरदार टक्कर मार दिया।

इस दुर्घटना में सीआईएसएफ की ट्रक चला रहे जवान का पैर टूटकर चूर हो गया है। दुर्घटना के बाद नेशनल हाईवे 32 पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी जाम लग गई। मौके पर कतरास पुलिस पहुंचकर जाम को हटाने में जुट गई है।

## जयराम महतो गिरिडीह से चुनाव मैदान में उतरे

● **हार-जीत का मीन मेख निकालने में जुटे लोग**

**खबर मंत्र संवाददाता**

**तोपचांची।** शुक्रवार को गिरिडीह लोकसभा सीट पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने उम्मीदवार दे दिया। जयराम महतो को प्रत्याशी घोषित होने के बाद अब जीत.हार का मीन मेख निकालने में लोग जुट गए है। हालांकि इतना तो तय है कि इस बार रोचक मुकाबले का गवाह बनेगी यह सीटए क्योंकि इस सीट पर कुर्मी वोटरों पर कब्जे की जंग होगी। 2019 में लगभग 58 वोट लाकर चंद्र प्रकाश चौधरी ने यह सीट जीती थी। गिरिडीह सीट की बात की जाए तो इसमें 6 विधानसभा सीटें आती है। जिसमें गिरिडीह, डुमरी, टुंडी, बाघमारा, बेरमो, गोमिया शामिल हैं। गिरिडीह लोकसभा सीट से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सुप्रीमो जयराम महतो का प्रत्याशी बनाने के बाद पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव फरजान खान ने कहा कि मोदी के 400 पार का नारा असफल साबित होगा। उन्होंने कहा कि गिरिडीह लोकसभा में शिक्षा व विकास का घोर अभाव है। पांच साल में क्षेत्र का विकास नहीं हो पाया। गिरिडीह में अधिकांश जनता ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं जनता रोजगार पाने को लेकर बड़े शहरों की और पलायन करते हैं। लोकसभा चुनाव में जनता फैसला करेंगी। झारखंड के हर जगहों से जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। जनता झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सुप्रीमो जयराम महतो से बहुत ही उम्मीद लगा कर बैठी है। जनता के जन आशीर्वाद से जयराम महतो प्रचंड विजय को प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता शिक्षित नेता को खोज रही है जो उनके जन समस्या को संसद में रख पाए। गिरिडीह लोकसभा में मोदी फेक्टर मायने नहीं रखेगी। गिरिडीह लोकसभा में सभी पार्टियां को मात देंगे। चुनाव में बहुत प्रत्याशी चुनावी मैदान में होते हैं जनता का जन आशीर्वाद हमारी पार्टी को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पांच के दौरान गिरिडीह के निवर्तमान सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी क्षेत्र में दर्शन तक नहीं दिए। जनता काफी आहत महसूस कर रही है। क्षेत्र में विकास के नाम पर सिर्फ जुमला हुआ है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का जनता चुनावी मैदान में प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला करेंगी।

## सम्राट को ओलंपियाड में प्रथम स्थान

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा एसजीडी मॉडर्न स्कूल के दसवीं वर्ग के छात्र सम्राट सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय सिल्वर जोन ओलंपियाड में पूरे झारखंड राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसने अपने छात्र जीवन की श्रेष्ठता को प्रमाणित करते हुए स्कूल को गौरवान्वित किया है। स्कूल के प्रिंसिपल जुबिन बोस ने उसे बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सम्राट की उपलब्धि छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जो संघर्षशीलता, उत्साह और ज्ञान की भूख के साथ अपनी प्रतिभा को विकसित कर रहे हैं।

उसका निवास स्थान चिरकुंडा के सरसापहाड़ी स्थित श्रम कल्याण केन्द्र के पास है। उसकी उपलब्धि पर पिता शैलेन्द्र कुमार सिंह व माता प्रियंका सिंह ने खुशी जाहिर की है।

## बाजार समिति के व्यवसायियों ने उपायुक्त से लगाई गुहार, मांगी मोहलत

▸▸ त्योहार तक मंडी परिसर की दुकान व गोदाम को खाली न कराया जाए



**खबर मंत्र संवाददाता**

**धनबाद।** बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में व्यवसायियों ने शुक्रवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा से मुलाकात की। व्यवसायियों ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से चुनाव कार्य के लिए मंडी परिसर में अधिग्रहित दुकान एवं गोदाम को अविलंब खाली करने का नोटिस दिया गया है। ईद एवं रामनवमी का त्योहार आने वाला है, जिससे व्यवसाय में परेशानी होगी। इसलिए त्योहर खत्म होने तक मोहलत दी जाए।

व्यवसायियों का कहना था कि गोदाम का स्टॉक बिरसा मुंडा पार्क स्टेडियम या मेगा कॉम्प्लेक्स परिसर में रखने की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। चेंबर के अध्यक्ष ने बताया कि उपायुक्त ने व्यापारियों की सारी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधि मंडल में सचिव गौरव गर्ग, संरक्षक राजकुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेंद्र जिंदल, विनोद सिंघल, श्याम भीमसरिया, नीरज अग्रवाल, अरुण कुमार सिंह शामिल थे।

## सिंदरी थाना प्रभारी ने की ईद और रामनवमी शांतिपूर्वक मनाने की अपील

**सिंदरी।** रामनवमी और ईद उल फितर शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए सिंदरी थाना में थाना प्रभारी के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सिंदरी थाना प्रभारी शैलेश कुमार पांडेयय ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के तहत शांतिपूर्ण ढंग से दोनों पर्व मनाएं। किसी भी दलों के बैनर, गमछे का इस्तेमाल सार्वजनिक तौर पर नहीं होना चाहिए। रामनवमी के झंडे सही तरीके से लगे होने चाहिए। ईद उल फितर भी सामान्य तरीके से मनाया जाए। डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध है। बैठक में एसआई सतीश महतो, एसआई गौतम राय, एसआई सदानंद सिंह, महेन्द्र पाण्डेय, दिनेश सिंह, दिलीप मिश्रा, अजय कुमार, प्रशांत दुबे, अरविंद पाठक, राघव तिवारी, जितेन्द्र शर्मा, पवन शर्मा, सपन सरकार, आलोक बनर्जी, आर पी गुप्ता, त्रिभुवन चौधरी, बृजेश सिंह, शैलेन्द्र द्विवेदी, युद्धिष्ठिर टुडू सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## प्लस टू हाई स्कूल नगरकियारी में मतदाता जागरुकता प्रश्नोत्तरी

**गोविंदपुर।** प्लस टू हाई स्कूल नगरकियारी में शुक्रवार को विद्यार्थियों के बीच मतदाता जागरु कता प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों से मतदान से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इस प्रतियोगिता में फूलो झानो सदन प्रथम, वीर बुधु द्वितीय, सिद्धू कानू तृतीय एवं बिरसा मुंडा सदन को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। प्राचार्य डॉ मीरा सिंह एवं शिक्षकों ने उन्हें पुरस्कृत किया।

## कोयलांचल में गर्मी ने दिखाया तेवर, पारा पहुंचा 41 पर

**धनबाद।** कोयलांचल में गर्मी अपना तेवर दिखाने लगी है। दिन के 8 बजे के बाद धूप तिखी हो जा रही है। घर में लगे पंखे भी सकून देने के बजाए गर्म हवा छोड़ रहे है। दोपहर से देर शाम उमस परेशान करने लगा है। शुक्रवार को भी मौसम का मिजाज बदला बदला रहा। दिन का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। पूरे दिन लोग गर्मी से परेशान रहे। उधर बिजली की आंख मिचौली भी दिनभर चलती रही। सड़क पर निकलने वाले लोग अपना चेहरा गमछा और दुपट्टे से ढके मिले। सबसे ज्यादा परेशानी का सामना स्कूली बच्चों को करना पड़ा। कड़ी धूप के कारण दोपहर में सड़कों और बाजारों में लोगों की आवाजाही कम रही। वहीं रात का न्यूनतम तापमान 26 डिग्री के आसपास रहा। रात में भी बिजली कई बार काटी गई। कई घरों में इंन्वर्टर भी जवाब दे गया। लोग छतों पर रात काटनी पड़ रही है। वहीं मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार गर्मी से फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद कम है। शनिवार को भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री रहने का अनुमान है, वहीं न्यूनतम तापमान 26 डिग्री के आसपास रहेगा। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन ने ड्डी धनबाद में एलो एलर्ट जारी कर दिया है। लोगों को दिन के 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक घरों से निकलने में परहेज करने की बात कही गई है। बहुत ज्यादा जरूरी होने पर घर से ढीले कपड़े और पानी लेकर निकलने की बात कही गई है।

## ज्ञानरंजन बने भाजपा के टुंडी विधानसभा प्रबंधन समिति के संयोजक

▸▸ 12 सदस्यीय विधानसभा कोर कमेटी भी बनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** भाजपा ने चुनाव को देखते हुए टुंडी विधानसभा प्रबंधन समिति का गठन किया है। भाजपा के टुंडी विधानसभा के प्रभारी बगोदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो एवं संयोजक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ज्ञान रंजन सिन्हा बनाए गए हैं। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र भाजपा के संयोजक प्रकाश सेठ ने प्रबंधन समिति की सूची शुक्रवार को जारी की है। प्रकाश राम ने इसके अलावा भाजपा की टुंडी विधानसभा कोर कमेटी भी गठित की है। टुंडी विधानसभा प्रबंधन समिति के सह संयोजक राम प्रसाद महतो एवं राम नारायण भगत को बनाया गया है। विधानसभा विस्तारक प्रमोद कुमार बनाए गए हैं। इसके अलावा चुनाव कार्यालय प्रभारी गणेश रवानी एवं सुनील साव बनाए गए हैं। वाहन व्यवस्था, यात्रा व प्रवास एवं प्रवासी कार्यकर्ता के प्रभारी खिरोधर मंडल एवं श्रीनिवास तिवारी, सोशल मीडिया एवं हार्ड टेक अभियान के प्रभारी गौतम साव एवं मनोज तुरी को बनाया गया है। नीलकंठ रवानी एवं सरोज महतो को मीडिया प्रबंधन का जिम्मा दिया गया है। बूथ स्तर का कार्य, मतगणना एवं आंकड़े की जिम्मेदारी सुदाम चंद्र अड्डी एवं शिव प्रसाद वर्मा को मिली है। संसाधन जुटाना व प्रबंधन एवं लेखा-जोखा का प्रभारी विजय मंडल एवं अजय सिंह को बनाया गया है। वहीं न्यायिक प्रक्रिया संबंधी व चुनाव आयोग से समन्वय की जिम्मेवारी पियूष तिवारी एवं बलदेव कुम्भकार को दी गई है। वीडियो वैन का जिम्मा राजू तिवारी एवं विकास चौबे को मिली है। लाभार्थी संपर्क का प्रभारी वासुदेव कुम्भकार एवं राजेश सिंह को बनाया गया है। सामाजिक संपर्क की जिम्मेदारी महादेव कुम्भकार एवं संजीव मिश्रा तथा युवा संपर्क की जिम्मेदारी सूरज सोनी एवं मनीष साव को दी गई है। महिला संपर्क की जिम्मेदारी कविता बरनवाल, जेबा मरांडी, रायमुनी देवी एवं सोनी देवी को मिली है। वहीं एससी संपर्क की जिम्मेवारी विजय दास एवं राजू रजक तथा एसटी संपर्क की जिम्मेवारी सुरेश किस्कू एवं कृष्णा बास्की को मिली है। इसके अलावा झुग्गी-झोपड़ी अभियान एवं विशेष संपर्क व्यावसायिक व सामाजिक का प्रभारी आरके चौधरी, गिरिजा शंकर उपाध्याय एवं असीम कुमार दत्ता को बनाया गया है। इसके अलावा सभी जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष विधानसभा प्रबंधन समिति के पदेन सदस्य होंगे।

**टुंडी विधानसभा की 12 सदस्यीय कोर कमेटी बनी**

गिरिडीह लोकसभा के संयोजक प्रकाश सेठ ने टुंडी विधानसभा भाजपा की 12 सदस्यीय कोर कमेटी गठित की है। कोर कमेटी में जिप सदस्य विकास महतो, हीरामन नायक, विपिन दां, फिरोज दत्ता, दिलीप गोस्वामी, मोतीलाल मुर्मू, विक्रम पांडेय, रमेश महतो, दिनेश सिंह, गोपाल पांडेय, अजय सिंह एवं गिरिजा शंकर उपाध्याय को शामिल किया गया है।

## खबर एक नजर में

### रामकनाली ओपी में शांति समिति की बैठक, ईद-रामनवमी में सौहार्द की अपील



**कतरास।** रामनवमी व ईद को लेकर रामकनाली ओपी में ओपी प्रभारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सलानपुर अखाड़ा दल के दर्जनों सदस्य शामिल हुए। वक्ताओं ने शांतिपूर्ण ढंग से रामनवमी और ईद मनाने पर जोर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए रामकनाली ओपी प्रभारी मंगल प्रसाद कुजूर ने बताया कि जिला प्रशासन की गाइडलाइना के अनुसार अखाड़ा में बड़ा डीजे बजाने पर सख्त प्रतिबंध है। बैठक में उपस्थित लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि यदि स्थानीय लोग सहयोग करे तो क्षेत्र में पूर्ण रूप से शराबबंदी भी की जाएगी और अपराधियों को जेल भी भेजा जाएगा। बैठक में राएसआई भीमलाल पासवान, एसआई प्रदीप लकड़ा, एसआई विश्वनाथ उरांव, वार्ड 4 के निवर्तमान पार्षद छोटु सिंह, झिंझिपहाडी मुखिया गणेश महतो, पूर्व मुखिया सुरेश महतो, जमुआटाँड़ मुखिया निरंजन गोप, झामुमो नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा, राजद नेता विनय पासवान, पसंस अर्जुन महतो, अभय महतो, सुशील सिंह आदि मौजूद थे।

### एसएसएलएनटी में सेक्टर व पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**धनबाद।** एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को सेक्टर व पुलिस पदाधिकारियों के लिए दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। पहले दिन सिंदरी, निरसा एवं धनबाद के 138 सेक्टर एवं पुलिस पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण में भग लिया। उन्हें वल्नेरेबल मैपिंग, मतदान केंद्र में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, पोल डे से एक दिन पहले के कार्य, मतदान संपन्न होने के बाद के कार्य में उनके दायित्व के बारे में बताया गया। साथ ही सभी को ईवीएम हैंड्स ऑन कराया गया और मॉक पोल करने के तरीके बताए गए। अंत में क्यूआर कोड तकनीक के जरिये सभी का मूल्यांकन किया गया, जिसमें 96 प्रतिशत लोगों ने सवालों का सही जवाब दिया। प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार, राज कुमार वर्मा, उमेश लाल, कुमार वंदन आदि ने चुनाव से संबंधित जानकारी दी। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी वेद प्रकाश सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बनने के कुछ ही माह बाद टूटने लगी 70 लाख की सड़क

**तोपचांची।** विकास के कद को नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। लेकिन सड़क निर्माण में हो रही जमकर मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है । मानक की अनदेखी पर शासन.प्रशासन का ध्यान नहीं है। परिणाम यह है कि निर्माण के कुछ माह के बाद सड़क टूट रही है। तोपचांची प्रखंड के खॉटडीह से हनुमान पहाड़ी तक करीब 1 किलोमीटर का प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करीब 70 लाख रुपए के लागत से पीच सड़क का निर्माण करवाया गया। विडम्बना की बात यह रही कि सड़क निर्माण के कुछ माह बाद ही सड़क टूटने लगी। सड़क के संबंधित कुछ विडियो वायरल हुआ है जिसमे ग्रामीण युवा सड़क पर किए गए पीच को डंडा के मदद से हटा रहे। और बालू व मिट्टी की तरह पीच जमीन को छोड़कर कर अलग हो जा रही है। आपको बताते चलें उक्त सड़क के निर्माण के दौरान ग्रामीणों ने सही कार्य नहीं होने को लेकर विरोध भी किया गया था। जिसके बाद संवेदक शिवजी सिंहए रांची ने सड़क को जैसे तैसे करके निर्माण कर दिया। निर्माण के कुछ माह के बाद पीच सड़क के अलकतरा व गिट्टी अलग होने लगे। अब सवाल यह उठता है कि आखिर इस तरह के मनमानी पर अंकुश कब लगेगा ध इधर सड़क को लेकर तोपचांची प्रमुख आनंद महतो ने कहा कि सड़क में अनियमित को लेकर उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

### गोविंदपुर थाना में शांति समिति की बैठक, पर्व में सौहार्द बनाए रखने की अपील



**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक में सदस्यों ने निर्णय लिया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी श्री रामनवमी का अखाड़ा किसी मस्जिद, मजार या इमामबाड़ा के आगे से होकर नहीं गुजरेगा। ईद का त्योहार भाईचारा एवं सद्भाव के साथ मनाया जाएगा। पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में डीएसपी शंकर कामती ने आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखकर शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील की। इस मौके पर श्री रामनवमी अखाड़ा के लाइसेंसियों ने कई सुझाव रखे। सभी ने डीजे नहीं बनाने का बजाने का निर्णय लिया। ईद और श्री रामनवमी में ऐसा कोई भी काम नहीं किया जाएगा, जिससे दूसरे की भावना आहत हो। पेयजल एवं बिजली अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर नाराजगी जताई गई। बैठक में पूर्व प्रमुख डीएन सिंह, जिप सदस्य सोहराब अंसारी, बलराम साव, एजाज अहमद आदि मौजूद थे।

### बीआईटी सिंदरी में वोटर अवेयरनेस फोरम ने दिया जागरुकता कार्यक्रमों पर जोर



**सिंदरी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार शुक्रवार को बीआईटी सिंदरी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में बलियापुर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक हुई। बीआईटी सिंदरी में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया जा चुका है। बैठक में बलियापुर बीडीओ ने संस्थान के प्राध्यापकों, कर्मचारियों, पदाधिकारियों और विद्यार्थियों को बताया कि लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए ईएलसी के युवा सदस्यों द्वारा जागरुकता के लिए गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। सभी कर्मचारियों और पदाधिकारियों को अपना नाम मतदाता सूची में सत्यापन करने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में बताया गया। इस अवसर पर संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रो घनश्याम ने नैतिक मतदान के महत्व को बताते हुए सभी से निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान में भाग लेने की अपील की। बीडीओ ने बताया कि पिछले संसदीय चुनाव में सिंदरी नगर निगम क्षेत्र के 25 मतदान केदो में 50 प्रतिशत से कम मतदान हुए थे। ऐसे क्षेत्रों में सघन जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में बीआईटी सिंदरी के सभी पदाधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी, प्रशासी पदाधिकारी प्रो संजय उरांव, प्रो घनश्याम, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अजीत सिंह, निर्वाचन प्रभारी बलियापुर रवि कुमार चौरसिया सहित सभी पर्यवेक्षक एवं बीएलओ मौजूद थे।

# मुफ्फसिल थाना प्रभारी शशि सिंह 1180 पीस विदेशी शराब और नाव को किया जप्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** साहिबगंज मुफ्फसिल थाना प्रभारी शशि सिंह ने गुप्त सूचना के आधार पर भारी मात्रा में शराब को किया जप्त मिली जानकारी के अनुसार मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रामपुर दियारा में गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी शशि सिंह ने सत्यापन हेतु घटना स्थल पर पहुंचने के बाद नाव में सवार कई लोग पुलिस को देखकर भागने लगे वही पुलिस ने भागते-भागते नाव के संचालक सह मालिक दुर्गा सिंह उम्र 45 वर्ष पिता स्वर्गीय देवाराम सिंह को रंगे हाथ



पकड़ पकड़ने पर उन्होंने अपनी संप्लिप्ता कबुल की वही नांव से भारी मात्रा में विदेशी शराब के 536 पीस बोतल जिसका विवरण इस प्रकार है आईकॉनिक ब्लेंडर प्राईड रॉयल स्टैग इंपिरियल ब्लू रॉयल ग्रीन हाइब्रिड 5000 का बीयर केन बोतल 648 पीस बोतल जप्त किया है जिसकी अनुमानित की मार्केट में 7 लाख की बताई जा रही है वही आपको बता दे कि पूरे देश में आचार संहिता लागू है और पुलिस चप्पे छपे पर तैनात है फिर भी स्मगलिंग करने वाले तस्कर शराब माफिया पुलिस से निडर होकर अपना काम को कर रहे हैं जिस पर थाना प्रभारी की बड़ी सफलता हाथ लगी है आपको बता दें की जब्ती में विदेशी शराब 750 एमएल का 536 पीस वही बियर 500 एमएल का 648 पीस वही जनरेटर लगा हुआ एक बड़ी नांव को भी जप्त किया है वही नाव के मालिक दुर्गा सिंह को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक की हिरासत में जेल भेज दिया गया है वही छापेमारी दल में शशि सिंह एएसआई उमाकांत ओझा आरक्षी 47 वीरेंद्र कुमार सिंह आरक्षी 20 रमाकांत महतो उमेश कुमार महतो शशि भूषण सिंह इत्यादि शामिल थे इधर इस घटना से शराब माफिया में हड़कंप बचा हुआ है वही इस घटना के बारे में मुफस्सिल थाना प्रभारी प्रेस वार्ता कर जानकारी दिया कि पुलिस को गुरुवार को दोपहर 3:00 बजे के आसपास गुप्त सूचना मिला है कि भारी मात्रा में नाव के द्वारा शराब बिहार भेजा जा रहा है जिसकी सत्यापन हेतु 5:00 बजे थाना प्रभारी टीम के साथ पहुंचा पुलिस को देखते ही सभी फरार होने लगे इसके बाद पुलिस ने दौड़ा-दौड़ा कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

# भव्य आयोजन के साथ संपन्न हुई वर्षों से चलती आ रही पारंपारिक पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** टाटीसिलवे के सिलवे पंचायत में सैकड़ों वर्षों से चलीं जा रही परंपरागत पूजा में भव्य आयोजन की व्यवस्था की गई। मेला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 3 अप्रैल 2024 दिन बुधवार को मेला लगाने का कार्य किया गया। जिसमे खाद्य पदार्थ से लेकर प्रायः सभी आवश्यकता की सामग्री की उपलब्धि देखने को मिली। सिलवे पंचायत के डोल बगीचा स्थित भागवन राधा कृष्ण की पूजा अर्चना मानकी परिवार के द्वारा की गई जिसमें क्षेत्र के प्रमुख एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे पुजारी बाल कृष्ण मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना कराई गई। सिल्वे पंचायत के ग्राम प्रधान मानकी शिवनारायण शाही के द्वारा दूरभाष पर इसकी जानकारी दी गई। बताया गया कि सैकड़ो वर्षों से मानकी परिवार के द्वारा डोल मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पूरे प्रदेश से श्रद्धालु गण आकर पूजा अर्चना करने का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि हमारे पूर्वज कीनू साह मानकी के द्वारा आयोजन किया गया था। इसके बाद मानकी दीवान शाह, मानकी जगन्नाथ शाही, मानकी मनेन्द्र शाही, मानकी शत्रुघ्न शाही, मानकी लादू शाही, मानकी जितेंद्र नाथ शाही के द्वारा विधिवत मानकी परिवार के द्वारा आयोजन करने का कार्य किया जा रहा है इसमें मुख्य आयोजन करता मानकी कुंज बिहारी शाही, मानकी शिवनारायण शाही, मानकी राम नारायण, पूर्व मुखिया मानकी धनंजय शाही, मानकी मनोज शाही, बालेश्वर शाही, राजकुमार शाही के द्वारा मेला लगाया जा रहा है मेले को सफल बनाने में नवनीत कुमार सिंह, मुखिया नूतन पहान, पंचायत समिति सदस्य अरविंद लोहार, मनीष नाथ, रणधीर चौहान, अशोक सिंह, अंकित सिंह, अपूवा सिंह, दीवान शाही, रवीश मानकी, अमित शाही, श्याम पाहन, सूरज महतो, मनेश महतो, रनथु नायक, राजू नायक, पुष्कर शाही, अमित मिश्रा, बड़ीलाल महतो, हरिलाल महतो का अहम योगदान रहा।

## भगइया में एक ग्रामीण के घर आग लगने से हजारों की क्षति



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी मेहरमा थाना क्षेत्र के भगैया गांव में शुक्रवार की दोपहर आग लग जाने से ग्रामीण मुनीलाल मंडल का घर जलकर राख हो गया। साथ ही साथ घर में रखा खाद्यान्न, कपड़ा, बर्तन आदि सामान भी जल गया। बताया जाता कि चूल्हे की से निकली चिंगारी के कारण आग लगी जब तक हल्ला होता और ग्रामीण दौड़ते तब तक आज ने मुनीलाल मंडल के घर में रखा सामान सहित घर को चपेट में ले लिया। करीब 50000 मूल्य की संपत्ति जलने का अनुमान लगाया जा रहा है। काफी कड़ी मशक्कत करते हुए ग्रामीणों ने बगल तालाब में पंप सेट लगाकर किसी प्रकार आग पर काबू पाया। मुनीलाल मंडल गरीब मजदूर तबके का व्यक्ति है। मुनीलाल मंडल के परिवार में पत्नी, पुत्र, पुत्री, पोता, पोती सहित आठ सदस्य शामिल है। आग लग जाने से मुनीलाल मंडल अपने आठ सदस्यीय परिवार के साथ बेघर होते हुए खुले आसमान के नीचे आ गए। सूचना मिलने पर उस क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य निरंजन पोद्दार अग्नि पीड़ित से मिलने पहुंचे और पीड़ित मुनीलाल मंडल को थाना, अंचल कार्यालय में आवेदन देने को कहा। साथ ही साथ सरकार और प्रशासन द्वारा मिलने वाली राहत, सहयोग के नियमों के बारे में बताया।

## हवन पूजन के साथ हुआ नवसत्र का शुभारंभ



**तालझारी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लालमाटी तालझारी में नवसत्र 2024-25 के शुभारंभ पर हवन पूजन किया गया। जिसमे मुख्य यजमान के रूप में विद्यालय प्रबंधकरिणी समिति के संरक्षक शिव कुमार सिंह और विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार उपाध्याय, सभी आचार्य, दीदी जी एवं भैया बहनों ने पूजन के पश्चात हवन कुंड में आहुति दी। इस दौरान आचार्य, दीदी जी एवं भैया बहनों ने श्री राम जय राम जय जय राम का धुन एवं हनुमान चालीसा का गायन किया। मौके पर उत्तम मंडल, राजकिशोर दुबे, उज्जवल साहा, मिथिलेश यादव, पृथ्वी चांद टुडू, अनीता सिंह, वर्षा कुमारी, आकांक्षा भारती उपस्थित थे।

## पुलिस ने लूटी गई बाइक व देसी कट्टा सहित इंसाफ अली को किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो के एसपी पूज्य प्रकाश के निर्देश पर पुलिस दल ने छापेमारी के दौरान अनेक आपराधिक मामलों में वांछित अपराधी इंसाफ अली उर्फ पिटला को जिले के पिंड्राजोरा थाना अंतर्गत घटियाली गांव स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने लूटी गई एक मोटरसाइकिल तथा उसके पास से देसी कट्टा व गोली बरामद किया। पकड़े गये अभियुक्त की निशानदेही पर पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र से लूटी गई पल्सर मोटरसाइकिल और गोली सहित एक देसी कट्टा और मोबाइल फोन बरामद किया गया। उक्त जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्त ने अपने बयान में बोकारो के विभिन्न थानों धनबाद जिला एवं बंगाल के विभिन्न थानों में चेन छिनतई की कई घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार किया है। उसने छिनतई की घटनाओं में सभी चेन एक सोनार के हाथों बेचने की बात बताई। छापामारी दल ने अन्य जगहों पर छापामारी कर एक चेन की खरीद बिक्री करने वाले मधुकरपुर कसमार निवासी संजय स्वर्णकार को भी गिरफ्तार किया। साथ ही उसके पास से छिनतई के कई सोने के चेन झुमका लॉकेट आदि बरामद किया गया। छापामारी में डीएसपी आलोक रंजन के साथ चास के एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बोकारो स्टील सिटी सुदामा कुमार दास सेक्टर 12 थाना प्रभारी सुभाष चन्द्र सिंह पिंड्राजोरा थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार अवर निरीक्षक

## एक नजर में

### समाहरणालय सभागार में डीईओ ने की बैठक दिया जरूरी दिशा निर्देश



**बोकारो।** समाहरणालय सभागार में डीईओ सह उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने जिले के सभी सीडीपीओ एवं विभिन्न परियोजना के महिला पर्यवेक्षिका के साथ बैठक की। मौके पर डीडीसी संदीप कुमार अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी एसडीओ चास ओपी गुप्ता जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पीयूष एसडीओ बेरमो अशोक कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए श्रीमती जाधव ने कहा कि वैसे सभी मतदाता जिसका किसी कारण से अब तक मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं हो सका है। उनके बीच फार्म छह का वितरण एवं प्राप्त करना सुनिश्चित करें। सभी महिला पर्यवेक्षिका बीएलओ के कार्यों की निगरानी करें। वहीं दिव्यांग एवं 85 प्लस बुजुर्ग मतदाताओं की सहूलियत को लेकर मतदान दिवस के दिन ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने को लेकर ट्राई साइकिल चिन्हित करने एवं उसका संबंधित मतदान केंद्रों से टैग करने का कार्य को अंतिम रूप देने को कहा। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिया।

### अलविदा जुमे में मुस्लिम भाईयों ने की नमाज अदा



**दुमका।** अलविदा जुमा की नमाज शुक्रवार को अदा की गई। गर्मी को देखते हुए दुमका के जामा मस्जिद में विशेष इंतेजाम किए गए थे। वहीं दुमका के जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में भी सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई थी। रमजान के पाक महीना चल रहा है और रमजान के महीने का आज आखरी यानी अलविदा जुमा है। एक तरफ जहां रमजान के खास मौके पर लोग रोजा रखकर अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ रमजान के अलविदा जुमें को सभी मस्जिदों में नमाज अदा की गई। शहर की हर मस्जिदों में नमाज के दौरान नमाजियों की भीड़ दिखी तो वहीं नमाज के बाद सभी ने राज्य और देश की अमन चैन के लिए दुआएं की। रमजान का यह महीना काफी महत्व रखता है और पूरे महीने इबादत की जाती है। किसी को लेकर घर के तमाम बच्चे हो या बड़े रोजा रख रहे हैं और इबादत कर रहे हैं। वही आज अलविदा जुम्मे की नमाज के लिए लोग दुमका के जामा मस्जिद पहुंचे थे। जहां उन्होंने नमाज अदा की नमाज के बाद दुआओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे राज्य और मुल्क तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़े इसके लिए दुआएं की गई। इस पाक महीने के आखिरी जुमा को अलविदा जुमा कहा जाता है। अलविदा जुमा का मतलब है कि किसी चीज का रुखसत होना, यानी रमजान हमसे रुखसत हो रहा है। अलविदा के जुमे में अल्लाह से अमन-चैन की दुआ की जाती है।

## रमजान का पाक माह हमें रखता है संयमित व अनुशासित : योगेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** माहे रमजान के मौके पर कसमार स्थित जामा मस्जिद गर्री में आयोजित इफ्तार पार्टी में मुख्य रूप से झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो झामुमो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी कोषाध्यक्ष अशोक मुर्मू मौजूद थे। इस दौरान श्री महतो ने कहा कि सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों को माहे रमजान का पाक महीना सबसे शुद्ध व पवित्र होता है। रमजान माह पूरी तरह तन मन व वचन को संयमित व अनुशासित रखता है। झामुमो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी व कोषाध्यक्ष अशोक मुर्मू ने भी सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों को मुबारकबाद देते हुए अमन चैन व खुशी की दुआ की है। मौके पर प्रखंड सह 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम सचिव सोहेल अंसारी हाफिज इमाम बसर नियाजी हाफिज दानिश रजा सदर शेर ए आलम सेक्रेटरी शाकिब अंसारी, खजांची मोबिन अंसारी, तनवीर आलम, हाजी अताउल्लाह, हाजी प्रोफेसर शाकिर साहेब, नंदकिशोर कपरदार, हाजी दिल्लमोहमद अंसारी, पूर्व सदर शेखावत अंसारी, इंतखाब आलम, पूर्व मुखिया रईस कौसर, शकूर अंसारी आदि मौजूद थे।

## खेल मंत्रालय ने उमेश नायडू को कराटे का प्रदेश प्रमुख किया नियुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन संगठन स्टेयर्स फाउंडेशन द्वारा झारखंड राज्य कराटे प्रमुख के रूप में सेंसई उमेश नायडू को नियुक्त किया गया है। इस संगठन का उद्देश्य झारखंड में कराटे खेल को बढ़ावा देना है। सेंसई उमेश नायडू ने इस सम्मान के लिए स्टेयर्स फाउंडेशन के राष्ट्रीय कराटे प्रमुख मिथिलेश विद्यार्थी को धन्यवाद दिया और स्टेयर्स फाउंडेशन के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अपना पूरा प्रयास करने का वादा किया।

## ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात की मौत

**तालझारी।** पूर्व मालदा रेलवे डिवीजन अंतर्गत साहिबगंज-बरहरवा मुख्य रेल खंड के करणपुरा, महराजपूर के बीच डाउन रेल पटरी में अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना रेलवे के द्वारा तालझारी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही तालझारी थाना के एसआई अनिल कुमार यादव दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल साहिबगंज ले जाया गया।

### एसकेएमयू में संथाल खाद्य प्रणाली विषय पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला आज



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के सभागार में शनिवार को स्नातकोतर वनस्पति विज्ञान विभाग ने एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन करेगी। कार्यशाला ईस्ट एंग्लिया यूनिवर्सिटी यूनाइटेड किंगडम और प्रधान दुमका के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होगी। कार्यशाला कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह के अध्यक्षता में आयोजित होगी। जिसका विषय ह्लसंताल खाद्य प्रणाली को टिकाऊ और स्वस्थ बनाना होगा। कार्यशाला सुबह 9:30 से प्रारंभ होगी। कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता ईस्ट एंग्लिया यूनिवर्सिटी यूनाइटेड किंगडम के प्रो नित्या राव शामिल होंगी। मुख्य अतिथि संथाल खाद्य प्रणाली विषय पर अपना विचार रखेगीं। यहां बता दे प्रो नित्या राव भारतीय हरित क्रांति के जनक, मरणोपरांत भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित डॉ एमएस स्वामीनाथन की बेटी है।

## सामूहिक बलात्कार के तीन आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**गोड्डा।** सुंदर पहाड़ी थाना क्षेत्र के गोलकुंडा जंगल में एक किशोरी के साथ तीन युवकों द्वारा बलात्कार की घटना को अंजाम दिया गया था जिसकी शिकायत सुंदर पहाड़ी थाना में की गई थी। घटना को तीन युवकों ने होली के दिन ही प्लान बनाया था लेकिन 2/4/2024 को इस घटना को अंजाम दिया गया।

पुलिस पदाधिकारियों को इसकी सूचना मिलते ही एसडीपीओ गोड्डा के नेतृत्व में सुंदर पहाड़ी थाना के साथ मिल कर छापेमारी की गई जिसमे 21वर्ष और 19 वर्ष के और एक किशोर कानून के मुताबिक बाल अपराध की श्रेणी में उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया। ओर दो को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया।

## खेतों में गेहूं के पराली जलाने से अगल-बगल के खेतों की फसल को पहुंच सकता है नुकसान

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरहरवा।** खेतों को उर्वर बनाने के लिए गेहूं सरसों एवं मकई के फसलों की कटाई के बाद उसके लाडा एवं बचे हुए अवशेषों को खेतों में जलाए जाने की वजह से अगल-बगल के खेतों में लगे मटर, खेसारी, तथा प्याज एवं लहसुन के फसल को कई बार नुकसान पहुंचाने की संभावना बनी रहती है यदि पछिया हवा तेज हो तो खेतों में लगाए जाने वाले आग कई बार रिहाईसी इलाके तक पहुंच कर उसे भी जला देती है ऐसा ही एक वाक्य पिछले दिनों उधवा प्रखंड के बालू गांव में घटित हुई थी जहां खेत में लगाए गए आग गांव तक पहुंच कर आधा दर्जन घरों को जलाकर राख कर दिया था इस घटना में कई गरीब जनता के आशियाने भी जल गए थे जिसमें लाखों की नुकसान भी हो गया था। इसके बावजूद भी बरहरवा प्रखंड के शुक्रवासिनी आबरा टोला पलस बोना सहित विभिन्न इलाकों में गेहूं सरसों एवं मक्का की फसलों को काट लिए जाने के बाद उसके बच्चे हुए अवशेषों को खेतों को उर्वर बनाने के उद्देश्य से आग लगाकर जला देता हैजो कई बार अगल-बगल में लगे फसलों को नुकसान भी पहुंचता है यह आग कभी-कभी गांव घरों तक पहुंच कर वहां भी तांडव मचा देता है वैसे स्थिति में किसानों को चाहिए कि वह ऐसा करते समय मौसम के हिसाब से ही खेतों में गेहूं सरसों तथा मक्का के अवशेष को जलाएं अन्यथा यह कई बार बिकराल स्थिति उत्पन्न कर सकता है।

### सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं ईद उल फितर व रामनवमी का पर्व : उपायुक्त



**बोकारो।** उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव एवं एसपी पूज्य प्रकाश के संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में 11 अप्रैल को होने वाले ईद उल फितर/सरहुल एवं 17 अप्रैल को रामनवमी पर्व के विधि व्यवस्था संधारण को लेकर आयोजित बैठक में सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डीडीसी संदीप कुमार अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी पुलिस पदाधिकारी बीडीओ सीओ सभी थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे। डीसी श्रीमती जाधव ने कहा कि सभी थाना प्रभारी बीडीओ/सीओ अलर्ट रहेंगे। शांति समिति की बैठक करेंगे। किसी भी तरह के आपत्तिजनक/अश्लील गाने को बजाया नहीं जाएगा। अखाड़ा दल अपने वॉलिंटियर्स के नामों की सूची उन्हें अलग टी सर्ट/पहचान पत्र आदि जारी करेंगे। सभी जुलूस में मेडिकल किट उपलब्ध हो। धार्मिक स्थलों पर भी सभी संबंधित सतर्क रहेंगे। मौके पर एसपी श्री प्रकाश ने कहा कि पर्याप्त संख्या में पुलिस बल जिला को उपलब्ध है। सभी कि प्रतिनियुक्ति कर दी जाएगी। सभी थाना प्रभारी अपने सूत्रों को सक्रिय रखेंगे। मौके पर सभी सम्बद्ध पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बोकारो इस्पात संयंत्र में ओसीटी प्रशिक्षुओं को दिलाई गई सुरक्षा शपथ

**बोकारो।** बोकारो स्टील के एचआरडी में आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सीजीएम कार्मिक हरि मोहन झा ने 12 ओसीटी प्रशिक्षुओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बोकारो स्टील प्लांट निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है जिसमें नव प्रशिक्षुओं की भूमिका भी अपेक्षित है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से कहा कि उन्हें सुरक्षा के साथ साथ पर्यावरण के दृष्टिकोण से जीरो कार्बन इमिशन स्टील बनाते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में भी अग्रणी भूमिका निभानी है।

## दिव्यांग खलील से उनके घर पर जाकर मिले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का दिया निर्देश

# करीब 92 वर्षीय खलील का मतदाता सूची में जुड़ेगा नाम, पहली बार करेंगे मतदान

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने दुर्गम क्षेत्र के गांवों में जाकर वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं से की बात, उन्हें मिलने वाली सुविधाओं को जाना
- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड ने साहेबगंज जिला के दुर्गम क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम सुविधाओं का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के. रवि कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने आज साहेबगंज जिला के मंडरो प्रखण्ड के दुर्गम क्षेत्र में अवस्थित मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया एवं गांवों में जाकर वरिष्ठ/दिव्यांग मतदाताओं से मुलाकात की।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने करीब 92 वर्षीय बड़खोरी गांव के वरिष्ठ एवं दिव्यांग नागरिक खलील अंसारी से मिलकर मतदाता सूची में उनका नाम होने की जानकारी ली। उनके द्वारा बताया गया कि पूर्व में वे बिहार के पूर्णिया जिले में रहते थे, लेकिन अब बड़खोरी में रह रहे हैं। खलील ने मतदाता सूची में नाम नहीं होने के कारण कभी भी अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किये जाने की जानकारी दी। इसपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने खलील का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया तत्काल करने का निदेश दिया। उन्होंने अन्य वरिष्ठ मतदाताओं से मिलकर उनके लिए मतदान केन्द्र पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधा एवं अन्य व्यवस्थाओं को जाना।

### एक किलोमीटर से अधिक दूर तक पैदल चल मतदान केन्द्र का लिया जायजा

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पैदल पहुँच पथ वाले सुदूर स्थित मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। एक किलोमीटर से अधिक दूर तक पैदल चलकर साहेबगंज के उत्क्रमित उच्च विद्यालय आमझोर दक्षिण, मंडरो के मतदान केन्द्र संख्या 4 का भी निरीक्षण कर वहां पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं का अवलोकन किया।

### बीएलओ द्वारा किये जा रहे कार्यों की ली जानकारी, कमियों को दुरुस्त करने का दिया निदेश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित बीएलओ से मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए न्यूनतम सुविधाओं एवं मतदाता जागरूकता हेतु किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने मतदान केन्द्र जागरूकता समूह के सदस्यों की सूची एवं मतदाता सूची का अवलोकन करते हुए मतदान केन्द्र जागरूकता समूह एवं स्वयंसेवकों की सूची अलग-अलग तैयार रखने, मतदाता सूची में नये मतदाता का नाम जोड़ने से संबंधित प्रपत्र 6 संग्रह कर नाम जोड़ने की प्रक्रिया को ससमय निष्पादन करने का निदेश दिया। साथ ही मतदाता सूची को अंतिम रूप दिए जाने के बाद अनुपस्थित, विस्थापित एवं मृत(एएसडी) का नाम मतदाता सूची से हटवाने संबंधित प्रक्रिया ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया। उन्होंने स्वच्छ शौचालय एवं उसमें रनिंग वाटर की व्यवस्था करने के अलावा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। जिन मतदान केन्द्रों पर शुद्ध पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नही है उन मतदान केन्द्रों पर टैंकर या टंकी लगाकर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निदेश दिया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान कक्ष में मतदान अधिकारी, पीठासीन पदाधिकारी एवं अन्य को बैठने एवं ईवीएम/वीवीपैट रखने के लिए चिन्हित स्थान की भी जानकारी ली। उन्होंने मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं की कमियों को दूर करते हुए मतदाताओं के लिए गर्मी के मद्देनजर मतदान कक्ष में पंखा लगवाने तथा मतदान केंद्रों पर शेड निर्माण कराने का सख्त निदेश दिया।

### इन मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय, आमझोर दक्षिण, मंडरो के मतदान केंद्र संख्या-4, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बड़खोरी प्रधान टोला, मंडरो के मतदान केंद्र संख्या-9, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मोती लक्ष्मी, मंडरो के मतदान केन्द्र संख्या-10 एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रानीडीह के मतदान केन्द्र संख्या-13 का औचक निरीक्षण किया।

# 30 लाख जॉब

देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस ने अपनी चुनावी घोषणा लागू करते हुए 30 लाख युवाओं को नौकरी की गांरटी की बात की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी. चिदंबरम और कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा चुनाव, 2024 के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी किया। इस घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया गया है। इसमें तमाम वर्गों के लिए न्याय पर जोर दिया गया है जिसमें महिला, युवा, किसान, गरीब आदि शामिल हैं। पार्टी ने घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी बड़ी समस्या है और यह सरकार अमीरों के लिए है। न्याय पत्र जारी करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान न्याय के पांच स्तंभों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। इनमें युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय की घोषणा की गईं थीं। इनमें 25 गारंटियां निकलती हैं। इन सभी को भी घोषणा पत्र में शामिल किया गया है। विशेषकर युवाओं के लिये केन्द्र सरकार के खाली 30लाख नौकरियों को भरने का वादा किया गया है। इसके अतिरिक्त दर्जनों लोकलुभावन वादे किये गये हैं जिसमें किसानों के लिये एमएसपी को कानूनी दर्जा, महिलाओं के लियेएक लाख रुपये की सहायता की गांरटी शामिल है। यही नहीं ईवीएम से चुनाव की प्रकिया की मूल्यांकन की बात भी की गयी है। कुल मिलाकर कांग्रेस की न्याय पत्र में पूरी उदारता से सभी वर्गो को प्रभावित करने का प्रयास किसा गया है जिसमें जात, धर्म और समाज के सभी वर्गो को उनकी वोट की ताकत के हिसाब से हिस्सेदारी देने का प्रयास किया गया है। एक अधिकतम उदार सरकार की तस्वीर पेश की गयी है।

# ताइवान में भूकंप


ताइवान ने पिछले पच्चीस साल में आए सबसे तेज भूकंप का सामना किया। लेकिन ताइवान ने पिछले भूकंपों से हुई मानवीय त्रासदी से सबक लेकर जिस तरह जनधन की हानि को कम किया है, वह काबिले तारीफ है। बड़ी बिल्डिंगें हिली मगर क्षति मामूली हुई। दरअसल, ताइवान ने आधुनिक तकनीक व कुशल अग्रिम सूचना की व्यवस्था से आपदा से होने वाली क्षति को टाला है। भूकंप के केंद्र उत्तरी तट पर स्थित ख्वालिएन में 7.4 तीव्रता के भूकंप से क्षति स्वाभाविक थी, लेकिन सुनियोजित राहत व बचाव से जनक्षति को कम किया जा सका। सुरंगों व इमारतों में फंसे लोगों को बचाने का काम तत्परता से किया जा रहा है। जहां तक इस पहाड़ी इलाके में भूस्खलन का सवाल है तो मानव उसे टाल नहीं सकता। भूकंप से बचाव के ताइवानी सिस्टम बेहतर ढंग से काम कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जापान आदि पड़ोसी देशों ने भूकंप के बाद सुनामी की अग्रिम सुरक्षा चेतावनी जारी कर दी। बुधवार को आया भूकंप सुबह आया, यदि यह देर रात या तड़के आता तो क्षति ज्यादा हो सकती थी। यद्यपि ताइवान में भी सड़क व रेल परिवहन प्रभावित जरूर हुआ है। दरअसल, सितंबर 1999 में ताइवान में आए 7.6 तीव्रता के भूकंप में करीब ढाई हजार लोगों की मौत हुई थी और करीब पांच हजार इमारतें क्षतिग्रस्त हुई थीं। जिसके बाद वहां भवन व सार्वजनिक निर्माण में सुरक्षा मानकों को गंभीरता से लिया गया। इन मानकों का पालन अनिवार्य रूप से किया गया और सख्ती से उसकी निगरानी की गई। सरकारों की सजगता व नागरिकों की जागरूकता ने इस संकट का मुकाबला करना सीख लिया। वहीं हमारे सामने जापान दुनिया का अकेला ऐसा देश है जो इतने बड़े भूकंपों के बाद नुकसान कम करने में सफल रहा। भारत सहित अन्य देशों को भीताईवान की तैयारी से सीख लेना चाहिए।

# मितव्ययिता की संस्कृति को बचाना होगा

**जीवन** मात्र व्यय नहीं है यह केवल बचत का ही दृष्टिकोण नहीं देता है बल्कि यह नियंत्रित इच्छा, आवश्यकता एवं उपभोग की आवश्यकता व्यक्त करता है। जीवन में सादगी, संयम, अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण, त्याग एवं आडम्बर-दिखावामुक्त जीवन को प्राथमिकता देता है। इसी में विश्व की अनेक समस्याओं को समाधान निहित है और इसी में हमने कोरोना महाव्याधि से मुक्ति का मार्ग पाया है। असल में कोरोना महामारी ने जीवन को नये रूप में निर्मित करने की स्थितियां खड़ी की है, जिसका आधार मितव्ययिता एवं संयम ही है। जिसने इच्छाएं सीमित रखी, वह कभी दुःखी नहीं होगा। क्योंकि वह इस सचाई को जानता है कि इच्छा को कभी पूरा नहीं किया जा सकता। तभी तो महात्मा गांधी ने कहा- सच्ची सभ्यता वह है जो आदमी को कम-से-कम वस्तुओं पर जीना सीखाए। मितव्ययिता भारतीय संस्कृति का प्रमुख आदर्श रहा है। सुखी और स्वस्थ जीवन के लिए उसका बहुत बड़ा महत्व है। आज की उपभोक्तावादी एवं सुविधावादी जीवन-धारा में जैसे-जैसे मितव्ययिता का दृष्टिकोण धुंधला होता जारहा है, कोरोना महामारी, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, प्रकृति दोहन, आतंकवाद, युद्ध, संघर्ष की स्थितियों बढ़ती जा रही है। यदि मितव्ययिता का संस्कार लोकजीवन में आत्मसात हो जाये तो समाज, राष्ट्र एवं विश्व में व्याप्त प्रदर्शन, दिखावा एवं फिजुलखर्ची पर नियंत्रण हो सकता है। बेंजामिन फ्रैंकलिन ने कहा भी है कि अगर तुम जितना कमाते हो और उससे कम खर्च करते हो तो तुम्हारे पास पारस पत्थर है।

वर्ष 1924 में इटली के मिलान में पहला अंतर्राष्ट्रीय मितव्ययिता सम्मेलन आयोजित किया गया था और उसी में एकमत से एक प्रस्ताव पारित कर विश्व मितव्ययिता दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया। तभी से यह दिन दुनिया भर में बचत करने को प्रोत्साहन देने के लिए मनाया जाता है। मेरी दृष्टि में यह दिवस कोरा बचत का दिवस नहीं है, बल्कि यह अर्थ के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं संयममय जीवनशैली को अपनाने का दिवस है। जबकि दुनिया में अनियंत्रित इच्छाओं को बल दिया जा रहा है, जिसका परिणाम क्या होगा? इच्छापूर्ति के लिये, आवश्यकता को बढ़ाने और उसे पूरा करने के लिये हिंसा अनिवार्य हो जाती है। नया उपभोक्तावाद एक प्रकार से नई हिंसा





**- ललित गर्ग**

> फ्रांसीसी विचारक विचारक ज्यां बोद्रियो ने आधुनिक उपभोक्तावाद की मीमांसा करते हुए कहा है कि पहले वस्तु आती है तो वह सुख देने वाली लगती है। अंत में वह दु:ख देकर चली जाती है। पहले वह भली लगती है, किन्तु अंत में बुरी साबित होती है। आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को दूर करने के लिये मितव्ययिता जरूरी है।

यानी कोरोना महामारियों का उपक्रम है। हिंसा, प्रतिस्पर्धा, सत्ता की दौड़ एवं आर्थिक साम्राज्य को इससे नया क्रूर आकार मिला है। क्योंकि अर्थ की अंधी दौड़ ने व्यक्ति को संग्रह, सुविधा, सुख, भोग-विलास एवं स्वार्थ से जोड़ दिया है। समस्या सामने आई- पदार्थ कम, उपभोक्ता ज्यादा। व्यक्तिवादी मनोवृत्ति जागी। स्वार्थों के संघर्ष में अन्याय, शोषण एवं अनैतिकता होने लगी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई तो दूसरी ओर गरीबी एवं अभाव की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में जलने लगा, तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गई। आदमी-आदमी से असुरक्षित हो गया।

फ्रांसीसी विचारक विचारक ज्यां बोद्रियो ने आधुनिक उपभोक्तावाद की मीमांसा करते हुए कहा है कि पहले वस्तु आती है तो वह सुख देने वाली लगती है। अंत में वह दुःख देकर चली जातीहै। पहले वह भली लगती है, किन्तु अंत में बुरी साबित होती है। आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को दूर करने के लिये मितव्ययिता जरूरी है। सामाजिक और राष्ट्रीय संपदा का अर्थहीन अतिरिक्त भोग और दूसरी तरफ अनेक-अनेक व्यक्ति जीवन की मौलिक और अनिवार्य अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए भी तरसते रहते हैं। एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं, दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। यह आर्थिक विषमता निश्चित ही सामाजिक विषमता को जन्म देती है। जहां विषमता है, वहां निश्चित हिंसा है। इस हिंसा का उद्गम है, पदार्थ का अतिरिक्त संग्रह, व्यक्तिगत असीम भोग, अनुचित वैभव प्रदर्शन, साधनों का दुरुपयोग। सत्ता का दुरुपयोग भी विलासितापूर्ण जीवन को जन्म देता है। जनता के कुछ प्रतिनिधि अपनी ही प्रजा के खून-पसीने की कमाई से किस कदर ऐशोआराम एवं भोग की जिन्दगी जीते हैं, यह भी सोचनीय है।

किसके पास कितना धन है, यह महत्वपूर्ण नहीं है। महत्व इस बात का है कि अर्थ के प्रति व्यक्ति का दृष्टिकोण क्या है तथा उसका उपयोग किस दिशा में हो रहा है। प्रदर्शन एवं विलासिता में होने वाला अर्थ का अपव्यय समाज को गुमराह अंधेरों की ओर धकेलता है। विवाह शादियों में 35-40 करोड़ का खर्च, क्या अर्थ बबार्दी नहीं है। प्रश्न उठता है कि ये चकाचौंध पैदा करने वाली शादियां, राज्याभिषेक के आयोजन, राजनीतिक पार्टियां, जनसभाएं- मानवीय सभ्यता और संस्कृति के विनाश के ही कारण हैं। इस तरह की आर्थिक सोच एवं संरचना से क्रूरता बढ़ती है, भ्रष्टाचार की समस्या खड़ी होती है, हिंसा को बल मिलता है और मानवीय संवेदनाएं सिकुड़ जाती है। अर्थ केन्द्रित विश्व-व्यवस्था समग्र मनुष्य-जाति के लिये भयावह बन रही है। इसलिये विश्व मितव्ययिता दिवस जैसे उपक्रमों की आज ज्यादा उपयोगिता प्रासंगिकता है।

मितव्ययिता का महत्व शासन की दृष्टि से ही नहीं व्यक्ति एवं समाज की दृष्टि से भी है। हमारे यहां प्राचीन समाज में मितव्ययिता के महत्व को स्वीकार किया जाता था। किसी सामान की बबार्दी नहीं की जाती थी और उसे उपयुक्त जगह पहुंचा दिया जाता था। भोग विलास में पैसे नहीं खर्च किए जाते थे, पर दान, पुण्य किए जाने का प्रचलन था। पुण्य की लालच से ही सही, पर गरीबों को खाना खिला देना, अनाथों को रहने की जगह देना, जरूरतमंदों की सहायता करना जैसे काम लोग किया करते थे। पर आज का युग स्वार्थ से भरा है, अपने स्वार्थ के वशीभूत होकर सुंदर महंगे कपडे.पहनना, फ्लाइट में घूमना, भोग विलास में आपना समय और पैसे जाया करना आज के नवयुवकों की कहानी बन गयी है। दूसरों की मदद के नाम से ही वे आफत में आ जाते हैं, अपने माता-पिता तक की जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते, दाई-नौकरों और स्टाफ को पैसे देने में कतराते हैं, पर अपने शौक मौज के पीछे न जाने कितने पैसे

## खास बात

### बढ़ता कर्ज

देश और प्रदेशों के सार्वजनिक कर्ज में थोड़ा वृद्धि हुई है। वर्ष 1951 में 24.62 लाख करोड़ रुपए का भारत पर सार्वजनिक कर्ज था। मार्च 2020 में 94.62265 लाख करोड़ रुपए भारत सरकार पर कुल देनदारी थी। इसमें मामूली वृद्धि हुई है। केंद्र सरकार के कुल देनदारी जून 2020 तक 101.35600 लाख करोड़ रुपए हो गई।

वर्ष 1991 में भारत पर 85 बिलियन डॉलर का बाहरी कर्ज था जो वर्ष 2011 में बढ़कर 317 बिलियन डॉलर हो गया। मार्च 2020 में भारत पर लगभग 558 बिलियन डॉलर का विदेशी ऋण था। जून 2020 में देश पर बाहरी ऋण 3.9 बिलियन डॉलर घटकर 554 बिलियन डॉलर हो गया।

भारत के लिए सुखद बात यह है कि भारत आंतरिक ऋण पर ज्यादा और बाहरी ऋण पर कम निर्भर करता है। भारत की इस नीति की वजह से कुल कर्ज का लगभग 20 प्रतिशत बाह्य कर्ज है और शेष 80 प्रतिशत आंतरिक कर्ज है। यही कारण है कि भारत की वित्तीय स्थिति कोरोना महामारी के बावजूद भी मजबूत है।

देश के सभी राज्यों पर कर्ज का दबाव बढ़ रहा है। मार्च 2020 तक देश के सभी राज्यों पर कुल मिलाकर लगभग 40 लाख करोड रुपए का कर्ज था। मुझे लगता है कि मार्च 2021 तक सभी राज्यों पर 60 लाख करोड़ तक का कर्ज हो सकता है। हाल ही में केयर रेटिंग के आंकड़ों से यह पता चलता है कि देश के लगभग सभी राज्यों पर लाखों करोड़ रुपए का कर्ज है। उत्तर प्रदेश पर 6.02 लाख करोड़ रुपए, महाराष्ट्र 5.02 लाख करोड़ रुपए, पश्चिम बंगाल 4.37 लाख करोड़ रुपए, तमिलनाडु 4.04 लाख करोड़ रुपए, राजस्थान 3.43 लाख करोड़ रुपए, आंध्र प्रदेश 3.41 लाख करोड़ रुपए, गुजरात 3.26 लाख करोड़ रुपए, कर्नाटक 3.17 लाख करोड़ रुपए, केरल 2.66 लाख करोड़ रुपए, मध्य प्रदेश 2.34 लाख करोड़ रुपए, पंजाब 2.30 लाख करोड़ रुपए, तेलंगाना 1.68 लाख करोड़ रुपए और उड़ीसा पर 1.33 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। पंजाब राज्य में प्रति व्यक्ति देनदारी 82771 रुपए, हरियाणा 81287 रुपए, केरल 79771 रुपए, तमिलनाडु 56134 रुपए, गुजरात 53931 रुपए, पश्चिमी बंगाल 47881 रुपये है।

# स्मार्ट और बुद्धिमान

## धर्म-प्रवाह

**जग्गी बासुदेव**

**स्मार्ट** होना और बुद्धिमान होना, ये दो अलग-अलग बातें हैं। 25 साल पहले, किसी के बारे में बात करते हुए, हम उसे बुद्धिमान कहते थे। लेकिन आजकल, अलग शब्दों का प्रयोग होता है। आजकल कोई परवाह नहीं करता कि आप बुद्धिमान हैं या नहीं। उनको एक ही फिक्र होती है कि क्या आप स्मार्ट हैं? अगर आप स्मार्ट हैं तो आप दुनिया में अपना काम निकाल सकते हैं - आज की अर्थव्यवस्था में आप पार लग जायेंगे। लेकिन बुद्धि का स्वभाव अलग है। बुद्धि हमेशा आपको कोई दौड़ जीतने के लिये तैयार नहीं करती। वास्तव में आप दूसरे से धीमें हो सकते हैं क्योंकि उन लोगों की अपेक्षा आप कहीं ज्यादा चीजें देख सकते हैं। जो लोग स्मार्ट हैं और सिर्फ इस कोशिश में हैं कि अपने जीवन का कोई छोटा उद्देश्य पूरा कर लें, हो सकता है वे वहां ज्यादा तेजी से पहुंच जाएं और हो सकता है लोग उनके लिये तालियां भी बजायें। लेकिन आपकी बुद्धि इतनी सारी चीजें ग्रहण कर रही होगी, कि वो आपको एक कदम भी उठाने नहीं देगी। अगर आप स्मार्ट हैं तो इसका मतलब ये होगा कि आपने अपने लाभ के लिये परिस्थितियों बना ली है। आप किस तरह के समाज में हैं, समय कैसा है, परिस्थिति कैसी है और आप किस तरह के लोगों के बीच में हैं! आज, वे लोग जो कुछ संकोच मे होते हैं, वे आम तौर पर बेवकूफ माने जाते हैं। बिना किसी संकोच वाले लोग स्मार्ट कहलाते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि कुछ खास परिस्थितियों का लाभ कैसे लिया जाये!

## कार्टून वर्ल्ड

**कटते वन, घटता जीवन**



## लेटर टू एडिटर

### भूकंप से बचाव

**जापान** ने 2011 की त्रासदी के बाद भूकंपपरोधी निर्माण में कोई चूक नहीं की। वैसे तो वहां 1981 के बाद भवन निर्माण में सुरक्षा मानकों को अनिवार्य कर दिया गया था, लेकिन बाद के अनुभवों के साथ इन मानकों में लगातार सुधार भी किया गया। यही वजह थी कि इशिकावा के तेज भूकंप के बाद अधिकांश इमारतें सुरक्षित रहीं। यही बात दुनिया के देशों में लागू हो। **– प्रशांत झा, हजारीबाग**

### जुमार्ना मकसद नहीं

**यातायात** पुलिस लोगों का जमकर जुर्माना काटती है। पुलिस का काम लोगों की सहायता करना तथा नियमों की पालना करवाना है, न कि चालान काटना। नियमों को लेकर लोग पहले से ज्यादा सतर्क हैं। ज्यादातर लोग नियमों की पालना करते हैं पर ऐसे में केवल कम चालान काटने पर नोटिस जारी करना कहीं न कहीं गलत है। यह जनता को परेशान करने वाली बात है।

**–रमन कुकरेजा, रांची**


आधुनिक भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, सामाजिक न्याय के दृढ़ समर्थक एवं भारत के प्रथम दलित उप-प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी के जयंती पर कोटिशः नमन।

**–पूर्णिमा नीरज सिंह**

## आपके ट्वीट

विचारशील रहें दिव्य व आध्यात्मिक विचार हमारे अंतःकरण को परिष्कृत कर शुभत्त्व देवत्व और पारमार्थिक प्रवृत्तियों को साकार करते हैं।अतः वैचारिकी शुचि संपन्न रहे।

**– अवधेशानंद गिरी**





गांधी जी की 'ग्राम स्वराज' की परिकल्पना थी कि 'ग्राम पंचायत दूसरों पर केंद्रित न होकर आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करें।'इस दिशा में हम सबको अपने प्रयासों को सतत आगे बढ़ाना चाहिए।

**–आदित्यनाथ योगी**

# कांग्रेस का राम और अडानी पर प्रहार से असहज कांग्रेसी

**एनके मुरलीधर**

**कांग्रेस पार्टी आज जिस प्रकार से दिशाहीन होकर आगे बढ़ रही है,उसमें मैं खुद को सहज महसूस नहीं कर पा रहा.मैं ना तो सनातन विरोधी नारे लगा सकता हूं और ना ही सुबह-शाम देश के वेल्थ क्रिएटर्स को गाली दे सकता.इसलिए मैं कांग्रेस पार्टी के सभी पदों व प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहाहू**

गौरव वल्लभ ने कांग्रेस के प्रवक्तापद से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। गौरव उन कांग्रेसियों में थे जो आर्थिक विषयों के मर्मज्ञ थे और कई मोर्चा पर भाजपा सहित एनडीए की कसकर घेराबंदी करते थे। उन्होंने जिन दो बिंदुओं पर कांग्रेस को आईना दिखाया सही में उन दो बिंदुओं को न समझ पाने के कारण ही कांग्रेस की दुर्गति हुई है। इन नीतियों के संप्रेषण में कांग्रेस से एक बड़ी भूल हुई है और वह है अडानी को लगातार टारगेट करना।

राम मंदिर शुभारंभ के कार्यक्रम की उपेक्षा करने की उसकी नीतिसे अधिक खतरनाक है देश के उद्योगपतियों को अकारण गाली देना, उनके उपर जो देश-विदेश में षडयंत्र होता है उसको नैतिक समर्थन देना। निश्चित तौर पर देश की नयी आर्थिक नीति जो 1991 में देश में लागू किया गया उसके मूल में निजीकरण ही था। भारतीय जनता पार्टी में इतनी ईमानदारी थी कि वह इस नीति का पूरजोर विरोध नहीं करती थी। आज देशका विकास निजीकरण के नींव परखड़ा है। अगर अमेरिका, जर्मनी, चीन औरजापान

## चुनाव

की बात करें तो उन देशों में आर्थिक नीतियोंको लेकर सरकार और विपक्ष के बीच एक सहमति बनी रहती है जिससे विकास का पहिया तेज घूमता है। लेकिन भारत में कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी लगातार अडानी समूह की आलोचना करते रहते हैं। चूंकि गौरव खुद आर्थिक मामलों के जानकार हैं इस कारण वे कांग्रेस के इस प्रकार की नीतियोंसे क्षुब्ध थे। आज देश की हालत बेहतर इसलिये है कि निजी क्षेत्र पूरी ताकत से विकास कर रहा है। देश के 6.40 करोड़ सूक्ष्म और मध्यम उद्योगों से देश के लोगों को जहां जॉब मिला है वहीं आर्थिक गतिविधियों को भी एक नया मुकाम प्राप्त हुआ है। इन्हीं लघु और मध्यम उद्योगों के बीच से अडानी रिलायंस जैसे उद्यौगिक समूह का लगातार विकास होना देश के विकास का शुभ संकेत है। आज टाटा समूह का कुल एसेट पाकिस्तान की बजट से अधिक हो गया है। वर्तमानवैश्वीकरण के दौर में निजी कंपनियों के सहारे ही विश्व के विकसित देशों की आर्थिक गति और विकास टिकी हुई है। राहुल गांधी को यह नहीं भूलना चाहिए कि जिस राफेल युद्धक विभान के फ्रांस से खरीदी के बाद हमारी सैन्य शक्तिसे चीन और पाकिस्तान संतुलित हुए है वह एक निजी कंपनी का उत्पाद है। आज देश में 21 हजार करोड़ के रक्षा उत्पाद का निर्यात हुआ है जिसमें अडानी समूह का भी एक बड़ा योगदान है।

निजीकरण को लेकर देश में एक विरोधी माहौल बनाने का प्रयास किसी भी हालत में देश हित में नहीं है।

कांग्रेस कोइसका परिणाम भुगतना ही होगा या रणनीति बदलनी होगी। देश के कुल कार्यबल में 98 प्रतिशत कामगार निजी क्षेत्र में कार्य करते हैं। इस कोण से भी देखा जाए तो उन्हें लघु, मध्यम और बड़े उद्योगों में ही काम मिला हुआ है।

यह दुखऔर आश्चर्य का विषय है कि कांग्रेस की नीतियों को वर्तमान सरकार तेजी से बढ़ा कर देश को दोहरे और अधूरे माहौल से निकालना चाहती है जिससे हम दुनिया में विकसित राष्ट, की श्रेणी में खड़ा हो सके। आर्थिक विषयों, रक्षा मामलों, सेना और अतंरिक्ष के विषयों पर कांग्रेस को बहुत चिंतन की आवश्यकता है अन्यथा कांग्रेस का गौरव सिर्फ चर्चा का विषय रह जायेगा।

# शक्ति का स्मरण करा देना ही सबसे बड़ी सेवा है

**आशुतोष राणा**

स्मृति का विस्मृति में बदलना, शक्ति होते हुए भी शक्ति का भान ना होना ही, हमारे दुःख का कारण होता है..इसलिए ऐसी मनःस्थिति को असुंदर माना गया है।

वहीं जब हमारी विस्मृति स्मृति में बदल जाती है, जब हमें स्वयं में प्रतिष्ठित शक्ति का बोध होता है तब हम में सुख का संचार होता है। सुख की अवस्था को सर्वाधिक सुंदर माना जाता है।

जीवन में जैसे सात जन्म, विवाह में सात फेरे, सात वचन, लोकों में सात लोक, सात समुद्र, संगीत में सात सुर वैसे ही रामायण में सात कांड हैं। जिसमें सुंदरकांड पाँचवे पायदान पर आता है। संगीत में जैसे पाँचवे सुर पर को पराक्रमी सुर माना जाता है, वैसे ही सुंदरकांड भी अपने अंदर पंच महाभूतों के श्रेष्ठतम योग हनुमान जी महाराज की पुण्यता, पवित्रता, प्रवीणता, पराक्रम, पुरुषार्थ की गाथा है। श्री जामवन्त जी के द्वारा हनुमान जी को उनकी शक्ति का बोध ( स्मरण ) कराए जाने के बाद, सुंदरकांड की शुरूआत ही हनुमान जी के इस कथन से होती है, जामवन्त के वचन सुहाए, सुनी हनुमंत हृदय अति भाए। और वे अपनी भूली हुई शक्ति को याद करके खड़े हो जाते हैं सामने फैले हुए 100 योजन लम्बे समुद्र को पार करने के लिए।

पुण्यता, पवित्रता, पराक्रम, पुरुषार्थ को प्रलोभन की कसौटी पर ही परखा जाता है, सो बीच मार्ग में ही रसों का श्रेष्ठतम स्वरूप सु-

## धर्म

रस अर्थात सुरसा से उनका सामना होता है, रस की प्रकृति होती है की वह पुरुषार्थ को उदरस्थ करना चाहता है। किंतु महाबली हनुमान जो पुरुषार्थ और पराक्रम के प्रतिमान नहीं स्वयं पराक्रम और पुरुषार्थ हैं को उदरस्थ करना सुरसा के वश की बात नहीं थी, प्रलोभन रूपी सुरसा जैसे-जैसे अपने रूप का विस्तार करती जाती उसके दोगुने अनुपात में रूद्र के ग्यारहवें अवतार श्री हनुमान लाल जी भी अपने रूप को विस्तारित करते जाते। सफल होने के लिए सिर्फ. बड़ा होने की कला ही नहीं छोटा होने का हुनर भी आना चाहिए और शिव तो स्वयं सफलता हैं सो वे इसमें दक्ष थे, साथ ही वे प्रलोभन की प्रकृति से भी भली भाँति परिचित थे, प्रलोभन या सु-रस सदैव विशाल, विराट शक्तिशाली की ओर ही आकर्षित होता है क्षुद्र, सूक्ष्म या लघु में उसकी रुचि नहीं होती। प्रलोभन बढ़ तो सकता है किंतु बढ़ जाने के बाद वह कम या छोटा नहीं होता। सो हनुमान जी ने अपनी बुद्धिमत्ता से पहले प्रलोभन रूपी सुरसा को अपने प्रति आकर्षित कर उसे बढ़ने के लिए विवश किया और फिर स्वयं को छोटा कर उसके सामने अपने को नगण्य बना दिया।

ह्लजस जस सुरसा बदनु बढ़ावा।तासु दून कपि रूप देखावा॥

सत जोजन तेहिं आनन कीन्हा।

अति लघु रूप पवनसुत लीन्हा॥ सुरसा विस्मित चकित होकर रसराज रामदूत श्री हनुमान के कौशल को प्रणम्य भाव से देखती रही। किसी को नष्ट करना हो तो उसे नहीं, उसकी इमिज को नष्ट कर दीजिए व्यक्ति स्वमेव समाप्त हो जाएगा, यह आज का नहीं अत्यंत पौराणिक नुस्खा है इसका प्रमाण सुंदरकांड में मिलता है। समुद्र लाँघते हुए महावीर श्री हनुमंत लाल जी का सामना एक ऐसे ही राक्षस से हुआ जो आकाश में उड़ते हुए किसी भी पक्षी की समुद्र जल में उभरी हुई परछाईं ( इमिज ) को पकड़ता था, जिससे वह पक्षी अवश होकर आकाश में ही जड़ हो जाता और समुद्र जल में गिर जाता तब राक्षस बहुत सरलता से उसे अपना शिकार बना लेता।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## सयाल में चौहरमल की जयंती मनी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पासवान कल्याण केंद्रीय समिति सयाल भुरकुंडा के तत्वावधान में गुरुवार को सयाल में शिरोमणी बाबा चौहरमल की 711वीं जयंती धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष उपेंद्र पासवान और संचालन संरक्षक खजांची राम ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत समिति के लोगों ने महाबली बाबा चौहरमल के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की। मौके पर समाज के उत्थान व शिक्षा पर जोर देते सबों को एकजुट रहने की बात कही गई। वक्ताओं ने बताया कि बाबा चौहरमल का जन्म 1313 ई में हुआ था। वे एक किसान परिवार से थे। उन्होंने अपने समाज के उत्थान के लिए कई सराहनीय कार्य किये। इस दौरान बाबा चौहरमल के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का सामुहिक संकल्प भी लिया गया। मौके समिति के संरक्षक खजांची राम, वीरेंद्र पासवान, प्रभु पासवान, इंद्रदेव पासवान, राम प्रवेश पासवान, सुरेंद्र पासवान, बिजेंद्र कुमार, ब्रिदा पासवान, बटाई पासवान, शशि पासवान, पंकज पासवान सहित समाज के दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पतरातू में आजसू की बैठक कल

**बासल (रामगढ़)।** आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक रविवार को पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में सुबह 10 बजे से आहूत की गई है। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित होंगे। उक्त जानकारी देते हुए प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने पतरातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तमाम केंद्रीय पदाधिकारी, सदस्य, जिला कमिटी के पदाधिकारी, सदस्य, पतरातू प्रखंड कमिटी के तमाम पदाधिकारी, सदस्य, सभी अनुषंगी इकाइयों के पदाधिकारी व सदस्यों से उक्त बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने बताया कि उक्त बैठक में 13 अप्रैल को हजारीबाग में प्रस्तावित लोकसभा स्तरीय ग्राम/पंचायत प्रभारी सम्मेलन की तैयारी एवं अन्य भावी कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श किया जायेगा।

## चैनगड्डा में बालू लदा हाइवा जब्त



**भदानीनगर (रामगढ़)।** रामगढ़ उपायुक्त के निर्देश पर जिला खनन विभाग द्वारा खनिज के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान जारी है। इसी क्रम में रामगढ़ डीएमओ निशांत अभिषेक के निर्देश पर जिला माइनिंग इंस्पेक्टर राहुल सिंह ने भदानीनगर ओपी अंतर्गत चैनगड्डा से बालू लदा एक हाइवा पकड़ा है। बुधवार की देर रात चैनगड्डा फोरलेन सड़क पर बालू लदा हाइवा नंबर जेएच 02 बीके 9253 को पकड़ा। बताया जाता है कि हाईवा में बालू लदा था। साथ ही बालू का परिवहन चालान भी नही था। हाईवा को माइनिंग इंस्पेक्टर द्वारा भदानीनगर ओपी पुलिस के हवाले कर दिया गया है। साथ ही आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## उज्जवला फाउंडेशन की बैठक



**कुजू।** उज्जवला फाउंडेशन की मासिक समीक्षा बैठक शुक्रवार को बोंगावार फोरलेन स्थित मोतीराम परिसर के जेपी रेस्टोरेंट एंड बैंक्वेट हॉल में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन शांति देवी ने किया। बैठक में फाउंडेशन की सदस्यों ने आय- व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए बीते कार्यों की समीक्षा किया। स्वास्थ्य, शिक्षा और बेरोजगारी को लेकर निर्मित किए गए फाउंडेशन के बारे में चर्चा की गयी। फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि अगर हम सभी लोग आपस में मिलकर काम करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता हाथ लगेगी। इसलिए महिलाएं दिगभ्रमित ना हो। आप अपनी ईमानदारी से संगठन हित में कार्य करते रहे। उम्मीद है बहुत जल्द महिलाएं रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगी। मौके पर सुमन देवी, वीणा कुमारी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, सुनीता देवी, रूपा देवी, नेहा देवी, सरिता देवी, लक्ष्मी देवी, निरासो देवी, आकांक्षा देवी, संगीता देवी, सविता देवी, दशरथ प्रसाद केसरी, सुखदेव प्रसाद सोनी, जगत प्रसाद, बासुदेव प्रजापति आदि मौजूद थे।

## इचाक : यज्ञ के दौरान मांस-मदिरा की बिक्री पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

हजारीबाग। इचाक के बोंगा और बरवां गांव में नौ दिवादीय महायज्ञ मंगलवार नौ अप्रैल से शुरू होगा। सिरसी में यज्ञ की शुरूआत 11 अप्रैल को होगी। इसके सफल संचालन के लिए तीनो गावों में यज्ञ कमिटी का गठन किया गया है। रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा के नवरात्र को लेकर चारो तरफ भक्ति की व्यार बहने लगा है। यज्ञ और रामनवमी तथा चैती दुर्गा पूजा को देखते हुए, मांस मदिरा की बिक्री पर प्रशासन लगातार करवाई कर रही है। वहीं बोंगा, सिरसी और बारवा गांव के लोगों ने यज्ञ के दौरान इसके बिक्री और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों के इस निर्णय का समर्थन पुलिस प्रशासन की ओर से मिलने लगा है। बोंगा यज्ञ समिति के अध्यक्ष भागवत प्रसाद मेहता और मुखिया उमेश प्रसाद मेहता तथा बरवा के पूर्व पंसास अजय मेहता, सिरसी के कृष्णा प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि नौ अप्रैल को यज्ञ मंडप से बाजे गाजे और जय श्री राम तथा जय माता दी, हरहर महादेव के नारों के बीच भव्य जलयात्रा निकली जाएगी। इसके साथ ही नौ दिवसीय अनुष्ठान का शुभारंभ हो जाएगा। बोंगा और सिरसी यज्ञ शाला से निकली शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु सिवाने नदी पहुंचेंगे जहां यज्ञाचार्य के मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल धारण कराया जाएगा।

# ना बीजेपी ना जेपी, लोगों के दिलों में राजकुमार का होगा राज

## दो तरफा संघर्ष बताने वालों को मिलेगा करारा जवाब, जीत मेरी होगी : राजकुमार कुशवाहा

▶▶ लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड पार्टी के उम्मीदवार राजकुमार कुशवाहा से खबर मन्त्र से विशेष बातचीत

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड पार्टी से हजारीबाग के लोक सभा उम्मीदवार राजकुमार कुशवाहा उर्फ बबलू कुशवाहा के साथ खबरमन्त्र के संवाददाता अभय कुमार सिंह ने शनिवार को साक्षात्कार किया। उनके लोकसभा उम्मीदवारी को लेकर कई प्रश्न सवाल किये। श्री कुशवाहा ने बेबाक तरीके से अपने अंदाज में अपनी बातों को रखा। पेश है साक्षात्कार के मुख्य अंश...।

**प्रश्नः** इतने दिनों तक समाजसेवा के क्षेत्र में काम करते हुए अचानक लोक सभा चुनाव लड़ने का मन कैसे बना ?

**उत्तरः** ये अचानक नहीं हुआ। मैं जिला परिषद् का चुनाव लड़ चूका हूं। जीत भी चूका हूं। समाजसेवा मेरा कर्म क्षेत्र रहा है। लोगो की मदद उनके दुःख सुख में साथ रहा हूं। देख रहा था कि पिछले कई सालो से लोगों को मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा पर जो कार्य होने चाहिए थे वे कार्य नहीं हुए। लोगों को छला गया। अब ऐसी स्थिति में जनता का विश्वास बीजेपी जैसी पार्टी और जेपी जैसे नेताओ से उठ चुकी है। मेरे सामाजिक कार्यो को देखते हुए उन्होने मुझपर भरोसा जताया। जनता का प्यार और स्नेह को देखते हुए उनके दबाव पर मैं लोकसभा उम्मीदवारी के लिए राजी हो गया।

**प्रश्नः** बीजेपी के मनीष जायसवाल और कांग्रेस के जेपी पटेल के बीच हजारीबाग लोकसभा चुनाव में सीधी संघर्ष की लोग चर्चा कर रहे हैं, आप इसमें खुद को कहां पाते हैं ?

**उत्तरः** ये सीधी संघर्ष बताने वाले कौन लोग है। जो लोग ऐसी बाते कर रहे हैं वो इन नेताओ के दलाल लोग हैं। जो अपने पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। आप देखिएगा इस बार का लोकसभा चुनाव का रिजल्ट चौकाने वाला होगा। लोगों ने मुझे खड़ा किया है। मैं अपने मन से खड़ा नहीं हुआ हूं। जनता राष्ट्रीय पार्टियों से अजिज आ चुकी है। जहां जा रहा हूं जनता का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये आशीर्वाद वोट में परिवर्तित होगा। 4 जून को रिजल्ट मेरे पक्ष में होगा।

**प्रश्नः** बीजेपी के मनीष जायसवाल के पास अपना कैडर वोट है तो वही जेपी पटेल के साथ पूरी लॉबी है, यशवंत सिन्हा से लेकर अकेला यादव, अम्बा प्रसाद पूरा इंडि गठबंधन इनके साथ है. आपके साथ कौन है?

**उत्तरः** नेता बड़ा या जनता। आपने जितने लोगों का नाम लिया वो सभी के सभी जनता के बगैर क्या है। उन्हें नेता जनता ने बनाया है। जनता अगर चाह ले तो सारी लॉबी धाराशायी हो जाती है। इस बार यही होने वाला है। कैडर वोट क्या होता है, जो लोग बीजेपी या कांग्रेस को वोट देते हैं वो मेरे अपने लोग हैं। वो मेरी माताएं, बहनें भाई लोग हैं। इसबार उनलोगों का सहयोग मुझे मिल रहा है। जनता एक बार मुझे भी मौका देना चाहती है।

**प्रश्नः** मनीष के पक्ष में प्रधानमंत्री मोदी और जेपी के पक्ष में राहुल गांधी की रैली होगी। आपके लिए कौन आएगा ?

**उत्तरः** अबकी बार नो मोदी सरकार और ना हीं राहुल का चलेगा वार। राजकुमार की होगी जीत सबकी होगी हार। देखिएगा, हजारीबाग लोकसभा में इतिहास रचा जायेगा। ये बीजेपी, कांग्रेस वाले जितनी ताकत है लगा दें। उनकी हार तय है। मुझे लोगो ने खड़ा किया है। मैं एवरेज कमाने वाला इंसान हूं। ईमानदारी से लोगो की सेवा की है। मैं मनीष जायसवाल और जेपी पटेल जैसा पूंजीपति नहीं हूं। मुझे धनबल और बाहुबल नहीं बल्कि जनता का बल चुनाव जिताएगा। इस बार का चुनाव और चुनावो से अलग होगा। देखते रहिये।

**प्रश्नः** आप जिस तरह से बात कर रहे हैं, कहीं ये आपकी अति विश्वास तो नहीं है?

**उत्तरः** ये अति विश्वास नहीं बल्कि जनता का आत्मविश्वास है। जनता का आत्मविश्वास ही मेरा मजबूत पक्ष है। साथ ही झारखण्ड पार्टी के एनुस एक्का व अन्य बड़े पदाधिकारियों का समर्थन और आशीर्वाद मेरे साथ है। जनता के सहयोग और आशीर्वाद और अपने पार्टी के समर्थन से मैं चुनाव जीत जाउंगा। देखिये बड़ी पार्टियों ने लोगो को छला है। भोले भाले निरीह जनता को ठगा गया है। जनता सब समझ चुकी है। इस बार करारा जवाब दिया जायेगा। जनता मन बना चुकी है।

# हजारीबाग रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष चुने गये जीतू यादव

### क्या इस साल बजेगा डीजे या फिर लगेगी पाबंदी

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग रामनवमी महासमिति अध्यक्ष पद का चुनाव मुनका बगीचा स्थित बड़ा अखाड़ा में संपन्न हुआ। समिति के चुनाव में जीतू यादव 66 वोट लेकर विजयी रहे। दूसरे स्थान पर रहे मीत यादव ने 54 वोट प्राप्त किया। इस अवसर पर जीतू यादव ने कहा कि हजारीबाग का रामनवमी इंटरनेशनल है। हजारीबाग को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। वहीं बड़ा अखाड़ा के महंत विद्यानंददास ने कहा कि चुनाव शांति से संपन्न हो गया। इसे लेकर सभी रामभक्तों को बधाई। अब हमलोगों को रामनवमी के त्योहार की तैयारियों में जुट जाना है। ये सभी राम के दिवाने है। राम काज किये बिनू मोहे कहां विश्राम। हजारीबाग का बच्चा-बच्चा राम के नाम और काम का है। हम अपने पुवर्जो के द्वारा किये गये रचे गये कार्यो को आगे ले जाने को प्रतिबद्ध हैं। मौके पर सैकड़ो लोग मौजूद थे।

हजारीबाग में कोरोना काल से डीजे पर पाबंदी लगा दी गयी है। विवादित गाने, ध्वनी प्रदूषण का आरोप मढकर इसको बैन किया जाता रहा है। जबकि सच्चाई यही है कि एक आध मामले को छोड़ दें तो हजारीबाग में कभी दो समुदायों के बीच पूजा-पाठ को कभी विवाद नहीं हुआ है। हिंदुओं के साथ मुस्लिम भाई भी रामनवमी जुलूस में बढ-चढकर हिस्सेदारी करते हैं। यही कारण है कि यहां कि रामनवमी को इंटरनेशनल रामनवमी कहा जाता है। पहले साऊंड और बाजे के लिए लाउडिस्पीकर और ताशा का इस्तेमाल किया जाता था। समय के साथ इसमें बदलाव आया। अब ताशा भी बहूत कम रह गया है। जबकि 100 से ऊपर झाकियां शहर में निकलती हैं। ऐसे में समितियों को ताशा बजाने वाले मिल नहीं पाते। कुछ समिति कोलकाता, पुरूलिया से ताशा बुक कर ले आते हैं। लेकिन सभी समिति ऐसा कर सके ऐसा मुमकिन नहीं होता है। क्या ऐसे में इस साल सराकर व जिला प्रशासन समितियों को डीजे बजाने की अनुमति देगी ये लाख टके की सवाल है।

एक नजर में

## अलविदा जुम्मे की नमाज में उमड़ी भीड़



**रामगढ़।** अलविदा जुम्मे की नमाज को लेकर शुक्रवार को शहर के मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों की उमड़ी भीड़। गोलपार जमा मस्जिद , सौदागर मुहल्ला जमा मस्जिद , दुसाध मुहल्ला मस्जिद , इकरा मस्जिद, नईसराय मस्जिद सहित सभी मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय ने नमाज अदा की। गोलपार जामा मस्जिद में भारी संख्या में लोग पहुंचे । अंजुमन कमेटी के सदस्यों ने सदस्यों ने सभी को व्यवस्थित तरीके से नमाज अदा करने में मदद की। मस्जिद के इमाम द्वारा समाज के लोगों को विधि पूर्वक नमाज अदा करवाया गया। समाज के लोगों ने मुल्क की खुशहाली और अनम चैन की दुआ करते हुए पूरी दुनिया के लिए शांति की कामना की। युवा और बच्चों में खासा उत्साह दिखा। मौके पर कमेटी आरिफ कुरैशी, हाजी रईस खान, वजूल खान, सरवर कुरैशी, अब्दुल मजीद,वसीम कुरेशी, महफूज आलम, जमील कुरैशी, शहाबुद्दीन कुरैशी, बेलाल कुरैशी, शाहिद मुबारक आदि उपस्थित थे।

**ईद की नमाज का वक्त मुकर्रर** : अंजुमन कमेटियों की ओर से अपने अपने क्षेत्र के मस्जिदों में ईद की नमाज अदा करने का समय निर्धारित कर दिया गया है। जिसके अनुसार गोलपार जामा मस्जिद में सुबह 9:00 बजे, सौदागर मुहल्ला जामा मस्जिद में 8:45 बजे, इब्राहिम मस्जिद में 8:30 बजे, दुसाध मुहल्ला मस्जिद में 9:00 बजे, पुरनी मंडप मस्जिद में 8:45 बजे, नईसराय अकसा मस्जिद में 8:30 बजे और नईसराय ईदगाह में 9:00 बजे ईद की नमाज अदा होगी।

## मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें बीएलओ : डीसी



**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव रामगढ़ जिले में सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने हेतु शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन में मांडू व पतरातू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स के साथ बैठक हुयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा सबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई।उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने में आप सभी की भूमिका बेहद अहम है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले सभी मतदान केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर मतदान की तिथि के दिन सभी तरह की आवश्यक मूलभूत सुविधाएं केंद्र पर सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने उनके उनके क्षेत्र में आयोजित किए जा रहे हैं मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में भी सभी को हिस्सा लेकर ज्यादा से ज्यादा आम जनों को कार्यक्रमों से जोड़ने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स को मतदान के दिन उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों, बुजुर्ग, दिव्यांग सहित अन्य मतदाताओं का मतदान आसानी पूर्वक मतदान केंद्र पर सुनिश्चित कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों, बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स को उनके उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गयी एवं उनकी दुविधाओं को दूर किया गया। उप निर्वाचन पदधिकारी के द्वारा स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन के आयोजन को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए विभिन्न एप एवं इसके माध्यम से किए जाने वाले कार्यों की भी जानकारी सभी को दी गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने मतदाता जागरूकता शपथ के तहत लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा, अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।



भाजपा की बैठक में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो व अन्य।

# चौपारण : दो पिकअप से 14 गाय बरामद, छह गिरफ्तार



**चौपारण।** गुरुवार रात गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम-चय से 02 पिकअप में अवैध रूप से गौवंशीय पशुओं को क्रूरता पूर्वक लोडकर कालाबाजारी करने हेतु बंगाल ले जाने की तैयारी है। इस सूचना पर चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने एक छापामारी दल का गठन किया उनके अलाव चौपारण थाना में पदस्थापित पुअनि निलेश कुमार रंजन एवं पुअनि रतन टुड्डू तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। प्राप्त सूचना के आलोक में गठित छापामारी दल के साथ मिलकर त्वरित कार्रवाई करते हुए चतरा मोड़ के पास वाहन चेकिंग के दौरान सूचनानुसार दो पिकअप वाहन कमशः 1. पंजीयन संख्या-जेएच-02ए यू-8613 एवं 2. पिकअप वाहन पंजियन सं० जेएच-02वाई-2398 को अवैध रूप से गौवंशीय पशुओं को पकड़ा गया। वाहनों में 14 गौवंशीय पशुओं को क्रूरता पूर्वक लदा पाया गया। पशुओं को तस्करी करने हेतु ले जा रहे छह गौ तस्करों शहजाद अली (40 वर्ष) पिता-मंजूर अली सा-चकसार थाना चौपारण, सद्दाम हुसैन ( 31 वर्ष) पिता-ताहिर हुसैन सा.-चयकला थाना चौपारण, संजर हुसैन (33 वर्ष), पिता जाहिद हुसैन सा.-चयकला थाना चौपारण। मो. सबा अख्तर ( 30 वर्ष), पिता-मो. बाबुजान सा.-चयखुर्द थाना-चौपारण, अहद अली (21 साल), पिता-असलम अली सा.-चायकला थाना-चौपारण। तकीउद्दीन (31 वर्ष), पिता-नसीब अहमद सा.-चयखुर्द सभी जिला-हजारीबाग को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में 47,840 रुपये बरामद हुआ।

## मनीष जायसवाल ने डाड़ी प्रखंड में चलाया जनसंपर्क अभियान

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को डाड़ी प्रखंड क्षेत्र के 10 पंचायतों के दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस दौरान अपने एवं भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए लोगों के बीच जनसंवाद किया। सांसद प्रत्याशी ने डाड़ी प्रखंड क्षेत्र के बलसगरा, हुवाग, होन्होमोढ़ा, मिश्राइनमोढ़ा, रेलीगढ़ा (गिद्दी), डाड़ी, कनकी, रबोध, हेसालोंग, रेलीगढ़ा पंचायत के झुमरी महुआ, पटरंगी, बलसगरा, विनोद बिहारी महतो चौक, शर्मा टोला, चैनपुर लंगड़ा मोड़, बड़कीटांड़, चैनपुर, खपिया, कुर्रा, रिकवा, मिश्राइनमोढ़ा, वाशरी कॉलोनी, डाड़ी, होसिर, कनकी, रबोध, रियांग, सेनेगढ़ा, हैसालोंग बस्ती, हैसालोंग माइंस, एम.पी.आई रेलिगढ़ा और रेलीगढ़ा चांदनी चौक में जनसंवाद अभियान चलाया। सभी जगहों पर ताशा की पुरनूर झंकार और तड़तड़ाहट के बीच फूल माला पहनाकर और तिलक- चंदन लगाकर भाजपा और आजसू कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान मनीष जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस इस देश में करीब 62 सालों तक सत्ता में रहकर देश को गरीबों को ठगने का काम किया। कांग्रेस ने गरीबी हटाओ देश बचाओ का नारा देकर सिर्फ वोट लिया। मनीष जायसवाल ने मांडू विधानसभा क्षेत्र के डाड़ी प्रखंड स्थित ग्राम बलसगरा में कबड्डी के खिलाड़ियों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया।

# कमल खिलाएं, सभी अधूरे काम होंगे पूरेः लोकनाथ महतो

### भाजपा भुरकुंडा मंडल की बैठक में लोस चुनाव को लेकर बनी रणनीति

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के आवासीय कार्यालय में जवाहर नगर में शुक्रवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा व संचालक महामंत्री महेंद्र सिंह व अशोक सोनी ने संयुक्त रूप से किया।

बैठक में मुख्य रूप से शशि भूषण भगत, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, हजारीबाग लोकसभा के संयोजक टुन्नू गोप, लोकसभा के सहसंयोजक रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, अखिलेश प्रसाद, जिला मंत्री संजीव कुमार बावला उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन जगतार सिंह ने किया। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में संगठन की मजबूती पर बल देते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

साथ ही अबकी बार 400 पार के नारे के साथ जोर-शोर व उत्साह के साथ चुनाव के लिए कार्य करने का आह्वान किया गया। मौके पर शशि भूषण भगत ने कहा की भाजपा सबका साथ-सबका विकास के तहत देशहित में कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का कार्य करती रही है, जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा भाजपाईयों से लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से ही तन-मन से जुट जाने की बात कही। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा की भाजपा का लक्ष्य है की विकास योजनाओं को धरातल पर उताकर इसका शत प्रतिशत लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे।

उन्होंने कहा कि कमल खिलाएं सभी अधूरे काम पूरें होंगे। रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि अपने सभी विचारधारा वालों का एक-एक मत कमल के पक्ष में लाने का प्रयास करें और पीएम मोदी के गांरटी को गांरटी दें। टुन्नु गोप ने कहा की भाजपा जो कहती है उसे गारंटी के साथ पूरा भी करती है। रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने कि हजारीबाग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ जीत दिलाने का काम जनता और भाजपा कार्यकर्ता करेंगे। उन्होंने कहा की पीएम मोदी के हाथों को मजबुत करें सभी समस्याओं का समाधान होगा। बैठक में भुरकुंडा मंडल उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, राजन पांडेय, शंकर प्रसाद, सत्येंद्र नारायण सिंह, जुगल नायक, सुखदेव प्रसाद, ज्योति सिंह, राजेश गुप्ता, कुमेल उरांव, संतोष शर्मा, सुभाष दास उर्फ काला बाबू, विजय कुमार, सूरज शर्मा, अनूप कुमार सिंह, विकास मोहन मिश्रा, आकाश साहू, प्रकाश नायक, संतन सिंह, बाबूलाल नायक, बलजीत सिंह, राजु मल्होत्रा, प्रकाश नायक, सुनील बैठा, लकीचंद लोहार आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### फरार अभियुक्त गिरफ्तार कर भेजा जेल

चतरा। चुनाव से पहले कुंदा थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 17 सीएलए एक्ट के फरार अभियुक्त राजेन्द्र गंझु उर्फ राजकुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के ग्राम गर्वत का निवासी है। उसके खिलाफ कुंदा थाना में कांड संख्या 42/19 के तहत 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज था। अभियुक्त लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। मिली जानकारी के अनुसार अभियुक्त टीएसपीसी का समर्थक बताया जा रहा है। पुलिस ने उसे भैसमारा जंगल से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### लालचंद महतो के निधन पर किया शोक व्यक्त

कोडरमा। झारखंड के प्रथम ऊर्जा मंत्री पूर्व डूमरी विधायक लालचंद महतो के निधन पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मंत्री रहते उन्होंने कई गांव में विद्युतीकरण का काय किया और जनता के हित के लिए वह सदैव तत्पर रहते थे। उनके निधन से झारखंड को बहुत क्षति हुआ है।

### भाजपा की बुथ स्तरीय बैठक 7 को

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड के देवीपुर पंचायत स्थित ग्राम डोंगीडीह के साहू धर्मशाला में भाजपा की एक बुथ स्तरीय बैठक 7 अप्रैल को 10 बजे दिन से आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष विजय यादव, महामंत्री पवन कुमार सिंह व महामंत्री सुनील यादव ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, विशिष्ट अतिथि के रूप में कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, जिला प्रभारी अभिमन्यु कुमार, प्रखंड प्रभारी वीरेंद्र सिंह व जिले के गणमान्य नेतागण उपस्थित रहेंगे। बैठक में बूथ अध्यक्षगण सभी बूथों के प्रमुख, मंडल के सभी सम्मानित पदाधिकारी, मोर्चा के अयक्ष और पदाधिकारी सभी शक्ति केंद्र के संयोजक एवं सह संयोजक तथा शक्ति केंद्र के प्रभारी, कार्यकर्ता एवं नेतागण को आमंत्रित किया गया है। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने हेतु बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

### उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में स्वीप कोषांग की बैठक

कोडरमा। वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में स्वीप कोषांग की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित स्वीप कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व कर्मी से लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर उप विकास आयुक्त ने सप्ताहवार तैयार की गई अनुसूची के अनुसार सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व कर्मियों को कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही जागरूकता अभियान में सबों की सहभागिता की अपील की। बैठक में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कंचन कुमारी, जेवियर एक्का, आरती सिन्हा व अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

### जेनरल फिजिशियन क्लिनिक का हुआ उद्घाटन

कुंदा (चतरा)। कुंदा पंचायत मुखिया मनोज कुमार साहू और सिकीदाग मुखिया अनिता देवी ने प्रखंड मुख्यालय स्थित महेश गुप्ता के मकान में संयुक्त रूप से एक क्लिनिक का उद्घाटन किया। क्लिनिक का संचालन डॉक्टर कामेश्वर साहू करेंगे। कुंदा मुखिया मनोज साहू ने कहा कि कुंदा जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में जेनरल फिजिशियन का होना गर्व की बात है। डॉक्टर कामेश्वर साहू ने कहा कि वे 2006 से अपने पैतृक गाँव में जेनरल फिजिशियन के रूप में प्रैक्टिस कर रहे हैं और अब कुंदा में क्लिनिक खोला है। क्लिनिक में सभी बीमारियों का इलाज न्यूनतम शुल्क में किया जाएगा और बच्चों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध होगी।

## मादक पदार्थों के खिलाफ चतरा पुलिस का अभियान जारी

# 213 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। जिला पुलिस लगातार मादक पदार्थ तस्करी पर कड़ा प्रहार कर रही है और नशा तस्करों को दबोचने में सफलता हासिल कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस उपाधीक्षक रोहित कुमार रजवार के नेतृत्व में बशिष्ठनगर पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय को गुप्त सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से ग्राम घटधारी से ब्राउन शुगर लेकर ग्राम करैलीबार होते हुए जोरी की ओर जाने वाले हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया और ग्राम पच्चातारी के पास चेकिंग लगाई गई। तभी घटधारी की तरफ से आते दो व्यक्तियों को पुलिस ने देखा और उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया और उन्हें पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से 213 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ बशिष्ठनगर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम अनुज कुमार और सुबोध कुमार हैं। उनके पास से बरामद सामानों में 213 ग्राम ब्राउन शुगर, एक सिल्वर रंग की हॉंडा शाइन मोटरसाइकिल और दो एंड्रॉइड मोबाइल फोन शामिल हैं।

### 4 किलो गांजा के साथ भादोडीह से दो आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



झुमरीतिलैया (कोडरमा)। एसपी अनुदीप सिंह के गुप्त सूचना के आाार पर तिलैया थाना क्षेत्र के भादोडीह से मादक पदार्थ करीब 4 किलो गांजा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार दो लोग आपस में पिता पुत्री है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक एसपी को गुप्त सूचना पर प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार सशस्त्र पुलिस बल के द्वारा गुरुवार रात्रि भादोडीह से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मन्नान खान पिता स्वर्गीय गुलजारी खान व गुड्डी खातुन पिता मन्नान खान के रूप में की गई है।

गिरफ्तार आरोपियों के पास से करीब 4 किलो गांजा बरामद की गई है। इन आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिक की दर्ज करते हुए दोनों आरोपियों को शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है।

### चतरा लोकसभा से पिछड़ा वर्ग को प्रत्याशी बनाए आइएनडीआइए गठबंधन: ओबीसी एकता अधिकार मंच

चतरा। पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश ने चतरा में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की, जिसमें ओबीसी नेता गोरख नाथ चौधरी ने कहा कि चतरा लोकसभा में वैश्य समाज के लगभग चार लाख मतदाता हैं और यह मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। उन्होंने इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों से आग्रह किया कि इस लोकसभा पर पिछड़ा वर्ग से प्रत्याशी घोषित करें ताकि पिछड़ा वर्गों को हक अधिकार मिल सके। श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस के युवा नेता राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा में पिछड़ा वर्ग के हिस्सेदारी की बात खुलकर सामने रखी जा रही थी और लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल ने बिहार में जातीय जनगणना कराकर पिछड़ा वर्ग को हक अधिकार दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। अशोक कुमार यादव ने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र में पिछड़ा दलित आदिवासी अल्पसंख्यक निर्णायक भूमिका में है और वैश्य समाज की आबादी लगभग 40% से ऊपर है, फिर भी वह समाज अपने को ठगा महसूस कर रहा है। इसलिए, उन्होंने भी इंडिया गठबंधन से मांग की कि चतरा लोकसभा में पिछड़ा वर्ग से प्रत्याशी बनाया जाए।

## एक नजर में

### अवैध खनन परिवहन व भंडारण के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में खनन निरीक्षक, थाना प्रभारी मयूरहंड और पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से मौजा नौडीहा, सोकी के विभिन्न स्थानों पर अवैध बालू उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ औचक छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान नोडिह टाड में लगभग 330 ट्रैक्टर अवैध बालू का भंडारण पाया गया। स्थानीय ग्रामीणों से पूछताछ में किसी ने भी बालू भंडारण से संबंधित कोई जानकारी नहीं दी। नौडीहा क्षेत्र में किसी को भी बालू भंडारण के लिए अनुज्ञप्ति पत्र प्राप्त नहीं है। इसलिए, अवैध बालू खनिज को जब्त कर लिया गया और मयूरहंड थाने में अवैध बालू भंडारण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जब्त बालू खनिज को स्थानीय मुखिया मीना देवी के पति ईश्वरी मेहता को जिम्मेनामा और जब्ती सूची सौंपते हुए सुरक्षा के लिए आदेश और निरंतर निगरानी के लिए थाना प्रभारी मयूरहंड से अनुरोध किया गया है।

### कैपिटल विश्वविद्यालय में चला मतदाता जागरूकता अभियान




खबर मन्त्र संवादाता

कोडरमा। झुमरीतिलैया के चित्रगुप्त नगर स्थित कैपिटल विश्वविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कैपिटल विश्वविद्यालय के डीन डा. प्रमोद कुमार ने सभी को मतदान की शपथ दिलाते हुए कहा है कि हमारा मतदान करने का अधिकार सिर्फ एक सौभाग्य ही नहीं है बल्कि एक जिम्मेदारी भी है, जो हमारे लोकतंत्र के मार्ग को आकार देने में सहयोग करती है। इस अवसर पर कैपिटल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. तेज नारायण ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हर एक मत मायने रखता है और हर एक के पास देश के भविष्य को बदलने की शक्ति है, इसलिए आपका मत आपकी आवाज है। आप की आकांक्षाओं, चिंताओं और भविष्य के लिए एक दृष्टि को व्यक्त करने का साधन है। कुछ लोग यह सोचकर अपना मतदान नहीं करते हैं कि उनके एक मत से कोई अंतर नहीं पड़ता, तो इस अभियान के माध्यम से हमारा यही उद्देश्य है कि हम यह समझें कि हर व्यक्ति का मत मायने रखता है और हर व्यक्ति का मतदान बहुत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं ने भी इस कार्यक्रम में अपनी पूरी सहभागिता निभाई तथा शपथ ली कि वह अपने पास के सभी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित असिस्टेंट रजिस्ट्रार वंदना भदानी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि आप सभी मतदान में भाग लें और अपने देश के भविष्य को सार्थक बनाने में अपना योगदान दें।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में स्वीप कोडरमा के बैनर तले आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों व सत्र 2023-25 के प्रशिक्षुओं को चुनाव से संबंधित कई पहलुओं पर जागरूक किया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्राचार्य ड.लक्ष्मी सरकार मौजूद रहीं। इस दौरान उन्होंने सभी से लोकसभा चुनाव में अपने बहुमूल्य वोट का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपका एक एक वोट कीमती है, जो राष्ट्र के विकास में सार्थक साबित होता है। वहीं सहायक प्रायापक डॉ. संजीव कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करवाया। संजीव कुमार ने एप से संबंधित जानकारी भी दी, जिसमें उन्होंने बताया कि वोटर हेल्पलाईन ऐप आपको निर्वाचक नियमावली में अपना नाम ढूंढने, प्रारूप भरने, निर्वाचनों के बारे में जानने और शिकायत दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध कराता है। इस मौके पर मतदाता जागरूकता संबंधी पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मौके पर राजेश पांडेय, मो. सेराज, विनोद यादव, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, डा. मनोज विश्वकर्मा, मिथलेश कुमार, सुजीत कुमार, शाहिद खान, श्रवण कुमार, राजू मंडल, सेन्टू कुमार, गौरव कुमार, राजकुमार यादव, कुंदन कुमार आदि मौजूद रहे।

### हजारीबाग के आयुक्त ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

चतरा। हजारीबाग के आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने चतरा प्रखंड के सेक्टर और मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में स्थापित सेक्टर और मतदान केंद्र का निरीक्षण किया और दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप, पेयजल, शौचालय, बिजली और वरिष्ठ मतदाताओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ से मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य के बारे में भी जानकारी ली। इसके बाद, उन्होंने राजकीयकृत मध्य विद्यालय में स्थापित मतदान केंद्र का जायजा लिया और मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान के दिन वालंटियर और अन्य कर्मियों को परिचय पत्र निर्गत करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया। आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग के चिन्ह को देखकर काफी प्रभावित हुए, जिसे बीएलओ और विद्यालय के बच्चों ने प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में बनाया था। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सनी राज, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचल अधिकारी राकेश सहाय सहित अन्य कर्मी भी मौजूद थे।

## ग्रिजली कॉलेज में विशेष व्याख्यान का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्रशिक्षुओं के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षकों के लिए व्यवसायिक नैतिकता पर विशेष व्याख्यान आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक सौरभ शर्मा ने स्वागत भाषण से की, तत्पश्चात रिसोर्स पर्सन डॉ.उपेन्द्र कुमार, विभागाध्यक्ष आर.एस.पी. कॉलेज, धनबाद का सभी के समक्ष परिचय कराया। उक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की गई, साथ ही शिक्षकों के लिए व्यवसायिक नैतिकता पर विशेष बल देते हुए उनके शैक्षिक आधुनिकता से रुबरु कराया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम रिसोर्स पर्सन डॉ. उपेन्द्र कुमार ने कहा कि शिक्षकों में नैतिकता एवं आधुनिकरण से समाज सुदृढ़ एवं उन्नता की ओर निरंतर अग्रसर होता है हमें सदैव आधुनिकता को आत्मसात करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ.संजीता कुमारी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से प्रशिक्षुओं एवं शिक्षकों के अंदर अंतर निहित गुणों का विकास होता है जिससे मानव जीवन पराकाष्ठा की ओर उदयमान होता है। इस अवसर पर प्रशिक्षु सोनाली कुमारी, नेहा कुमारी, सिफा नूरी, अंगूरी खातून, शीतल मोदी, रेणु कुमारी, सुधा रानी, प्रियंका कुमारी, नूतन कुमारी, निशा कुमारी, निशा प्रिया, पुजा कुमारी, लक्ष्मी मंडल, अनामिका कुमारी, पूनम कुमारी, प्रिया कुमारी, राखी कुमारी, सुनील कुमार वर्मा, सदाकत अंसारी, डेविड कुमार, रवि कुमार यादव, सीताराम यादव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन विरेंद्र यादव ने किया।

## ईद और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



सिमरिया। सिमरिया थाना के सभाकक्ष में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक बीडीओ विनय कुमार की अध्यक्षता में हुई, जिसमें थाना प्रभारी चंदन कुमार ने संचालन किया।

बैठक में ईद और रामनवमी को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। बीडीओ विनय कुमार ने कहा कि दोनों पर्वो को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया जाए, और प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में लोगों ने बालू और बाइक से जलावन के कोयले की ढुलाई पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आग्रह किया। बैठक में प्रखंड प्रमुख रोहन साहू, जिप सदस्य देवनंदन साहू, जयप्रकाश सिंह, दामोदर साव, लखन साव, राजीव कुमार, शकुंतला देवी, परमेश्वर यादव, मो. फारूक, एनुल अंसारी, वीरेंद्र यादव, जवाहर विश्वकर्मा, करम साहू, मो उस्मान, आलोक रंजन, रंजीत कुमार सिंह, नरेश साव, के साथ थाना सशस्त्र बल मौजूद थे।

### रामनवमी महापर्व को लेकर ग्रामीणों की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। प्रखंड मुख्यालय के बिचली मोहल्ला अखाड़ा में रामनवमी महापर्व के लिए झांकी निर्माण को लेकर सदस्यों और ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से बिचली मोहल्ला अखाड़ा समिति का गठन किया गया, जिसमें यशवंत दांगी को अध्यक्ष, प्रदीप कुमार को सचिव, गौतम कुमार को सहसचिव, आशीष कुमार को कोषाध्यक्ष, प्रदीप कुमार को सह कोषाध्यक्ष, सोनू राणा, आशीष आर्ट टू और आदेश आर्ट सजावट प्रमुख बनाया गया।

निगरानी समिति में रामसेवक दांगी, युगेश्वर दांगी, संजय दांगी, राजेश दांगी, मुकेश कुमार, प्रमोद कुमार, जीतू दांगी सहित अन्य को रखा गया है। कमेटी गठन के बाद झांकी निर्माण कार्य शुरू करने का निर्णय लिया गया और सभी सदस्यों के साथ-साथ मोहल्ले वासियों से सहयोग करने की अपील की गई।

## मुस्लिम धर्मावलंबियों ने रमजान की आखिरी जुम्मे की नमाज अदा की



खबर मन्त्र संवाददाता

सतगावां (कोडरमा)। माह-ए-रमजान के पाक माह की आखरी जुमे की नमाज शुक्रवार को प्रखंड के बासोडीह, शिवपुर माधोपुर, राजाबर, डेबोडीह, अंगार, दोनैया आदि मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई।

लोगों ने नमाज के बाद एक-दूसरे के साथ गले मिलकर बधाई भी दी। अलविदा जुमा को अरबी में जमात-उल-विदा भी कहा जाता है। बता दें कि पाक महीने रमजान में पड़ने वाले जुमा का और अधिक महत्व बढ़ जाता है। वहीं इसे लेकर मुस्लिम धर्मावलंबियों में खुशी का माहौल देखा गया।

बड़ों के साथ-साथ बच्चे भी अंतिम जुमे की नमाज का इंतजार सुबह से कर रहे थे।

रोजदार सेवानिवृत्त शिक्षक मो. अजहर रब्बानी ने बताया कि रमजान जो सभी महीनों में खास है, क्योंकि यह रहमत व बरकत साथ लाता है। इस महीने का रोजा और इबादत इंसान को पवित्र बना देता है।

## जमात-उल-विदा पर लोगों ने जिले के विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा कर मांगी अमन चैन की दुआएं

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। जिले में अलविदा जुमे की नमाज मस्जिदों में पूरे एहतेशाम के साथ अदा की गई। मौके पर लोगों ने मुल्क की तरक्की, अमन चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। रमजानुल मुबारक की आखिरी जुमा के नमाज में हजारों की संख्या में लोगों ने जिले के विभिन्न मस्जिदों में दो रकअत जुम्मे की नमाज अदा किया। मस्जिद के इमाम व उलेमाओं ने कहा कि रमजान की रुखसत पर अल्लाह-ताअला ने हम सभी को ईद जैसा खुशी का त्योहार इनायत किया है। यह त्योहार आपसी भाईचारे को मजबूत बनाता है। वहीं इस त्योहार में गरीब मजलूम को भी खुशी में शामिल करने की हिदायत इस्लाम में दी गई है। अलविदा जुमे की नमाज जमा मस्जिद मस्जिदे हेरा असनाबाद में मुफ़्ती सरफराज़ अहमद इमाम साहब ने नमाज अदा कराई। वही जामा मस्जिद दर्जी मोहल्ला झुमरी तिलैया में हजरत मौलाना मोहम्मद चाँद आलम ने नमाज अदा कराई। जामा मस्जिद छतरबर में मौलाना असदक व बेलाल मस्जिद जलवाबाद में शहादत हुसैन व जामा मस्जिद भादोडीह में नसीरउद्दीन कादरी ने नमाज अदा कराई। इसके अलावा सुभाष चौक झुमरी तिलैया शाही मस्जिद में मुहम्मद शमशेर आलम, गुमो मदीना मस्जिद में मुहम्मद अख्तर के पेश इमामत में नमाज़ अदा की गई। नमाज अदा करने के लिए बड़े उत्साह के साथ लोग मस्जिदों में पहुंचने लगे थे। खासकर युवकों व बच्चों में काफी उत्सुकता देखी जा रही थी। वहीं जिले के विभिन्न प्रखंडों जिसमे डोमचांच के शहीद चौक, शिवपुर गाोपुर, राजाबर, डेबोडीह, अंगार, दोनैया आदि, मरकच्चो के दरदाहि, मेहुवाई, सहित चंदवारा अंतर्गत तमाम मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई।

### दो फरार अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



चतरा। चतरा पुलिस और सीआईडी ने संयुक्त अभियान में दो फरार अभियुक्तों, खुर्शीद और मंसूर को टंडवा में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों को कहां रखा गया है, यह खुलासा नहीं हो पा रहा है। उमेश गंझू ने शिवपुर नेक लाइन कोयला साइडिंग में विस्थापितों और प्रभावितों के साथ मारपीट की घटना को लेकर टंडवा थाना में मामला दर्ज कराया था। इस मामले में मुखिया निलेश ज्ञान सेन समेत कई लोगों पर एसटी/एससी एक्ट और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। मुखिया ज्ञानसेन सहित दो लोगों को हाई कोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

# बदल चुकी है मीडिया की शान, कम होता आन बान और सम्मान

विजय कुमार झा

**स्वतंत्र** मीडिया किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए संजीवनी का काम करता है। यूं कहा जाए कि मीडिया की स्वतंत्र भूमिका के बगैर लोकतंत्र का फलना-फूलना लगभग असंभव है। परंतु आज हालत ठीक वैसी नहीं है। परंतु स्थिति क्यों बदली, इसकी तह में जाने पर कई तथ्य उजागर होते हैं। पहले के जमाने में मीडिया एक तरह से विपक्ष की आवाज बन कर सत्ता को आईना दिखाता था। सत्ता पर बैठे लोग और उनका दल भी मीडिया की उपेक्षा करने अथवा उन्हें चुनौती देने की हालत में नहीं होते थे। अखबार का दफ्तर खुले मंदिर की तरह होता था। शोषितों, वंचितों की आवाज और आंदोलनों को अखबार में प्रमुखता से जगह मिलती थी। परंतु अस्सी के दशक के अंतिम दिनों से हालात बदलते चले गए। धनबाद के संदर्भ में स्थिति पर गौर करें तो किसी जिला मुख्यालय में अखबार के दफ्तर खुलने व प्रकाशन की शुरुआत पहली बार यहीं से हुई। इसके पहले अखबार का प्रकाशन राज्य मुख्यालय में होता था। स्थानीय स्तर पर अखबार का प्रकाशन होने से दबे-कुचले लोगों, शोषितों-वंचितों की आवाज को जगह मिलने लगी। आंदोलनों, ट्रेड यूनियनों की गतिविधियों को भी स्थानीय अखबार प्रमुखता से प्रकाशित करने लगे। फिर हालात बदले और टीवी का जमाना आया। इलेक्ट्रोनिक चैनलों की बाढ़ आ गई. बड़े बड़े विज्ञापन और अन्य तरह की वित्तीय सहायता की प्रत्याशा में इन चैनलों पर सक्षम, रसूख व सत्ताधरियों का दबदबा भी बढ़ा। मीडिया की भूमिका में पहली बार क्रांतिकारी परिवर्तन आया। टीवी हर घर में मनोरंजन के अलावा खबरों की भूख मिटाने में सक्षम हो गया। और अब तो इंस्टाग्राम, फेसबुक,ह्वाट्सएप, पोर्टल जैसे सोशल मीडिया का जमाना आ गया है और मोबाइल के जरिये मीडिया हर व्यक्ति की जेब तक पहुंच चुका है। जाहिर है मीडिया की भूमिका भी बदली है। सत्ताधारी राजनीतिक दलों व विपक्ष का रवैया भी बदला है। आंदोलनों सहित हर विरोधी आवाज को दबाने में भी मीडिया का इस्तेमाल हो रहा है। अखबार के पाठकों की रुचि में भी परिवर्तन आया है, जिससे विकल्पों की तो बाढ़ आई हुई है, मगर उद्येश्य, संसाधन, मिशन धीरे धीरे गायब हो रहे हैं। बावजूद पूरी व्यवस्था में मीडिया की उपेक्षा करना मुश्किल हो रहा है और यही उसके अस्तित्व की मजबूती है और कठिनाइयों से जूझते हुए उसकी जीत भी।

मीडिया के संदर्भ में जब पुरानी बातों को याद करता हूं तो एक अफसोस भी होता है तो संतोष भी। अफसोस इस बात का कि विपरीत परिस्थितियों में भी मीडियाकर्मी, पत्रकार और अखबार मालिक अपने मिशन पर कायम कैसे रह सके। संतोष इस बात का कि सारी कठिनाइयों के बावजूद वे आंधी के बीच दीपक की लौ की तरह जलते रहे, तभी आज भी उसका प्रकाश जनमानस को झकझोर रहा है।

बात 1970 की है। उन दिनों मैं आर एस पी कॉलेज झरिया का छात्र था। छात्र संगठन विद्यार्थी परिषद से जुड़ा था। छात्र संगठन के कार्यक्रम के निमित्त पहली बार प्रेस कार्यालय में जाने का मौका मिला। वह दृश्य आज भी आंखों के सामने है। संपादक सहित सभी सहयोगी एक ही कमरे में बैठे थे और दूसरे कमरे में प्रिंटिंग मशीन लगी हुई थी। एक कमरे में एडिटिंग, प्रूफ रीडिंग सब कुछ होता था, जिसे देखने का मौका पहली बार मिला।

कोई टेक्नोलॉजी नहीं थी, सब कुछ मैनुअल था। सभी लोग तल्लीनता पूर्वक अपने-अपने हिस्से के कार्य में लगे हुए थे। प्रतीत हो रहा था कि सभी साधारण परिवार के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं। परंतु सभी कलम के धनी। उनके लेख, उनके संपादकीय आर्टिकल, स्थानीय समाचार, सरकार व प्रशासन पर जनता के तीखे सवाल, जनता की समस्याओं को उठाने में सभी एक दूसरे से आगे निकल जाने की होड़ में शामिल। समाज में सभी लोगों की अपनी-अपनी पहचान थी। परंतु प्रेस की पहचान बनाने में सभी लोग समर्पित थे।

उस कलमकार के प्रति समाज के हर तबके की श्रद्धा और भक्ति निहित थी। परिचय का आदान प्रदान हुआ। वहां मौजूद सभी लोगों ने अपना-अपना परिचय दिया और काफी आत्मीय व्यवहार किया। सारे कार्यक्रम कवरेज के लिए तैयार हुए और उन लोगों ने कुछ टिप्स भी दिए जो आज भी मेरे लिए जमा पूंजी के समान है। संपादक जी से भी मुझे मिलवाया। संपादक जी ने आरएसपी कॉलेज के माहौल, वहां की शैक्षणिक स्थिति, छात्र संघ की स्थिति व छात्र की समस्याओं पर काफी विस्तार से चर्चा की, जो बाद में एक लेख के रूप में समाज के सामने आया था। आरएसपी कॉलेज में जो गोलीबारी हुई थी, उस पर ढेर सारी चर्चा हुई। उस गोलीबारी में मौके पर ही झरिया के एक छात्र भृगुनाथ सिंह की मौत हो गई थी, जिसमें प्राचार्य श्रीकांत गोविंद गिरफ्तार किए गए थे। उस घटना की भी काफी विस्तार से संपादक जी ने जानकारी ली थी। उस घटना का मैं चश्मदीद भी था। 70 के दशक की यह स्थिति अब पांच दशक के बाद काफी बदल चुकी है। आज किसी अखबार के कार्यालय में घुसने पर कॉरपोरेट की शान और आन बान का आभास होता है। आधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस सभी कार्यालय और वहां काम करनेवाले कर्मचारी प्रोफेशनल की तरह व्यवहार करते हैं। पहले किसी भी सामाजिक-राजनीतिक मुद्दे पर प्रेस की अपनी प्रतिक्रिया भी होती थी। पाठक और पूरा जनमानस उस प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा भी करता था। अब वे सारी चीजें कहीं दब सी गई हैं। पहले के परिवेश में साधु को साधु और शैतान को शैतान कहने की हिम्मत प्रेस की होती थी। आज कुछ प्रेस शैतान को भी साधु साबित करने में पूरी ऊर्जा लगा देते हैं। आज प्रेस की भूमिका यांत्रिक तकनीक की हो गई है। सामने वाला व्यक्ति यदि दबंग है, माफिया है तो उसके हिसाब से आज उनकी कलम चलती है। आज के अखबारों का खर्चा भी काफी बढ़ गया है, उन्हें भी विज्ञापन पर आश्रित होना पड़ता है, साथ ही उनमें प्रतिस्पर्धा का दिखावा बरकरार है। प्रकाशन खर्च कम हो, इसकी जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए और हर प्रेस को इतनी सब्सिडी देनी चाहिए कि नाम मात्र के शुल्क पर अखबार जनता के बीच पहुंच सके। किसी भी प्रेस को विज्ञापन पर आश्रित न होना पड़े, तभी प्रेस की अभिव्यक्ति की आजादी बरकरार रह सकती है। तभी प्रेस अपने पद का दुरुपयोग करने वाले पदाधिकारी या नेता की खिंचाई करने में सक्षम होगा। धनबाद में आज से 3-4 दशक पहले मीडिया का मतलब सिर्फ प्रिंट मीडिया हुआ करता था, चाहे दैनिक हो या साप्ताहिक, पाक्षिक, सांध्य या मासिक , पाठक को अपनी प्रति का इंतजार रहता था। किन्तु अब धनबाद में भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने जाल फैला दिया है।

# झरिया में बूंद-बूंद को तरस रहे लोग पानी खरीदने को मजबूर




## तरस रहे लोग बह रहा पानी, हजारों गैलन पानी हो रहा बर्बाद बाजार में बिक रहा 20 से 30 रुपये प्रति गैलन पानी

बलदेव राज अरोड़ा



**पानी** की समस्या झरिया में कोई नयी नहीं है। यहां के लोग वर्षों से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। लोगों को पानी के लिए दूर दराज तक जाना पड़ता है। लोगों को अपनी दिनचर्या में शहर के विभिन्न कुओं का सहारा लेना पढ़ता है। बावजूद जामाडोबा वाटर प्लांट के अधिकारियों की ओर से कोई हल नही निकाला जा रहा है। वाटर प्लांट के आसपास लगभग आधा दर्जन जगहों पर पाइप में लीकेज देखा गया। पाइप लाइन से हजारों गैलन पानी बर्बाद हो रहा था। लीकेज पाइप की मरम्मत के लिए अधिकारियों द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। हालत यह है कि झरिया सहित आसपास के इलाकों में कई माह से आंशिक जलापूर्ति हो रही है। लोगों का कहना है कि अधिकारियों से कारण पूछने पर वे बस एक ही कहानी सुनाते हैं। अधिकारी कभी बिजली आपूर्ति ठप है तो कभी पंप में खराबी का बहाना बना कर अपना पल्ला झाड़ देते हैं। खामियाजा छह लाख की आबादी को उठाना पड़ता है। हजारों लीटर पानी पाइप लीकेज के कारण बर्बाद हो रहा है। इन चीजों पर अधिकारियों का ध्यान तक नहीं जाता है। आश्चर्य की बात हो यह है कि लीकेज प्लांट के अंदर व आसपास ही है।

**लोग पानी खरीद कर पीने को हैं मजबूर**

झरिया के प्रदीप कुमार ने बताया कि शहर में नियमित जलापूर्ति नहीं होती है। कई बार तो दस दस दिन तक पानी नहीं आता है। बाजार से 20 से 30 रुपये का प्रति गैलन पानी खरीदना पड़ता है। यदि कई दिनों तक पानी नहीं आए तो गैलन 40 रुपये तक बिकता है। यदि अधिकारी पाइप की लीकेज मरम्मत कर दे तो शहर में नियमित रूप से पानी मिल पाएगा।

**क्या कहते है लोग :**

शहर में नियमित रूप से जलापूर्ति नहीं होती है। लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। अधिकारियों को आम लोगों की समस्या दूर करनी चाहिए।



**मानिक मालक, शिक्षक झरिया**

पानी नहीं होने से घर का सारा काम अधूरा रहता है। बिना पानी के कोई काम नहीं होता है। पाइप के लीकेज का खामियाजा आम लोगों को उठनाा पड़ता है।



**मंजू शर्मा, गृहिणी झरिया**



# मैथन का नाम 'माई का स्थान' माईथान से पड़ा

## प्राकृतिक सौंदर्य और भक्ति का अनूठा संगम है मैथन डैम यहां हर साल जाड़े के मौसम में लगता है सैलानियों का जमघट

एस नारायण

**मैथन** का नाम 'माई का स्थान' माईथान से पड़ा है, जिसका अर्थ है हिंदू देवी मां कल्याणेश्वरी का स्थान। धनबाद से करीब 40 किलोमीटर दूर मैथन डैम प्रकृति की मनोहारी छटाओं और देवी स्थान (मां कल्याणेश्वरी मंदिर) के साथ प्रकृति के मानव हित में व्यापक इस्तेमाल के लिए भी पूरे देश में जाना जाता है। देश में ऐसा विरला ही स्थान है, जहां प्राकृतिक सौंदर्य के साथ भक्ति का केंद्र भी हो। सही अर्थों में यह प्राकृतिक सौंदर्य और भक्ति का अनूठा संगम है। इसलिए तो यहां प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने दूर-दराज से लोग आते हैं। लोग मां कल्याणेश्वरी के चरणों में माथा टेक कर नये साल की शुरुआत करते हैं। जाड़े का मौसम शुरू होते ही यहां सैलानियों का जमघट लगने लगता है। लोग परिवार के साथ यहां नदी किनारे, खूबसूरत वादियों में, पहाड़ों व पेड़ों के झुरमुटों व रंगबिरंगी फूलों से सुसज्जित पार्कों के बीच पिकनिक का आनंद लेते हैं। बड़ा दिन 25 दिसंबर और पहली जनवरी को तो भीड़ इतनी जुटती है कि जगह कम पड़ जाती है। बसों व निजी कारों से हजारों लोग पहुंचते हैं। यहां से सूर्योदय एवं सूर्यास्त देखने के लिए पर्यटक लालायित रहते हैं।



### मानव हित में प्रकृति के इस्तेमाल की मिसाल

मैथन डैम प्रकृति का मानव के व्यापक हित में इस्तेमाल की मिसाल है। पहले बराकर और दामोदर नदी को बंगाल का शोक कहा जाता था। दोनों नदियां पश्चिम बंगाल में हर साल बरसात में तबाही मचाती थीं। देश की आजादी के बाद यहां डैम की नींव रखी गई और अमेरिका के टेनिस वैली अथॉरिटी की तर्ज पर सन 1948 में देश की पहली बहुद्देश्यीय परियोजना दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) अस्तित्व में आया। यहां का अंडरग्राउंड पावर स्टेशन पूरे एशिया में अद्वितीय है।

बराकर और दामोदर नदी का रूप इतना विकराल था कि उन्हें एक जगह पर बांध कर नियंत्रित नहीं किया जा सकता था। इसलिए पहले दामोदर को कोनार एवं पंचेत में तथा बराकर को तिलैया एवं मैथन में बांध बनाकर उसकी तांडव लीला को रोका गया। उसका मानव हित में उपयोग शुरू हुआ।



### सैलानियों के आकर्षण का केंद्र मिलेनियम पार्क

मैथन डैम के सौंदर्यीकरण पर डीवीसी और राज्य सरकार का विशेष ध्यान है। सैलानियों को आकर्षित करने के लिए इसे और खूबसूरत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। डीवीसी की ओर से यहां मिलेनियम पार्क, हिरण पार्क, नेहरू पार्क, गोल्डन पार्क, सुलेमान पार्क और फूलबगान को अच्छे ढंग से सजाया गया है। मिलेनियम पार्क में कलात्मक ढंग से सजाये गये रंग बिरंगे फूलों व पेड़ पौधों के बीच कृत्रिम जीव-जंतु लोगों को खूब आकर्षित करते हैं।

### नौका विहार का आनंद

65 वर्ग किलोमीटर में फैले जंगलों व पहाड़ियों के बीच मैथन डैम के जलाशय में सैलानी नौका विहार का आनंद उठाना नहीं भूलते हैं। नौकायन के लिए यहां स्पीडबोट, नाव आदि की व्यवस्था है।

### मां कल्याणेश्वरी मंदिर मत्था टेकने आते हैं भक्त

मैथन डैम के पास ही मां कल्याणेश्वरी मंदिर भक्ति का बड़ा केंद्र है। पिकनिक मनाने आने वाले लोग यहां मां के चरणों में मत्था टेकना नहीं भूलते। मंदिर का कपाट खुलने से लेकर देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहता है।

# आस्था का सबसे बड़ा केंद्र है मां लिलोरी स्थान

## 800 साल पुराने मंदिर में मन्नतें होती हैं पूरी

बिनोद रजक

**कोयलांचल** का कतरास बाजार स्थित मां लिलोरी का मंदिर वर्षों से धार्मिक आस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर की स्थापना लगड्ढग 800 वर्ष पूर्व कतरास राज परिवार के राजा सुजन सिंह ने की थी। मान्यता है कि यहां जो ड्ढी मन्नतें मांगी जाती हैं, वह पूरी होती हैं।

मां लिलोरी कतरास राज परिवार की कुलदेवी भी है। उस समय की बात है जब कतरासगढ़ के राजा सुजन सिंह ने ही माता की प्रतिमा को 800 वर्ष पूर्व मध्य प्रदेश स्थित रीवा राजघराने के वंशज की मदद से कतरास के इस घने जंगल में स्थापित किया था । उस समय यह स्थान घनघोर जंगलों से घिरा था। धनबाद मुख्यालय से लगड्ढग 22 किलोमीटर की दूरी पर यह ऐतिहासिक धरोहर कतरी नदी के किनारे वर्षों से भक्तों को आकर्षित करता रही है।

मां लिलोरी का मंदिर न सिर्फ धनबाद,बल्कि आसपास के राज्य पश्चिम बंगाल, बिहार व ओडिशा के लोगों के बीच ड्ढी धार्मिक संदेश फैलाने में भूमिका निभाता रहा है। प्रायः हर दिन यहां उन राज्यों से श्रद्धालु खींचे चले आते रहे हैं

### बकरे की बलि से होती है पूजा

मान्यता है कि लिलौरी मंदिर में स्थापित देवी बलि से खुश होती है। इसीलिए मां की पूजा की शुरूआत बकरे की बलि से होती है। ऐसी मान्यता है कि शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा के मौके पर यहां लगभग 1000 से 1500 बकरों की बलि दी होती है ।सबसे पहले कतरास राज परिवार का बकरा को बली दिया जाता है। उसके बाद आम श्रध्दालुओं के बकरे को बलि दी जाती है। काली पूजा में भी यहां लोगों की काफी भीड़ इकट्ठा होती है और बकरे की बलि होती है।



साथ यहां लोग बच्चों के बालों का मुंडन भी कराते हैं । शादी-विवाह एवं लग्न के समय में शादी करने वाली जोड़ियों की भीड़ मंदिर में काफी रहती है। दूर-दूर से लोग यहां शादी के लिए पहुंचते हैं। निजी स्तर पर निर्मित धर्मशाला में लोग शादी विवाह संपन्न कराते हैं। साथ ही आसपास के लोग, जिन्हें मंदिर और देवी पर आस्था है, अपने नए वाहनों की पूजा के लिए भी मंदिर पहुंचते हैं।

कतरी नदी के किनारे चारों ओर जंगलों से घिरे मंदिर की सुंदरता एक समय देखते ही बनती थी। लेकिन जैसे-जैसे विकास की धारा आगे बढ़ती गई, पेड़ पौधे कटते गए और उनकी जगह होटल एव धर्मशालाओं ने ले लिया। हालांकि धनबाद नगर निगम द्वारा मंदिर की बगल में अमृत पार्क का निर्माण कराया गया है, जिस कारण यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और भी बढ़ गई है। लोग पूजा करने के बाद पार्क में घूमने के लिए जरूर आते हैं।


आज से लगभग 10 वर्ष पहले भारतीय पुरातत्व विभाग में मंदिर का सर्वेक्षण किया था, और उस समय यह बात सामने आई थी कि इस मंदिर का निर्माण काल लगभग 800 साल पुराना है।

# धनबाद में चौपट हो रहा है व्यापार, पलायन को विवश कारोबारी

सुरेन्द्र अरोड़ा

**आज** प्रतिस्पर्धा के दौर में व्यापार करना आसान नहीं है। मार्केट में बड़ी बड़ी कंपनियां खुदरा व्यापार में पांव पसार रही है, वहीं मॉल कल्चर एवं ऑनलाइन व्यापार पूरी तरह हावी हो रहा हो तो उस स्थिति में सामान्य दुकानदार का टिक पाना असंड्डाव सा है। धनबाद औद्योगिक नगरी है। इसे कोयला राजधानी के रूप में ड्ढी जाना जाता है। कुछ वर्ष पहले तक बीसीसीएल कर्मियों को जब महीने की तनख्वाह मिलती थी, तो पूरे बाजार (झरिया,धनबाद) में रौनक आ जाती थी। लेकिन अब जो कर्मी रिटायर हो रहे हैं उनकी जगह उस हिसाब से नई बहाली नहीं हो रही है। उल्टे बहुत से एरिया की कोलयरियां या तो बंद हो गई हैं या आउटसोर्स के हाथों दे दी गईं जिससे मेन पावर ड्ढी कम हो गया है। इस कारण पूरे व्यापार में मंदी आ गई है। बावजूद यहां व्यापार की असीम संड्डावनाएं हैं।

हालांकि यहां का साठ पर्सेंट व्यापार सिंफर, बीसीसीएल, ईसीएल, हर्ल,आईआईटी, रेलवे जैसे उद्योग एवं शिक्षण संस्थान के कारण सर्विस क्लास पर निर्ड्डार है। यहां के पुराने मुख्य कारोबार कोयला हार्डकोक ड्डाट्ठे ड्ढी बुरी तरह बंदी के कगार पर हैं, जिससे आम मार्केट पर ड्ढी बुरा असर पड़ रहा है।




व्यापार में मंदी का दुसरा मुख्य कारण है सरकार द्वारा ऑनलाइन व्यापार को बढ़ावा देना। इस पर पूर्णतः रोक लगनी चाहिए। यहां बड़ी बड़ी सरकारी गैर सरकारी ईकाइयां आईआईटी, सिंफर, बीसीसीएल, ईसीएल, हर्ल, सेंट्रल हॉस्पिटल, सदर हॉस्पिटल होने के बावजूद धनबाद एयरपोर्ट से वंचित है। एयरपोर्ट न होने की वजह से इंडस्ट्रीज लगाने वाले,डॉक्टर,लेक्चरर यहां तक कि केंद्रीय मंत्री ड्ढी आने से कतराते हैं।

एक बड़ा और प्रमुख कारण यहां से युवाओं का पलायन ड्ढी है। वे चाहे पढ़ाई हो या रोजगार की मजबूरी। इसलिए यह कहने में जरा ड्ढी अतिशयोक्ति नहीं होगी कि धनबाद बुजुर्गों का शहर बनकर रह गया है। राज्य सरकार को यहां केन्द्र के साथ मिलकर एयरपोर्ट के लिये ड्डूमि उपलब्ध कराने के साथ शिक्षा,स्वास्थ्य,रोजगार एवं सुरक्षा पर अपनी ताकत लगानी होगी, तड्ढी धनबाद का असली विकास होगा और व्यापार के रास्ते बनेंगे।

(लेखक बैंक मोड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष हैं)

# पुलिस ने तीन जुआरियों को किया गिरफ्तार



गिरफ्तार जुआरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी ष्ण कुमार ने गुप्त सूचना पर एचपी गैस गोदाम के पीछे एक निर्माणाीन मकान में अवैा तरीके से जुआ खेलने के दौरान तीन जुआरियों को पकड़ा। पुलिस ने पकड़े गए जुआरियों के पास से 71 हजार 100 रूपये नगद, चार पैकेट तास के पत्ते और मोबाइल फोन को जप्त करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गए है। पकड़े गए जुआरियो में खरौंाी के सुाीर जायसवाल, भवनाथपुर बाजार निवासी आनंद साह व चपरी निवासी अमलेश साह का नाम शामिल है। थाना प्रभारी ष्ण कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर एचपी गैस गोदाम के पीछे एक बाउंड्री में छापामारी की गई, जहां पर आाा दर्जन जुआरी जुआ खेलते पकड़े गए है। जुआरियों के पास से नगद राशि 71100 रूपये ज़प्त किया गया। मौके से तीन जुआरियो को हिरासत में लेते हुए विासिम्मत कार्रवाई की जा रही है। जबकि अन्य जुआरी पुलिस को देखकर भागने में सफल रहे।

# रोहिणी आचार्य के खिलाफ बिहार बीजेपी पहुंची चुनाव आयोग

एजेंसी

**पटना।** बिहार बीजेपी ने चुनाव आयोग को शिकायत भेजी है। बीजेपी ने आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य के खिलाफ शिकायत की है, जो सारण से प्रत्याशी हैं। शिकायत में ये कहा गया है कि रोहिणी आचार्य पूर्व सीएम राबड़ी देवी के सुरक्षा कर्मियों का इस्तेमाल कर रही हैं जो अचार संहिता का उल्लंघन है। बीजेपी ने चुनाव आयोग को पत्र के माध्यम से शिकायत की है। इस पत्र में लिखा है कि राष्ट्रीय जनता दल से 20-सारण लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवार रोहिणी आचार्य ने आदर्श आचार संहिता का

## अचार संहिता से जुड़ा है मामला

उल्लंघन किया है। अपनी मां की सुरक्षा कवर और एस्कॉर्ट का दुरुपयोग करते हुए पाई गई हैं। रोहिणी आचार्य ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में रोड शो आयोजित की थीं. उनके सोशल मीडिया के फोटो से यह मामला जाहिर होता है। इस रोड शो में रोहिणी आचार्य की मां पूर्व सीएम राबड़ी देवी के सुरक्षा प्रभारी भोला उनके साथ दिख रहा है। चुनाव प्रचार में उनकी मां के सुरक्षा कर्मी का होना, घोर दुरुपयोग है, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है. वहीं, बीजेपी ने चुनाव आयोग से मांग की है कि रोहिणी आचार्य के खिलाफ कार्रवाई हो।

**रोहिणी आचार्य ने बीजेपी पर बोला था जमकर हमला :** बता दें कि सारण में रोड शो के दौरान गुरुवार को आरजेडी उम्मीदवार रोहिणी आचार्य ने बीजेपी पर बड़ा हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि बीजेपी में भ्रष्टाचारियों और बलात्कारियों की फौज भरी पड़ी है। सारे घपलेबाज बीजेपी में पड़े हुए हैं। ऊपर से नीचे तक सब बलात्कारी लोग भरे पड़े हुए हैं। सारे सारे के करप्ट लोग बीजेपी में हैं। वहीं, इस दौरान उन्होंने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी को आड़े हाथों लिया था और निशाना साधा था।

खबर एक नजर में

# पांच खपड़ैल मकान में लगी आग, लगभग पांच लाख का नुकसान



आग बुझाते ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के ग्राम बलियारी के टोला सोनपुरा निवासी महेशी राम के पुत्र विजय राम, राम पवन राम, राम गहन राम के पुत्र संजय राम, मंदीप राम के पुत्र कमलेश राम, प्रेम राम के खपड़ैल मकान में शुक्रवार की शाम में अचानक आग लग गई। जिससे पांच लोगों का घर जल कर राख हो गया। इस आगजनी में घर में रखे अन्न, वस्त्र, बेड, पैसा, गहना एवं आवश्यक दस्तावेज जलकर राख हो गया। इस आगजनी से लगभग पांच लाख की सम्पत्ति का नुकसान हुआ है। इस संबंध में भुक्तभोगी ने बताया कि हम सभी लोग अपने खेतो काम करने गए थे। उसी दौरान घर में आग की लपटें देखकर ग्रामीणों ने शोर कर आगजनी के बारे में बताया। घर में आग कैसे लगी उसकी जानकारी नहीं हो पाई। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। तब तक घर जलकर राख हो गया। आगजनी के सूचना पाकर बीडीओ सह सीओ मोहम्मद अफताब आलम घटना स्थल पर पहुंच कर वस्तुस्थिति का जायजा लेते हुए राजस्व कर्मी को निर्देश दिया कि आगजनी से हुई पीड़ित परिवारों की नुकसान जांच कर रिपोर्ट दें। ताकि पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिलाई जा सके।

# रमजान उल मुबारक के अलविदा जुम्मा की नमाज अदा

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में रमजान उल मुबारक के अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गई। प्रखंड मुख्यालय डंडई स्थित जामा मस्जिद में हाफिज तौफीक आलम ने अलविदा जुम्मा की नमाज अदा कराई। वहीं रारो जामा मस्जिद में पेश इमाम मौलाना मुस्तकीम, जरही में हाफिज कयामुद्दीन, वालाझखड़ा में मौलाना रियाज, तसरार में हमफीज अरशद ने अलविदा जुम्मा की नमाज अदा कराई। इधर रमजान के आखिरी जुम्मा को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। सुबह से ही मुस्लिम समाज की औरतें साफ-सफाई के साथ घरों को सजाते देखे गए। जबकि छोटे-छोटे बच्चे से लेकर बड़े तक साफ सुथरे व नए नए कपड़े पहन, इत्र व खुशबू लगाकर मस्जिदों में अपनी जगह पक्की करते देखे गए। अलविदा जुम्मा को लेकर मस्जिदों में काफी भीड़ देखी गई। वही मस्जिद इंतजामियां कमेटी के द्वारा वजू का पानी, टेंट, जानमाज, वनि विस्तारक यंत्र का बेहतर इंतजाम किया गया था। डंडई जामा मस्जिद में हाफिज तौफीक आलम ने कहा कि माह ए रमज़ान के दौरान अलविदा जुम्मा का काफी महत्व है। इस महीने में रोजेदारों पर अल्लाह का खास करम रहता है। मुसलमान पूरे महीने भूखे प्यासे रहते हुए अल्लाह की इबादत में



नमाज अदा करते लोग

मशगूल रहते हैं। फित्रा व जकात की रकम निकालने के बारे में लोगों को नसीहत करते हुए कहा कि सभी लोगों को साहब ए निषाब के हिसाब से फितरा व जकात की रकम निकालनी चाहिए। ताकि गरीब, मिस्कीन, यतीम, दबे कुचले सभी लोग खुशी-खुशी ईद मना सकें। मौलाना जियाउद्दीन ने कहा कि जो शख्स अपने माल और दौलत का जकात निकालता है उसका माल व दौलत पाक साफ हो जाता है। इधर विभिन्न मस्जिदों के पेश इमाम ने अलविदा नमाज के पूर्व कुरान, नमाज व रोजे की फजीलत के बारे में विस्तार से बताया। तत्पश्चात सभी मस्जिदों में पेश इमाम द्वारा जुम्मे का खुतबा पढ़ा गया। खूतबे के बाद दो रिकत जुम्मा की नमाज अदा की गई। तत्पश्चात नमाजियों ने सामूहिक रूप से देश में अमन चैन व खुशहाली के लिए दुआ मांगी। विभिन्न मस्जिद कमेटियों द्वारा बुावार की शाम को चांद देखने के बारे में लोगों से अपील की गई। वहीं चांद नजर आने की सूरत में कमेटी के सदस्यों ने कहा कि इंशाल्लाह गुरुवार सुबह 8 बजे डंडई जामा मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज अदा कराई जाएगी। सभी लोग निश्चित समय पर पहुंचकर ईद उल फितर की नमाज अदा करेंगे।

# घर में लगी आग लाखों की संपत्ति जलकर खाक



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** हंटरगंज के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के पैनी कला पंचायत के पख्खा गांव में शुक्रवार को सरयू प्रजापति के घर में अचानक आग लग गई, जिससे घर में रखी मिक्सी मशीन, गोदरेज, पलंग, कपड़े, कागजात, सिलाई मशीन, चावल, गेहूं, कुर्सी, खाने-पीने का सामान सहित अन्य आवश्यक बस्तुएँ जलकर खाक हो गईं। पीड़ित ने बताया कि घर के बाहर रखे राहर के बोझ में किसी ने आग लगा दी, जिससे आग की लपटें तेज हो गईं और घर में भी आग लग गई। आग लगने से घर में रखी करीब डेढ़ लाख रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। घटना से पीड़ित का पूरा परिवार सदमे में है। पीड़ित ने स्थानीय थाना और अंचल कार्यालय में आवेदन देकर आपदा प्रबंधन से मुआवजे की मांग की है।

# चुनाव में शत् प्रतिशत करें मतदान : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** जिला निर्वाचन पदाािकारी सह उपायुक्त गढ़वा के निर्देश पर शुक्रवार को जागो मतदाता जागो अभियान की शुरुआत बीडीओ सावित्री कुमारी ने मतदाता जागरूकता रथ के साथ किया। उन्होंने प्रखंड मुख्यालय से अपनी सभी कर्मियो के साथ लेकर रथ को निकला और सभी राहगीरों, दुकानदारों, बाजार करने आए लोगो को आगामी 13 मई को होने वाले लोक सभा आम चुनाव को लेकर आिक से आिक मतदान करने के लिए अपील किया। मतदाता को जागरूक हेतु रैली में स्लोगन, छोड़ो अपना सारा काम, पहले करे चलो मतदान,, बनो देश के भाग्य विाािता, अब जागो प्यारे मतदाता सहित अन्य सलोगन बोले



जागरूकता अभियान में शामिल लोग

जा रहे थे। बीडीओ ने इस बार वोटर को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए कहा। साथ ही बताया कि वैसे लोग जो दिव्यांग, वृद्ध, या जो आने जाने में असमर्थ हो उसके लिए गाड़ी की व्यवस्था किया जाएगा। विषेष आवश्यकता होने पर घर पर भी मतदान कराया जा सकता है। मौके पर केतार मय विद्यालय के बच्चे और शिक्षक, बीएलओ, जेएसपीएल के सदस्य आदि उपस्थित थे।

# गढ़वा-पलामू में दो दिनों तक रहेगा बिजली शटडाउन



टावर में चल रहा मेंटेनेंस कार्य

खबर मन्त्र संवादाता

**गढ़वा।** गढ़वा एवं पलामू जिला में अगले दो दिनों तक बिजली पूरी तरह शटडाउन रहेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए बिजली विभाग के विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर ने बताया कि रिहंद-रेहला 132 केवी लाइन में झारखंड उर्जा संचरण लिमिटेड द्वारा विंढमगंज में पुराने टावर को हटाने एवं इससे जुड़े अन्य कार्य के लिए दो दिनों का शटडाउन रखा गया है। इसके तहत शनिवार 6 अप्रैल एवं रविवार 7 अप्रैल को रिहंद से मिलने वाली बिजली प्रातः 10:00 बजे से संया 5:00 बजे तक बंद रखी जाएगी। इस कारण गढ़वा एवं पलामू क्षेत्रों में दो दिनों के लिए उक्त अवाि में उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल पाएगी।

ज्ञात हो कि विगत शनिवार एवं रविवार को 220 केवी लहलहे-भागोड़ीह लाइन के बीच चार टावर गिरने से पलामू एवं गढ़वा जिलों में भीषण विद्युत संकट का सामना करना पड़ रहा था। जिस कारण रिहंद-रेहला लाइन में चल रहे मेंटेनेंस कार्य को बीच में रोक कर बिजली बहाल की गई।

## पेज एक का शेष

### 21 को रांची में महारैली

**विधायकों और सांसदों को मिला टास्क:** वहीं, बैठक में सभी विधायकों को लोकसभा चुनाव को लेकर टास्क सौंपा गया। जो जिस क्षेत्र से हैं विधायक उस लोकसभा क्षेत्र और आसपास के लोकसभा क्षेत्र में इंडी गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने का टास्क दिया गया है। बैठक के बाद झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हेमंत सोरेन पर हुए अत्याचार और संविधान बचाने के लिए उलगुलान महारैली का आयोजन किया जायेगा। बैठक में गंठबंधन की सभी सीटों पर जीत की रणनीति बनायी गयी।

**पिंटू मामले पर साधी चुप्पी:** ईडी की चार्जशीट में अभिषेक प्रसाद पिंटू द्वारा जमीन वेरिफिकेशन में हेमंत सोरेन की भूमिका को लेकर कही गई बातों को लेकर झामुमो के विधायक मथुरा महतो ने चुप्पी साध ली। उन्होंने कहा कि इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

### एनसीइआरटी की किताबों में कई बदलाव

**पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर:** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर, पहले की पाठ्यपुस्तक में कहा गया था, भारत का दावा है कि यह क्षेत्र अवैध कब्जे में है। पाकिस्तान इस क्षेत्र को आजाद पाकिस्तान के रूप में वर्णित करता है। बदले हुए संस्करण में कहा गया कि यह भारतीय क्षेत्र है जो पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है और इसे पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर (पीओक) कहा जाता है। बदलाव के पीछे एनसीईआरटी का तर्क यह है कि जो बदलाव लाया गया है वह जम्मू-कश्मीर के संबंध में भारत सरकार की नवीनतम स्थिति से पूरी तरह मेल खाता है। वहीं मणिपुर पर, पहले की पाठ्यपुस्तक में कहा गया था, भारत सरकार मणिपुर की लोकप्रिय निर्वाचित विधान सभा से परामर्श किए बिना, सितंबर 1949 में विलय समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए महाराजा पर दबाव डालने में सफल रही। इससे मणिपुर में बहुत गुस्सा और आक्रोश पैदा हुआ, जिसके परिणाम जिसका अहसास अभी भी किया जा रहा है। बदले हुए संस्करण में कहा गया भारत सरकार सितंबर 1949 में महाराजा को विलय समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए मनाने में सफल रही।

### भगवान राम का नाम लेने से डर रहे कांग्रेसी

**सेना का भी अपमान:** पीएम ने एयर स्ट्राइक के बाद 26 फरवरी, 2019 को चूरू में की आमसभा को याद करते हुए कहा कि जब 26 फरवरी, 2019 में चूरू आया था तो उसी समय देश ने बालाकोट में एयर स्ट्राइक की थी। आंतकियों को सबक सिखाया था। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने जब सर्जिकल एयर स्ट्राइक की तो कांग्रेस के साथी और घमंडिया गठबंधन के लोग सबूत मांग रहे थे। ऐसे में सेनाओं का अपमान, देश का विभाजन कांग्रेस पार्टी की पहचान है। हमारी सरकार बनी तो हमने सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन का अधिकार दिया और सीमा पर सेना को खुली छूट दे दी। आज दुश्मन को पता है ये नया भारत है, ये नया भारत घर में घुसकर मारता है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के एक सांसद के पास से 300 करोड़ से अधिक बरामद हुए। 10 साल में ईडी ने एक लाख करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की है। पीएम ने लोगों से अपील की कि इस बार गर्मी के कारण मतदान का प्रतिशत कम नही होना चाहिए।

# अवैध महुआ शराब भट्ठी ध्वस्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने आदर्श आचार संहिता का अक्षर सह अनुपालन करते हुए गुरुवार रात गुप्त सूचना पर छापामारी कर थाना क्षेत्र अंतर्गत अरसली उतरी के अमीरगंज टोला स्थित नदी में चल रहे अवैध रूप से संचालित महुआ शराब भठ्ठी को वस्त किया। छापामारी के दौरान पुलिस ने 600 किलो जावा महुआ को नष्ट करते हुए करीब 30 लीटर शराब के साथ बनाने का उपकरण जप्त करते हुए अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज किया है। थाना प्रभारी ष्ण कुमार ने बताया कि अवैा महुवा शराब बनाने वालो के विरुद्ध लगातार छापामारी जारी रहेगा और पकड़े जाने पर विासिम्मत कार्रवाई की जायेगी।

# भवनाथपुर में निकाला गया मतदाता जागरूकता रथ



जागरूकता रथ में उपस्थित बीडीओ व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** आगामी 13 मई को पलामू लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत भवनाथपुर बीडीओ के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रथ निकाला गया। जिसकी शुरूआत विावित पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर की गई। जागरूकता रथ भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय से मुख्य बाजार होते हुए कर्पूरी चौक तक गई। रैली के दौरान जागरूक समाज का क्या पहचान, शतप्रतिशत होगा मतदान, मत देना अपना अधिकार, बदले में ना लेना उपहार, वनों देश के भाग्यविधाता, अब जागो प्यारे मतदाता सहित अन्य नारा लगाये गये। मौके पर प्रभारी मनरेगा बीपीओ दयानन्द प्रजापति, जेई वरुण कुमार, पंचायत सेवक अजित सिंह, राजगीर सिंह, शम्भू प्रसाद गुप्ता, अशोक कुमार सहित कर्मी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अवैध नशा के कारोबार में दो गिरफ्तार

**कांडी।** थाना क्षेत्र में अवैध नशे का कारोबार करने के मामले में पुलिस ने दो अलग-अलग गांव से गिरफ्तार कर दो लोगों को जेल भेजा है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि थाना कांड संख्या 34/24 के प्राथमिकी अभियुक्त सेमौरा गांव निवासी प्रदीप कुमार वर्मा उम्र करीब 48 वर्ष पिता रोश्याम वर्मा को आज देषी महुआ शराब के खिलाफ भेजा गया है। जो प्रदीप वर्मा के यहां से 25 लीटर अवैा देषी महुआ शराब भी बरामद किया गया है। वहीं दूसरा थाना कांड संख्या 35/24 के प्राथमिकी अभियुक्त सुंडीपुर गांव निवासी कामेश्वर राम उम्र करीब 63 वर्ष पिता स्व जगदीश राम को गांजा रखने एवं बिक्री करने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि कामेश्वर राम के पास से 1910 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। दोनों लोगों को गिरफ्तार कर उचित मार्गरक्षण में माननीय न्यायालय में उपस्थित करने हेतु भेजा गया है।

# दावनकारा आंगनबाड़ी केंद्र निरंतर रहता है बंद



जानकारी देती सहायिका

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** केंद्र सरकार द्वारा मझिआंव प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड चयन किया गया है, ताकि प्रखंड क्षेत्र और विकसित हो जिसको लेकर तरह-तरह के विकास कार्यों को धरातल पर उतरा जा रहा है। लेकिन इसी बीच ग्रामीणों ने आवाज उठाया कि दावनकारा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पूरी तरह बंद रहता है। इसके साथ-साथ आंगनवाड़ी केंद्र में छोटे-छोटे बच्चों एवं नौनिहालों हेतु कोई विधि व्यवस्था नहीं है। यहां तक कि आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति जर्जर है। ग्रामीणों की जानकारी के बाद जब पहुंचा तो देखा कि सहायिका चंद्रावती देवी दो छोटे-छोटे बच्चों के साथ मौजूद थीं और टूटे-फूटे फर्स को साफ कर रही थी। जब चंद्रावती से आंगनबाड़ी संचालन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने टालमटोल करते हुए कहा कि यहीं आंगनबाड़ी चलता है। जब बच्चों एवं विधि व्यवस्था के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र का सारा सामान सेविका रीता देवी के यहां रहता है। बच्चों के खाद्य सामग्री भी सेविका के यहां ही रहता है और वहीं से खाना बनाकर लाती हूं और बच्चों को खिलाती हूं। सहायिका जिस तरह से बताइए उसे तरह से लगता है कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल सरकारी कागजों पर ही चल रहा है। ऐसे में तो ग्रामीणों को सवाल उठाना लाजिमी है कि आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों को नहीं शिक्षा दिया जाता है और ना ही किसी प्रकार का विधि व्यवस्था है। इस संबा में पर्यवेक्षिका सुमित्रा देवी ने बताई कि पूर्व पंचायत मुखिया सुनैना देवी के द्वारा वहां सारा विाि व्यवस्था दिया गया है, लेकिन ऐसा जानकारी मिल रहा है कि वहां बच्चों को ना ही शिक्षा दिया जाता है और ना ही कोई विधि व्यवस्था है। यहां तक की जर्जर भवन के बारे में पहले ही वरीय पदाधिकारियों को जानकारी दी गई है। इस संबंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत ने कहा कि जांच कर उचित कार्वाई किया जाएगा।

स्पीड न्यूज

## युद्ध के बदलते स्वरूप के अनुसार तैयार रहे सेना : जनरल चौहान



**नयी दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने सैन्य नेतृत्व को युद्ध के बदलते स्वरूप के अनुरूप ढलने की आवश्यकता पर जोर देते हुए तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को महत्वपूर्ण बताया है। जनरल चौहान शुक्रवार को डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन में भारतीय सशस्त्र बलों के भावी नेतृत्व को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने उभरती सुरक्षा चुनौतियों की पृष्ठभूमि में भारतीय सेना में किए गए महत्त्वपूर्ण सुधारों पर जोर दिया। कमांडेंट ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष को कॉलेज में चल रही प्रशिक्षण गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। जनरल चौहान ने संयुक्त कौशल और अंतर-सेना समनव्य को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कॉलेज में फिलहाल 79 वां स्टाफ कोर्स चल रहा है। यह कोर्स 45 सप्ताह की अवधि का है।

## इजराइल इरेज क्रॉसिंग खोलेगा

वाशिंगटन। अमेरिका के बाइडेन प्रशासन ने गुरुवार देररात कहा कि इजराइल गाजा में सहायता के लिए इरेज क्रॉसिंग खोलने पर सहमत हो गया है। यह कदम एन्क्लेव में गंभीर मानवीय संकट पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की बढ़ती निराशा को कम करने के उद्देश्य से प्रतीत होता है।

## उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकी ढेर

श्रीनगर ।जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक और आतंकवादी को ढेर कर दिया। सेना के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। अधिकारियों ने बताया कि सहुरा नाला में घुसपैठ करने वाले समूह के खिलाफ कार्रवाई के दौरान आतंकवादी को ढेर कर दिया गया। अब दो आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल मारे गए आतंकवादी की पहचान की कोशिश हो रही है।

## यूपी में चुनाव प्रचार करेंगे संजय सिंह

नयी दिल्ली। आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने किसी भी उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतारा है। जमानत पर जेल से बाहर आए संजय सिंह इंडिया गठबंधन के पक्ष में पूरे दमखम से चुनाव प्रचार करते दिखेंगे। संजय सिंह ने कहा कि मैंने 6 महीने सलाखों के पीछे बिताए हैं, जिससे हमारा संकल्प और मजबूत हुआ है। हम इस संदेश को पूरे देश में लेकर जाएंगे।

# यूपीआइ से भी खातों में जमा होंगे रुपये

**एजेंसी**

▶▶ यूपीआइ एप के माध्यम से बैंक खाते को लिंक करके या किसी तीसरे पक्ष के यूपीआई एप्लिकेशन का उपयोग से किया जा सकता है : दास

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यूपीआई (एकीकृत भुगतान इंटरफेस) की बढ़ती लोकप्रियता और स्वीकार्यता को ध्यान में रखते हुए इस पर उपलब्ध सुविधाओं का विस्तार करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत अब ग्राहक यूपीआई के माध्यम से भी बैंक खातों में रुपये जमा करा सकेंगे।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि बैंकों द्वारा लगाई गईं नकदी जमा मशीनें (सीडीएम) बैंक शाखाओं पर नकदी-हैंडलिंग भार को कम करते हुए ग्राहक सुविधाओं को बढ़ाती हैं। नकद जमा की सुविधा वर्तमान में केवल डेबिट कार्ड के उपयोग के माध्यम से उपलब्ध है। यूपीआई की लोकप्रियता और स्वीकार्यता को देखते हुए तथा एटीएम पर कार्ड-रहित नकदी निकासी के लिए यूपीआई की उपलब्धता से देखे गए लाभों को ध्यान में रखते हुए अब यूपीआई के उपयोग के माध्यम से नकद जमा की सुविधा प्रदान करने का प्रस्ताव है। इस संबंध में आवश्यक निर्देश शीघ्र ही जारी किए जाएंगे।

श्री दास ने बताया कि वर्तमान में यूपीआई से भुगतान बैंक के यूपीआई ऐप के माध्यम से बैंक खाते को लिंक करके या किसी तीसरे पक्ष के यूपीआई एप्लिकेशन का उपयोग करके किया जा सकता है। हालांकि पीपीआई (प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स) के लिए वही सुविधा उपलब्ध नहीं है। पीपीआई का उपयोग वर्तमान में केवल पीपीआई जारी करने वाले के एप्लिकेशन का



उपयोग करके यूपीआई लेनदेन करने के लिए किया जा सकता है। पीपीआई ग्राहकों को और अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए अब तीसरे पक्ष के यूपीआई के इस्तेमाल के माध्यम से पीपीआई को जोड़ने की अनुमति देने का प्रस्ताव है। इससे पीपीआई धारक बैंक खाताधारकों की तरह यूपीआई भुगतान करने में सक्षम होंगे। गवर्नर ने बताया कि गैर-बैंक भुगतान प्रणाली ऑपरेटरों को सीबीडीसी वॉलेट की पेशकश करने और सीबीडीसी-खुदरा को उपयोगकर्ताओं के एक बड़े वर्ग के लिए सुलभ बनाने का प्रस्ताव है।

## लगातार सातवीं बार रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं, इएमआइ में राहत नहीं

**6.5 % पर बरकरार**

▶▶ 2024-25 में जीडीपी सात फीसदी रहने का अनुमान

**मुंबई।** रिजर्व बैंक की मॉनेटरी पॉलिसी कमिटी ने लगातार सातवीं बार रेपो रेट में कोई बदलाव ना करने का फैसला किया है। रेपो रेट पहले की तरह 6.5 फीसदी पर बना हुआ है। आरबीआई ने अपनी फरवरी की मौद्रिक नीति में एक अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। महंगाई को चार प्रतिशत पर लाने और वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से नीतिगत दर को यथावत रखा गया है। यह लगातार सातवां मौका है जबकि रेपो दर में बदलाव नहीं किया गया है। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने 2024-25 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर के सात प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया है। वहीं खुदरा मुद्रास्फीति के 2024-25 में 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा गया है। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में बदलाव की संभावना कम है।

## माधुरी दीक्षित ने पति के साथ गाया रोमांटिक गाना



**मुंबई।** अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के पति डॉ. श्रीराम नेने ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें माधुरी एड शीरन का गाना परफेक्ट' गाती नजर आ रही हैं। डॉ. नेने भी उनके साथ ये गाना गाते हैं। डॉ. ने कैप्शन दिया कि हमारे पसंदीदा गानों में से एक परफेक्ट गाने में हमेशा बहुत मजा आता है। इसके साथ ही उन्होंने एड शीरन को भी टैग किया है। डॉ. नेने और माधुरी के इस वीडियो पर फैंस जमकर लाइक्स और कमेंट्स कर रहे हैं।

झारखंड के लोकप्रिय हिंदी दैनिक अखबार
खबर मन्त्र के धनबाद संस्करण के प्रकाशन की हार्दिक बधाई
अर्पणा सेनगुप्ता
विधायक (निरसा)



झारखंड के लोकप्रिय हिंदी दैनिक अखबार
खबर मन्त्र के धनबाद संस्करण के प्रकाशन की हार्दिक बधाई
अरुप चटर्जी
पूर्व विधायक (निरसा)



झारखंड के लोकप्रिय हिंदी दैनिक अखबार
खबर मन्त्र के धनबाद संस्करण के प्रकाशन की हार्दिक बधाई
डब्लू बाउरी
न्यू वर्तमान अध्यक्ष
नगर परिषद ( चिरकुंडा)



झारखंड के लोकप्रिय हिंदी दैनिक अखबार
खबर मन्त्र के धनबाद संस्करण के प्रकाशन की हार्दिक बधाई
संदीप कुमार पासवान
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद (चिरकुंडा)



झारखंड के लोकप्रिय हिंदी दैनिक अखबार
खबर मन्त्र के धनबाद संस्करण के प्रकाशन की हार्दिक बधाई
श्री अरुण कुमार सिंह



▶▶ अध्यक्ष- राजपूत विचार मंच केंद्रीय कमेटी धनबाद जिला
▶▶ अध्यक्ष- श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंटर कॉलेज सिंदरी
▶▶ प्रधान संरक्षक - झारखंड स्टेट इंटर कॉलेज शिक्षक संघ (जिक्टा)
▶▶ जिला संरक्षक- श्री राजपूत करणी सेना

झारखंड के लोकप्रिय हिंदी दैनिक अखबार
खबर मन्त्र के धनबाद संस्करण के प्रकाशन की हार्दिक बधाई
अशोक मंडल
कार्यकारिणी सदस्य
झारखंड मुक्ति मोर्चा



# प्रधानमंत्री पद का फैसला घटक दल करेंगे : राहुल

## संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए है यह चुनाव

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी होने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह देश, लोकतंत्र एवं संविधान बचाने का चुनाव है तथा विपक्षी गठबंधन इंडिया की तरफ से प्रधानमंत्री कौन होगा, इस बारे में चुनाव में जीत के बाद घटक दल मिलकर फैसला करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास करने वालों और संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा करने का



प्रयास करने वालों के बीच है। राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि यह चुनाव बुनियादी रूप से अलग है। मुझे नहीं लगता कि संविधान और लोकतंत्र को इतना खतरा पहले कभी था जितना आज है। उन्होंने दावा किया कक एक तरफ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संविधान और लोकतंत्र पर आक्रमण कर रहे हैं, संस्थाओं पर कब्जा कर रहे हैं। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन है जो लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा करने के लिए है... यह देश, संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यह समझना होगा कि हिंदुस्तान के राजनीतिक ढांचे में क्या हो रहा है। आरएसएस, भाजपा और खासकर नरेन्द्र मोदी जी ने क्या बुनियाद बनाई है, सबसे पहले यह समझना होगा। जैसे विभिन्न कारोबारी क्षेत्रों में अडाणी का एकाधिकार है।

# आर्म्स एक्ट मामले में लालू के खिलाफ वारंट

**एजेंसी**

▶▶ करीब 26 साल से लंबित हथियारों की अवैध खरीद-फरोख्त से जुड़ा है मामला

▶▶ ग्वालियर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने बिहार के पूर्व सीएम के खिलाफ जारी किया गिरफ्तारी वारंट

**ग्वालियर।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को ग्वालियर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने शुक्रवार को गिरफ्तारी वांरट जारी किया है। यह मामला करीब 26 साल से लंबित हथियारों की अवैध खरीद-फरोख्त से जुड़ा है। साल 1995 में आर्म्स एक्ट के मामले में पुलिस जांच में लालू प्रसाद यादव का नाम सामने आया था। सुनवाई के दौरान साल 1998 में लालू को अदालत ने फरार घोषित किया था। यह फर्जीवाड़ा 23 अगस्त, 1995 से लेकर 15 मई 1997 के बीच किया गया था। यूपी की फर्म के संचालक राजकुमार शर्मा पर आरोप है कि उसने ग्वालियर की हथियारों की तीन कंपनियों से फर्जीवाड़ा कर 1995 से 1997 के बीच हथियार और कारतूस खरीदे थे। शर्मा ने हथियार और कारतूस बिहार में बेच दिए थे। इस मामले में लालू सहित 23 आरोपित नामजद हैं। इसमें से छह के खिलाफ ट्रायल चल रहा है, जबकि दो की मौत हो चुकी है। पुलिस ने इस मामले में जुलाई 1998 में आरोप पत्र दाखिल किया था। ग्वालियर की अदालत ने लालू इस मामले में 1998 में फरार घोषित किया था। एमपी-एमएलए कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर लालू को कोर्ट ने तलब किया है।

## विंध्याचल : नवरात्र मेला क्षेत्र में नहीं चलेंगे वाहन

**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्र में विंध्यधाम मेला क्षेत्र में पूर्णरूप से वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। मेला क्षेत्र के बाहर बने वाहन स्टैंड में ही वाहनों को खड़े करने की व्यवस्था रहेगी। जिला प्रशासन ने नवरात्र में प्रतिदिन आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया है। मेला क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक अस्थायी निजी वाहन स्टैंड बनाए जाएंगे। बरतर तिराहा, रेहड़ा चुंगी रेलवे पुलिया के पहले, पटेगरा नाला, मोतीझील मार्ग सहित अन्य स्थानों पर वाहन स्टैंड बनेंगे। वाहनों को खड़ा करने के पश्चात श्रद्धालुओं को विन्ध्यवासिनी मंदिर तक पैदल जाना पड़ेगा। सभी वाहन स्टैंडों से मंदिर की दूरी लगभग चार सौ से पांच सौ मीटर की है। पुलिस प्रशासन नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों पर जुर्माना लगाएगा।

# सूरत सीट पर लगातार 9वीं बार भाजपा का परचम

**महासमर**

▶▶ एक पूर्व प्रधानमंत्री से लेकर केंद्रीय मंत्रियों की रही है सीट

▶▶ पिछला चुनाव 5.48 लाख मतों से जीती थी भाजपा

**एजेंसी**

**सूरत।** हीरा और कपड़ा उद्योग से विश्व में अपनी चमक बिखेरने वाला सूरत राजनीतिक रूप से भी समृद्ध शहर रहा है। यहां से देश को प्रधानमंत्री और केन्द्रीय मंत्री भी मिले हैं। सूरत वह शहर है जहां एक जमाने में 84 देशों के साथ वाणिज्य-व्यापारिक संबंध जुड़े थे। अंग्रेजों की प्रथम व्यापारिक कोठी फैक्ट्री वर्ष 1608 में सूरत में खोली गई थी। इसके बाद अंग्रेजों ने भारत में पैर पसारना शुरू कर दिया था।

पिछले 9 लोकसभा चुनावों में भाजपा यहां से जीत रही है, इसलिए इसे भाजपा की सेफ सीट भी माना जाता है। भाजपा ने यहां अपने केन्द्रीय कपड़ा और रेल राज्य मंत्री दर्शना जरदोश का टिकट काट कर नवोदित मुकेश दलाल को टिकट दिया है। इससे पहले दलाल सूरत महानगर पालिका में कॉरपोरेटर थे। अभी वे भाजपा शहर महामंत्री हैं। मूल सूरती मोढ वणिक समाज से आने वाले मुकेश दलाल को इस चुनाव में कोई बड़ी चुनौती नहीं मिलने वाली है। कांग्रेस ने भी यहां से अपने एक पूर्व कॉरपोरेटर नीलेश कुंभाणी को टिकट दिया है। इससे पूर्व वे कामरेज विधानसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार थे, लेकिन उन्हें भाजपा उम्मीदवार प्रफुल पानसेरिया से हार का सामना करना पड़ा था। लगातार 9 लोकसभा चुनाव से सूरत सीट पर हार रही कांग्रेस यहां कुछ बेहतर कर पाएगी, इसकी उम्मीद कम ही है। लोगों की नजर इस बात पर टिकी है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी आर पाटिल की घोषणा के अनुसार सभी 26 सीटों पर 5 लाख मत की मार्जिन यहां रहती है या नहीं। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में इस सीट से भाजपा की दर्शना जरदोश ने जीत हासिल की थी। उन्होंने 795651 मत हासिल किए थे, जबकि कांग्रेस के अशोक पटेल को 247421 मत मिले थे। भाजपा ने कुल मतों का 75.21 फीसदी हासिल कर प्रतिद्वंदी कांग्रेस को 5,48,230 मतों से शिकस्त दी थी।

1989 में राणा ने दिलाई भाजपा को पहली जीत : वर्ष 1989 में सूरत सीट पर कांग्रेस के सी डी पटेल को हराकर काशीराम राणा ने भाजपा को पहली जीत दिलाई थी। इसके बाद वे लगातार 6 बार यहां से चुनाव जीतते रहे। 1998 में वे अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में केन्द्रीय कपड़ा मंत्री भी बने। वे वर्ष 2003 में केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री बने थे। उनकी पत्नी के पुष्पाबेन के नाम से सूरत में मेडिकल कॉलेज भी संचालित किया जाता है। सूरत में हवाईअड्डा बनाने में उनकी अहम भूमिका रही।

## मोरारजी देसाई पांच बार बने थे सांसद



भारत रत्न और देश के पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई सूरत लोकसभा सीट से वर्ष 1957 से लेकर 1977 तक 5 लगातार चुनाव जीते थे। इंदिरा गांधी ने जब आपातकाल हटाकर आम चुनाव की घोषणा की तो 1977 में मोरारजी देसाई बीएसडी से चुनाव लड़े और उन्होंने कांग्रेस के जशवंतसिंह चौहाण को हराया। देश में जनता पार्टी को बहुमत मिली तो मोरारजी देसाई देश के प्रधानमंत्री बने। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोरारजी देसाई ने देश के समक्ष कई चुनौतियों का डटकर सामाना किया। उन्होंने दक्षिण एशियाई पड़ोसी देशों के साथ संबंध को प्राथमिकता दी। पाकिस्तान के साथ भी संबंध सुधारने का प्रयास किया। वर्ष 1962 के बाद चीने के साथ भारत के संबंध बहुत खराब हो गए थे, लेकिन मोरारजी देसाई ने चीन के साथ भी सामान्य हालात बनाने में अहम भूमिका निभाई। जनता पार्टी में दोहरी सदस्यता को लेकर जनसंघ के साथ मतभेद होने के बाद 15 जुलाई 1979 को उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और इसके बाद 1980 में हुए आम चुनाव में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस फिर से सत्ता में लौट आई।

झारखंड के लोकप्रिय हिंदी दैनिक अखबार
खबर मन्त्र
के धनबाद संस्करण के प्रकाशन की
हार्दिक बधाई
एक शुभचिंतक

